Daksh®

No.1 BEST SELLER

2027

Topper's™

# राजस्थान G.K.

## सार संग्रह पर आधारित

## Chapter-wise

## PRACTICE QUESTION BANK

100% नये पैटर्न के प्रश्न (व्याख्या सहित)

**राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी पुस्तक**

- सामान्य परिचय
- भूगोल
- अर्थव्यवस्था
- इतिहास
- कला एवं संस्कृति
- राजव्यवस्था

अभिकथन और कारण आधारित प्रश्न

सूची मिलान आधारित प्रश्न

बहुकथन आधारित प्रश्न

कूट आधारित प्रश्न

कालानुक्रमिक क्रम आधारित प्रश्न



Buy Online at :
WWW.DAKSHBOOKS.COM

दक्ष®

Daksh®

*Topper's*

# राजस्थान G.K.

# सार संग्रह पर आधारित

## Chapterwise

## PRACTICE QUESTION BANK

### 100% नये पैटर्न के प्रश्न (व्याख्या सहित)

**राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी पुस्तक**

- सामान्य परिचय
- भूगोल
- अर्थव्यवस्था
- इतिहास
- कला एवं संस्कृति
- राजव्यवस्था

अभिकथन और कारण आधारित प्रश्न

सूची मिलान आधारित प्रश्न

बहुकथन आधारित प्रश्न

कूट आधारित प्रश्न

कालानुक्रमिक क्रम आधारित प्रश्न

लेखकगण

ओम प्रकाश यादव • एच. चारण

DAKSH PUBLICATIONS
(A Unit of College Book Centre)
WWW.DAKSHBOOKS.COM

# अनुक्रमणिका


| अध्याय नं. | अध्याय का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | **Part-A** | |
| | **राजस्थान का भूगोल एवं अर्थव्यवस्था [Geography and Economics of Rajasthan]** | **5–194** |
| 1 | राजस्थान के नवीन जिले एवं संभागीय व्यवस्था | 5 |
| 2 | राजस्थान : सामान्य परिचय | 10 |
| 3 | राजस्थान की अवस्थिति एवं विस्तार | 21 |
| 4 | राजस्थान के भू-आकृतिक प्रदेश | 25 |
| 5 | राजस्थान की जलवायु एवं मानसून तंत्र | 35 |
| 6 | राजस्थान में जल संसाधन : नदियाँ, झीलें, बाँध एवं सरोवर | 42 |
| 7 | राजस्थान में सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण की तकनीकें | 57 |
| 8 | राजस्थान में मृदा संसाधन | 68 |
| 9 | राजस्थान में प्राकृतिक वनस्पति | 73 |
| 10 | राजस्थान में जैव विविधता, वन्य जीव जन्तु एवं वन्य जीव संरक्षण | 83 |
| 11 | राजस्थान की जनसंख्या : वृद्धि, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात | 91 |
| 12 | राजस्थान की प्रमुख जनजातियाँ; भौगोलिक वितरण एवं विशेषताएँ | 102 |
| 13 | राजस्थान में पारिस्थितिकी संकट के मुद्दे एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास | 110 |
| 14 | राजस्थान में खनिज संसाधन | 114 |
| 15 | राजस्थान में पर्यटन का विकास; पर्यटन केन्द्र एवं परिपथ | 122 |
| 16 | राजस्थान में परिवहन के साधन | 134 |
| 17 | राजस्थान में कृषि परिदृश्य : प्रमुख फसलें, कृषिक्षेत्र की वर्तमान स्थिति एवं कृषि विपणन | 141 |
| 18 | राजस्थान में पशु संपदा एवं डेयरी विकास | 152 |
| 19 | राजस्थान के ऊर्जा संसाधन : परम्परागत एवं गैर-परम्परागत | 161 |
| 20 | राजस्थान में औद्योगिक विकास; प्रमुख उद्योग व नव प्रवृतियाँ | 167 |
| 21 | राजस्थान में सहकारिता आंदोलन | 178 |
| 22 | राजस्थान में गरीबी एवं बेरोजगारी की स्थिति | 182 |
| 23 | राज्य में सामाजिक-आर्थिक कल्याणकारी योजनाएँ | 185 |
| | **Part-B** | |
| | **राजस्थान का इतिहास [History of Rajasthan]** | **195–292** |
| 1 | राजस्थान के इतिहास के महत्त्वपूर्ण स्रोत | 195 |
| 2 | प्रागैतिहासिक राजस्थान : राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएँ | 201 |

अध्याय नं. अध्याय का नाम ........ पृष्ठ संख्या

3 राजस्थान की महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ एवं प्रमुख राजवंश ........ 207
4 मध्यकालीन राजवंशों की प्रशासनिक व राजव्यवस्था ........ 237
5 1857 की क्रांति में राजस्थान का योगदान ........ 243
6 राजस्थान में सामाजिक और राजनीतिक जागरण के कारक ........ 248
7 राजस्थान में किसान व जनजातीय आंदोलन ........ 253
8 देशी रियासतों में प्रजामण्डल आन्दोलन ........ 262
9 राजस्थान का एकीकरण ........ 267
10 राजस्थान के महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल ........ 273
11 राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व ........ 280

**Part-C**

**राजस्थान की कला एवं संस्कृति [Art & Culture of Rajasthan] ...... 293–374**

1 राजस्थान की स्थापत्य कला ........ 293
2 राजस्थान में चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ ........ 310
3 राजस्थान में प्रमुख हस्तशिल्प ........ 317
4 राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा एवं विरासत-वस्त्र एवं आभूषण, रीति-रिवाज .. 322
5 राजस्थान के मेले व त्योहार ........ 329
6 राजस्थान में लोक संगीत एवं वाद्य यंत्र ........ 337
7 राजस्थान के लोक नृत्य एवं नाट्य ........ 343
8 राजस्थान के धार्मिक आंदोलन : प्रमुख लोक संत एवं सम्प्रदाय ........ 349
9 राजस्थान के प्रमुख लोक-देवता एवं देवियाँ ........ 354
10 राजस्थानी भाषा एवं क्षेत्रीय बोलियाँ ........ 361
11 राजस्थानी साहित्य का विकास ........ 367

**Part-D**

**राजस्थान की राजनीति एवं प्रशासन [Polity & Administration of Rajasthan] .... 375–432**

1 राज्यपाल ........ 375
2 मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद ........ 382
3 राज्य विधानसभा ........ 387
4 राजस्थान उच्च न्यायालय ........ 394
5 राज्य सचिवालय एवं मुख्य सचिव ........ 399
6 जिला प्रशासन ........ 403
7 राजस्थान के विभिन्न आयोग एवं संस्थाएँ ........ 407
8 स्थानीय स्वशासन-पंचायती राज एवं नगरीय स्वशासन ........ 418
9 लोकनीति; विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार पत्र ........ 425

# 1 राजस्थान के नवीन जिले एवं संभागीय व्यवस्था [New District & Divisional System of Rajasthan]

**1. राजस्थान में जिलों के गठन के संदर्भ में निम्नलिखित सूची-1 (जिले) को सूची-2 (गठन की तिथि) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. धौलपुर | 1. 10 अप्रैल 1991 |
| b. बारां | 2. 15 अप्रैल 1982 |
| c. हनुमानगढ़ | 3. 19 जुलाई 1997 |
| d. करौली | 4. 12 जुलाई 1994 |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. राजस्थान में निम्नलिखित जिलों को उनके गठन के क्रमानुसार (सबसे पहले से सबसे बाद में) व्यवस्थित करें:**
a. करौली b. प्रतापगढ़
c. राजसमंद d. धौलपुर
e. हनुमानगढ़
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, c, d, e (B) d, c, e, a, b
(C) d, e, c, b, a (D) c, d, a, e, b

**3. राजस्थान की संभागीय व्यवस्था के इतिहास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. 1949 ई. में हीरालाल शास्त्री सरकार द्वारा 5 संभाग बनाकर संभागीय व्यवस्था की शुरुआत की गई।
2. 1962 में मोहनलाल सुखाड़िया सरकार ने संभागीय व्यवस्था को बंद कर दिया था।
3. 1987 में हरिदेव जोशी ने अजमेर को 6वां संभाग बनाकर इस व्यवस्था को पुनः प्रारम्भ किया।
4. 4 जून 2005 को वसुंधरा राजे सरकार द्वारा भरतपुर को राज्य का 8वां संभाग बनाया गया।

**उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**
**अभिकथन (A):** वर्तमान में राजस्थान में कुल जिलों की संख्या 41 रह गई है।
**कारण (R):** 29 दिसम्बर 2024 को जारी अधिसूचना के अनुसार 5 अगस्त 2023 को गठित 19 जिलों में से 9 जिलों को निरस्त करते हुए उन्हें मूल जिलों में शामिल कर दिया गया है।
**सही विकल्प का चयन करें:**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**5. नवगठित जिलों और उनके पुनर्गठन के मूल जिलों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (नवगठित जिले) | List-2 (मूल जिले) |
|---|---|
| a. डीडवाना-कुचामन | 1. भरतपुर |
| b. डीग | 2. अलवर |
| c. खैरथल-तिजारा | 3. जयपुर, अलवर |
| d. कोटपूतली-बहरोड़ | 4. नागौर |

कूट: (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-3, b-4, c-2, d-1

**6. देश में सर्वाधिक जिलों वाले राज्यों को उनके जिलों की संख्या के आधार पर अवरोही क्रम (अधिक से कम) में व्यवस्थित करें:**
a. राजस्थान b. उत्तर प्रदेश
c. तमिलनाडु d. मध्य प्रदेश
e. महाराष्ट्र
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, d, a, c, e (B) b, a, d, c, e
(C) a, b, d, e, c (D) d, b, a, e, c

**7. 29 दिसम्बर 2024 की अधिसूचना के तहत निम्नलिखित में से किन नवीन जिलों को निरस्त कर दिया गया है?**
1. अनूपगढ़ 2. बालोतरा
3. सांचौर 4. शाहपुरा
5. फलोदी
**सही विकल्प का चयन करें:**
(A) 1, 2 और 5 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 4 और 5 (D) 1, 2, 3 और 4

**8. राजस्थान के वर्तमान संभागों और उनमें शामिल जिलों की संख्या के संबंध में सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (संभाग) | List-2 (जिलों की संख्या) |
|---|---|
| a. जोधपुर | 1. 7 जिले |
| b. उदयपुर | 2. 6 जिले |
| c. अजमेर | 3. 8 जिले |
| d. बीकानेर | 4. 4 जिले |

कूट: (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**9. वर्तमान जोधपुर संभाग में निम्नलिखित में से कौन-से जिले शामिल हैं?**
a. बाड़मेर b. बालोतरा
c. फलोदी d. सांचौर
e. सिरोही
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, c, d (B) a, b, d, e
(C) a, b, c, e (D) b, c, d, e

**10. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**
**अभिकथन (A):** नवीन जिले बनने के बाद भारत में जिलों की संख्या के आधार पर राजस्थान तीसरा सर्वाधिक जिलों वाला राज्य बन गया है।
**कारण (R):** राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3.42 लाख वर्ग कि.मी. है,

जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से अधिक है।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**11. राजस्थान के 33वें जिले प्रतापगढ़ के संबंध में सही कथन/कथनों का चयन करें:**

1. 26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ को राजस्थान का 33वां जिला बनाया गया था।
2. इस जिले का गठन तीन जिलों - उदयपुर, बांसवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ का पुनर्गठन करके किया गया था।
3. यह जिला वर्तमान में उदयपुर संभाग के अंतर्गत आता है।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**12. राजस्थान के एकीकरण और जिलों के प्रारंभिक गठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वर्ष 1949 में राजस्थान के गठन के समय राज्य में कुल 25 जिले थे।
2. 1 नवम्बर 1956 को एकीकरण के अंतिम चरण में राजस्थान में जिलों की संख्या 26 हो गई थी।
3. राज्य का 26वां जिला अजमेर को बनाया गया था।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**13. देश के सर्वाधिक जिलों वाले राज्यों को उनके कुल क्षेत्रफल (लाख वर्ग कि.मी. में) के आधार पर अवरोही क्रम (अधिक से कम) में व्यवस्थित करें:**

a. राजस्थान b. मध्य प्रदेश
c. महाराष्ट्र d. उत्तर प्रदेश

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**

(A) a, b, c, d (B) b, a, d, c
(C) a, c, b, d (D) b, c, a, d

**14. निम्नलिखित सूची-1 (संभाग) को सूची-2 (उनमें शामिल जिलों) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. जयपुर | 1. सवाई माधोपुर, करौली, डीग |
| b. भरतपुर | 2. अलवर, दौसा, खैरथल-तिजारा |
| c. कोटा | 3. डूंगरपुर, राजसमन्द, सलूम्बर |
| d. उदयपुर | 4. बारां, बून्दी, झालावाड़ |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**15. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**

**अभिकथन (A):** वर्तमान संभागीय व्यवस्था में जोधपुर राजस्थान का सबसे बड़ा संभाग है।

**कारण (R):** जोधपुर संभाग में 8 जिले (जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालोर, पाली, फलोदी, सिरोही) शामिल हैं।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**16. पुनर्गठित जयपुर जिले की तहसीलों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी तहसीलें इसमें शामिल हैं?**

1. सांगानेर 2. चाकसू
3. किशनगढ़ रेनवाल 4. माधोराजपुरा
5. शाहपुरा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कूट का चयन करें:**

(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 4 और 5
(C) केवल 1, 3, 4 और 5 (D) 1, 2, 3, 4 और 5

**17. नवगठित सलूम्बर और गंगापुरसिटी जिलों के मूल जिलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?**

(A) सलूम्बर (बांसवाड़ा से) और गंगापुरसिटी (सवाई माधोपुर से)
(B) सलूम्बर (उदयपुर से) और गंगापुरसिटी (सवाई माधोपुर, करौली से)
(C) सलूम्बर (प्रतापगढ़ से) और गंगापुरसिटी (करौली, भरतपुर से)
(D) सलूम्बर (उदयपुर से) और गंगापुरसिटी (भरतपुर से)

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा/से जिला-तहसील युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| List-1 (जिला) | List-2 (तहसील) |
|---|---|
| 1. टोंक | मालपुरा |
| 2. सीकर | दातारामगढ़ |
| 3. बीकानेर | खाजूवाला |
| 4. भीलवाड़ा | आसीन्द |
| 5. झुंझुनूं | रूपनगढ़ |

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) केवल 1 (B) केवल 3 और 4
(C) केवल 5 (D) केवल 2 और 5

**19. नवगठित खैरथल-तिजारा जिले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसका गठन अलवर जिले का पुनर्गठन करके किया गया है।
2. इस जिले में 5 उपखण्ड एवं 7 तहसीलें शामिल हैं।
3. कोटकासिम और टपूकड़ा इस जिले के उपखण्ड हैं।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 (D) 1, 2 और 3

**20. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**

**अभिकथन (A):** 1 नवम्बर 1956 के पश्चात् 15 अप्रैल 1982 को पहली बार किसी नए जिले का गठन किया गया था.

**कारण (R):** 15 अप्रैल 1982 को सवाई माधोपुर से अलग होकर धौलपुर राज्य का 27वां जिला बना था।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**21. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**

**अभिकथन (A):** वर्तमान में नीम का थाना राजस्थान के एक स्वतंत्र जिले के रूप में अस्तित्व में नहीं है।

**कारण (R):** 29 दिसम्बर 2024 की अधिसूचना द्वारा नीम का थाना को निरस्त कर सीकर और झुंझुनूं जिलों में मिला दिया गया है।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**22. राजस्थान के संभागों और उनमें शामिल जिलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(A) बीकानेर संभाग - चूरू
(B) भरतपुर संभाग - करौली
(C) कोटा संभाग - बारां
(D) जयपुर संभाग - सवाई माधोपुर

**23. वर्तमान अजमेर संभाग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अजमेर संभाग में नवगठित ब्यावर और डीडवाना-कुचामन जिले शामिल हैं।
2. इस संभाग में भीलवाड़ा, नागौर और टोंक जिले भी शामिल हैं।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**24. पुनर्गठित जिलों को उनमें शामिल उपखण्डों की संख्या के आधार पर आरोही क्रम (सबसे कम से सर्वाधिक) में व्यवस्थित करें:**

a. बीकानेर
b. जयपुर
c. अजमेर
d. जोधपुर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**

(A) a, d, c, b
(B) d, a, c, b
(C) a, c, d, b
(D) b, c, d, a

**25. पुनर्गठित जोधपुर जिले में सम्मिलित तहसीलों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:**

1. लूणी
2. बिलाड़ा
3. पीपाड़सिटी
4. ओसियाँ
5. शेरगढ़

**उपरोक्त में से कौन-सी तहसीलें जोधपुर जिले का भाग हैं?**

(A) केवल 1, 2 और 4
(B) केवल 2, 3 और 5
(C) केवल 1, 3, 4 और 5
(D) 1, 2, 3, 4 और 5

**26. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**

**अभिकथन (A):** वर्तमान में जयपुर संभाग में जिलों की कुल संख्या 7 है।

**कारण (R):** जयपुर संभाग में जयपुर, अलवर, दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, झुंझुनूं और सीकर जिले शामिल हैं।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**27. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है:**

**अभिकथन (A):** वर्तमान में राजस्थान राज्य में संभागों की कुल संख्या 7 है।

**कारण (R):** 7 अगस्त 2023 को गठित 3 नए संभागों (बांसवाड़ा, सीकर एवं पाली) को 29 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर दिया गया था।

**सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**28. राजस्थान के संभागों और उनमें शामिल जिलों की संख्या के आधार पर सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (संभाग) | List-2 (जिलों की कुल संख्या) |
|---|---|
| a. कोटा | 1. 5 जिले |
| b. भरतपुर | 2. 7 जिले |
| c. जयपुर | 3. 6 जिले |
| d. अजमेर | 4. 4 जिले |

**कूट:**
(A) a-4, b-1, c-2, d-3
(B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-1, d-3
(D) a-3, b-1, c-4, d-2

**29. नवगठित डीग जिले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसका गठन केवल भरतपुर जिले के पुनर्गठन से किया गया है।
2. इस जिले में 6 उपखण्ड एवं 9 तहसीलें हैं।
3. नगर और पहाड़ी डीग जिले के उपखण्ड हैं।

**उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2 और 3

**30. उदयपुर संभाग में शामिल वर्तमान जिलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से विकल्प सही है/हैं?**

1. बांसवाड़ा
2. चित्तौड़गढ़
3. राजसमन्द
4. सलूम्बर
5. प्रतापगढ़

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**

(A) केवल 1, 2 और 4
(B) केवल 2, 3 और 5
(C) केवल 1, 3, 4 और 5
(D) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.**(A) | **2.**(B) | **3.**(A) | **4.**(A) | **5.**(A) | **6.**(A) | **7.**(B) | **8.**(B) | **9.**(C) | **10.**(B) |
| **11.**(D) | **12.**(D) | **13.**(A) | **14.**(A) | **15.**(A) | **16.**(D) | **17.**(B) | **18.**(C) | **19.**(D) | **20.**(C) |
| **21.**(A) | **22.**(D) | **23.**(C) | **24.**(A) | **25.**(D) | **26.**(A) | **27.**(A) | **28.**(A) | **29.**(D) | **30.**(D) |

## व्याख्या

**1. (A)**

❖ **15 अप्रैल 1982** को भरतपुर से अलग होकर **धौलपुर** राज्य का **27वां जिला** बना।

❖ **10 अप्रैल 1991** को कोटा से पृथक करके **बारां** को **28वां जिला** बनाया गया (इसी दिन दौसा व राजसमंद भी बने)।

❖ **12 जुलाई 1994** को श्रीगंगानगर से विभाजित करके **हनुमानगढ़** को **31वां जिला** बनाया गया।

❖ **19 जुलाई 1997** को सवाई माधोपुर से अलग करके **करौली** को **32वां जिला** बनाया गया।

**2. (B)**

❖ **धौलपुर** का गठन **15 अप्रैल 1982** (27वां जिला) को हुआ।

❖ **राजसमंद** का गठन **10 अप्रैल 1991** (30वां जिला) को हुआ।

❖ **हनुमानगढ़** का गठन **12 जुलाई 1994** (31वां जिला) को हुआ।

❖ **करौली** का गठन **19 जुलाई 1997** (32वां जिला) को हुआ।

❖ **प्रतापगढ़** का गठन **26 जनवरी 2008** (33वां जिला) को हुआ।

**3. (A)**

❖ **1949 ई.** में **हीरालाल शास्त्री सरकार** ने **5 संभाग** बनाए थे।

❖ **1962** में **मोहनलाल सुखाड़िया सरकार** ने संभागीय व्यवस्था को बंद कर दिया था।

❖ **वर्ष 1987** में मुख्यमंत्री **हरिदेव जोशी** ने **अजमेर** को 6वां **संभाग** बनाकर इसे पुनः प्रारम्भ किया।

❖ **4 जून 2005** को **वसुंधरा राजे सरकार** द्वारा **भरतपुर** को राज्य का **7वां संभाग** (न कि 8वां) बनाया गया था।

**4. (A)**

❖ **7 अगस्त 2023** को 19 नए जिलों के गठन के बाद राजस्थान में कुल **50 जिले** हो गए थे।

❖ **29 दिसम्बर 2024** को राजस्थान सरकार ने **9 नए जिलों को निरस्त** कर उनके उपखण्डों व तहसीलों को मूल जिलों में मिला दिया।

❖ इस पुनर्गठन के कारण राज्य में वर्तमान में जिलों की संख्या पुनः **41** हो गई है।

**5. (A)**

❖ **डीडवाना–कुचामन** जिले का गठन **नागौर** जिले के पुनर्गठन से किया गया है।

❖ **डीग** जिले का गठन **भरतपुर** जिले के पुनर्गठन से हुआ है।

❖ **खैरथल–तिजारा** का निर्माण **अलवर** जिले से किया गया है।

❖ **कोटपूतली–बहरोड़** का निर्माण **जयपुर और अलवर** दोनों जिलों के पुनर्गठन से किया गया है।

**6. (A)**

❖ **उत्तर प्रदेश** में सर्वाधिक **75 जिले** हैं।

❖ **मध्य प्रदेश** में **53 जिले** हैं।

❖ **राजस्थान** वर्तमान में **41 जिलों** के साथ तीसरे स्थान पर है।

❖ **तमिलनाडु** में **38 जिले** हैं।

❖ **महाराष्ट्र** में **36 जिले** हैं।

**7. (B)**

❖ 29 दिसम्बर 2024 को 9 नवीन जिलों को निरस्त किया गया जिनमें **अनूपगढ़, दूदू, जयपुर ग्रामीण, गंगापुर सिटी, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीमकाथाना, सांचौर** और **शाहपुरा** शामिल हैं।

❖ **बालोतरा** और **फलोदी** जिलों को निरस्त नहीं किया गया है; ये यथावत नवीन जिले बने हुए हैं।

**8. (A)**

❖ **जोधपुर संभाग** में सर्वाधिक **8 जिले** (जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालोर, पाली, फलोदी, सिरोही) हैं।

❖ **उदयपुर संभाग** में **7 जिले** (उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमन्द, सलूम्बर) हैं।

❖ **अजमेर संभाग** में **6 जिले** (अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, नागौर, टोंक) हैं।

❖ **बीकानेर संभाग** में **4 जिले** (बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर) हैं।

**9. (C)**

❖ **जोधपुर संभाग** में 8 जिले शामिल हैं: जोधपुर, **बाड़मेर, बालोतरा**, जैसलमेर, जालोर, पाली, **फलोदी** और **सिरोही**।

❖ **सांचौर** जिले को 29 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर पुनः जालोर जिले में मिला दिया गया है, अतः इसका स्वतंत्र जिले के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया है।

**10. (B)**

❖ **अभिकथन (A) सही है** क्योंकि राजस्थान (41 जिले) वर्तमान में उत्तर प्रदेश (75) और मध्य प्रदेश (53) के बाद देश में **तीसरे स्थान** पर है।

❖ **कारण (R) भी सही है** क्योंकि राजस्थान का क्षेत्रफल (3.42 लाख वर्ग कि.मी.) उत्तर प्रदेश (2.40 लाख) और मध्य प्रदेश (3.08 लाख) से अधिक है।

❖ हालांकि, जिलों की संख्या राज्य के क्षेत्रफल पर सीधे निर्भर नहीं होती, यह प्रशासनिक आवश्यकता पर आधारित होती है, इसलिए **कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता** है।

**11. (D)**

❖ **26 जनवरी 2008** को प्रतापगढ़ राज्य का **33वां जिला** बना।

❖ इसका गठन **उदयपुर, बांसवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़** की तहसीलों को मिलाकर किया गया था।

❖ वर्तमान संभागीय व्यवस्था में प्रतापगढ़ **उदयपुर संभाग** (जिसमें 7 जिले हैं) का हिस्सा है।

**12. (D)**

❖ **वर्ष 1949** में राजस्थान गठन के समय राज्य में **25 जिले** अस्तित्व में थे।

❖ **1 नवम्बर 1956** को एकीकरण के अंतिम चरण के दौरान राज्य में **26 जिले** हो गए थे।

❖ राज्य का **26वां जिला अजमेर** को बनाया गया था।

**13. (A)**

❖ **राजस्थान** का कुल क्षेत्रफल सर्वाधिक **3.42 लाख वर्ग कि.मी.** है।

❖ **मध्य प्रदेश** का कुल क्षेत्रफल **3.08 लाख वर्ग कि.मी.** है।

❖ **महाराष्ट्र** का कुल क्षेत्रफल **3.07 लाख वर्ग कि.मी.** है।

❖ **उत्तर प्रदेश** का कुल क्षेत्रफल **2.40 लाख वर्ग कि.मी.** है।

**14. (A)**

❖ **जयपुर संभाग** में जयपुर, **अलवर, दौसा, खैरथल–तिजारा**, कोटपूतली–बहरोड़ आदि जिले शामिल हैं।

- **भरतपुर संभाग** में भरतपुर, धौलपुर, **सवाई माधोपुर, करौली, डीग** जिले आते हैं।
- **कोटा संभाग** में कोटा, **बारां, बून्दी, झालावाड़** जिले शामिल हैं।
- **उदयपुर संभाग** में उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, **डूंगरपुर, राजसमन्द, सलूम्बर** और प्रतापगढ़ शामिल हैं।

**15. (A)**
- **जोधपुर संभाग** में जिलों की संख्या सर्वाधिक **8** है, जिसके कारण यह राज्य का **सबसे बड़ा संभाग** बन गया है।
- इसमें शामिल जिले **जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालोर, पाली, फलोदी और सिरोही** हैं।

**16. (D)**
- पुनर्गठित **जयपुर** जिले में 21 तहसीलें शामिल हैं।
- इनमें **सांगानेर, चाकसू, किशनगढ़ रेनवाल, माधोराजपुरा** और **शाहपुरा** (निरस्त होने के बाद वापस शामिल) सभी तहसीलें जयपुर जिले का ही हिस्सा हैं।

**17. (B)**
- **सलूम्बर** नवगठित जिले का निर्माण **उदयपुर** जिले के पुनर्गठन से किया गया था।
- **गंगापुरसिटी** जिले का निर्माण **सवाई माधोपुर और करौली** जिलों के पुनर्गठन से किया गया था (हालांकि बाद में गंगापुर सिटी को निरस्त कर वापस मूल जिलों में मिला दिया गया)।

**18. (C)**
- **टोंक** में **मालपुरा** तहसील शामिल है।
- **सीकर** में **दातारामगढ़** तहसील शामिल है।
- **बीकानेर** में **खाजूवाला** तहसील शामिल है।
- **भीलवाड़ा** में **आसीन्द** तहसील शामिल है।
- **रूपनगढ़** तहसील **अजमेर** जिले में स्थित है, न कि झुंझुनूं में। झुंझुनूं में मण्डावा, चिड़ावा, उदयपुरवाटी आदि तहसीलें हैं।

**19. (D)**
- **खैरथल–तिजारा** जिले का गठन **अलवर** जिले से किया गया है।
- इसमें **5 उपखण्ड** एवं **7 तहसीलें** हैं।
- इसके 5 उपखण्ड: **तिजारा, किशनगढ़बास, कोटकासिम, टपूकड़ा** और **मुंडावर** हैं।

**20. (C)**
- **अभिकथन (A) सही है** क्योंकि 1 नवम्बर 1956 (26 जिले) के बाद **15 अप्रैल 1982** को ही अगला जिला (27वां) गठित हुआ था।
- **कारण (R) गलत है** क्योंकि धौलपुर राज्य का 27वां जिला **भरतपुर से अलग होकर** बना था, न कि सवाई माधोपुर से (सवाई माधोपुर से करौली अलग हुआ था)।

**21. (A)**
- **नीम का थाना** जिले का गठन 7 अगस्त 2023 को किया गया था।
- **29 दिसम्बर 2024** को राज्य सरकार ने इसे **निरस्त** कर दिया और इसके उपखण्डों/तहसीलों को वापस उनके मूल जिलों **सीकर और झुंझुनूं** में मिला दिया।

**22. (D)**
- **बीकानेर संभाग** में बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर शामिल हैं।
- **भरतपुर संभाग** में भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर शामिल हैं।
- **कोटा संभाग** में कोटा, बारां, बून्दी, झालावाड़ शामिल हैं।
- **सवाई माधोपुर** जिला **भरतपुर संभाग** का हिस्सा है, न कि जयपुर संभाग का। जयपुर संभाग में जयपुर, अलवर, दौसा, कोटपूतली–बहरोड़ आदि जिले आते हैं।

**23. (C)**
- **अजमेर संभाग** में कुल 6 जिले शामिल हैं।
- इनमें अजमेर, **भीलवाड़ा, ब्यावर, डीडवाना–कुचामन, नागौर** और **टोंक** जिले आते हैं।

**24. (A)**
- **बीकानेर** जिले में **9 उपखण्ड** हैं।
- **जोधपुर** जिले में **10 उपखण्ड** हैं।
- **अजमेर** जिले में **11 उपखण्ड** हैं।
- **जयपुर** जिले में सर्वाधिक **16 उपखण्ड** हैं।

**25. (D)**
- पुनर्गठित **जोधपुर** जिले में कुल 10 उपखण्ड और 14 तहसीलें हैं।
- इनमें जोधपुर, कुड़ीभगतासनी, **लूणी, बिलाड़ा**, भोपालगढ़, **पीपाड़सिटी, ओसियाँ, शेरगढ़**, बालेसर आदि सभी तहसीलें शामिल हैं।

**26. (A)**
- **जयपुर संभाग** में वर्तमान में **7 जिले** शामिल हैं।
- इनमें **जयपुर, अलवर, दौसा, कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा, झुंझुनूं और सीकर** जिले आते हैं। (सीकर संभाग निरस्त होने के बाद सीकर और झुंझुनूं पुनः इसमें आ गए हैं)।

**27. (A)**
- **7 अगस्त 2023** को राज्य में 3 नए संभाग (**बांसवाड़ा, सीकर, पाली**) बनाए गए थे जिससे कुल संभाग 10 हो गए थे।
- **29 दिसम्बर 2024** को राज्य सरकार ने इन तीनों संभागों को **निरस्त** कर दिया और उनके जिलों को मूल संभागों में मिला दिया।
- इस कारण वर्तमान में राजस्थान में पुनः **7 संभाग** अस्तित्व में हैं।

**28. (A)**
- **कोटा संभाग** में कुल **4 जिले** (कोटा, बारां, बून्दी, झालावाड़) हैं।
- **भरतपुर संभाग** में कुल **5 जिले** (भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर) हैं।
- **जयपुर संभाग** में कुल **7 जिले** (जयपुर, अलवर, दौसा, कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा, झुंझुनूं, सीकर) हैं।
- **अजमेर संभाग** में कुल **6 जिले** (अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, डीडवाना–कुचामन, नागौर, टोंक) हैं।

**29. (D)**
- **डीग** जिले का निर्माण **भरतपुर** जिले को पुनर्गठित कर किया गया है।
- इसमें कुल **6 उपखण्ड** (डीग, कुम्हेर, नगर, सीकरी, कामां, पहाड़ी) और **9 तहसीलें** शामिल हैं।
- **नगर** और **पहाड़ी** दोनों ही इसके उपखण्डों की सूची में शामिल हैं।

**30. (D)**
- **उदयपुर संभाग** में कुल 7 जिले शामिल हैं।
- इसके अंतर्गत उदयपुर, **बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़**, डूंगरपुर, **प्रतापगढ़, राजसमन्द** और **सलूम्बर** जिले आते हैं। (बांसवाड़ा संभाग निरस्त होने के बाद बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ पुनः इसी में आ गए हैं)।

# 2 राजस्थान : सामान्य परिचय [Rajasthan : General Introduction]

**1. सूची-I (प्राचीन नाम) को सूची-II (वर्तमान स्थान) के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| **List-1** | **List-2** |
|---|---|
| a. शूरसेन | 1. बाड़मेर, जालौर का कच्छ के रन को स्पर्श करता क्षेत्र |
| b. वागड़ | 2. भरतपुर-डीग-करौली-धौलपुर क्षेत्र |
| c. नेहड़ | 3. डूंगरपुर, बाँसवाड़ा का क्षेत्र |
| d. बांगड़ | 4. अरावली के पश्चिम में पाली, नागौर, डीडवाना-कुचामन, सीकर, झुंझुनूं का क्षेत्र |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-1, d-4 (B) a-3, b-2, c-4, d-1
(C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-4, b-3, c-1, d-2

**2. राजस्थान शब्द के उत्पत्ति और प्रयोग के संदर्भ में निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए:**

**अभिकथन (A):** 1800 ई.में जॉर्ज थॉमस द्वारा इस भू-भाग के लिए सर्वप्रथम राजपूताना शब्द का प्रयोग किया गया।

**कारण (R):** मुहणौत नैणसी री ख्यात और वीरभान रचित राजस्थान (1731 ई.) ग्रंथों में राजस्थान शब्द का प्रयोग एक स्पष्ट भौगोलिक इकाई के रूप में किया गया था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्थान के राज्य प्रतीकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. गोडावण को 21 मई 1981 को राज्य पक्षी घोषित किया गया।
2. रोहिड़ा का वैज्ञानिक नाम प्रोसोपिस सिनेरिया है।
3. बास्केटबॉल को 1948 में राज्य खेल का दर्जा दिया गया।
4. ऊँट को 19 सितम्बर 2014 को पशुधन (पालतू) श्रेणी में राज्य पशु घोषित किया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. सूची-I (रियासत) को सूची-II (स्वतंत्रता पूर्व राजवाक्य) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| **List-1** | **List-2** |
|---|---|
| a. मेवाड़ | 1. यतोधर्म्मस्ततो जयः |
| b. जयपुर | 2. रणबंका राठौड़ |
| c. जोधपुर | 3. जो दृढ़ राखे धर्म को, तिहि राखे करतार |
| d. बीकानेर | 4. जय जंगलधर बादशाह |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**5. राजस्थान के प्रमुख नगरों और उनके संस्थापकों के आधार पर नगरों की स्थापना का सही कालानुक्रम (प्राचीन से नवीन) चुनें:**

a. अजयमेरु (अजमेर) b. बीकानेर
c. जयपुर d. जैसलमेर
e. जोधपुर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, b, d, e, c (B) a, d, e, b, c
(C) d, a, e, c, b (D) a, d, b, e, c

**6. राजस्थान की आर्थिक समीक्षा 2025-26 और बजट 2026-27 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. प्रचलित मूल्यों पर राज्य की प्रति व्यक्ति आय 202,349 अनुमानित है।
2. वर्ष 2025-26 में राज्य के सकल राज्य मूल्य वर्धन (प्रचलित मूल्यों पर) में सर्वाधिक योगदान कृषि क्षेत्र (47.71%) का है।
3. बजट 2026-27 में हरियाळो-राजस्थान मिशन के तहत 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।
4. वर्ष 2026-27 का राजकोषीय घाटा GSDP का 3.69 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 4 (B) केवल 2
(C) केवल 2 और 3 (D) केवल 3 और 4

**7. सूची-I (राजस्थान के प्रमुख पैनोरमा) को सूची-II (संबंधित स्थान) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| **List-1** | **List-2** |
|---|---|
| a. संत सुन्दरदास पैनोरमा | 1. मानगढ़ (बांसवाड़ा) |
| b. हसन खाँ मेवाती पैनोरमा | 2. मालासेरी (भीलवाड़ा) |
| c. राष्ट्रीय जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय | 3. अलवर |
| d. भगवान देवनारायण पैनोरमा | 4. दौसा |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-2, b-3, c-1, d-4

**8. निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए:**

**अभिकथन (A):** 18वीं लोकसभा (2024-29) में राजस्थान से 3 महिला सांसद चुनी गई हैं, जिनमें संजना जाटव, महिमा कुमारी एवं मंजू शर्मा शामिल हैं।

**कारण (R):** राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटों में से 3 सीटें अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए आरक्षित हैं, जिनमें दौसा, उदयपुर और बाँसवाड़ा शामिल हैं।

# 3 राजस्थान की अवस्थिति एवं विस्तार [Location and Extent of Rajasthan]

**1. राजस्थान के जिलों और उनकी भौगोलिक आकृतियों का सही मिलान करें:**

| **List–1 (जिले)** | **List–2 (आकृति)** |
|---|---|
| a. सीकर | 1. पतंगाकार |
| b. टोंक | 2. इल्ली या घोड़े की नाल के समान |
| c. चित्तौड़गढ़ | 3. तिलक के समान |
| d. राजसमंद | 4. अर्द्धचन्द्राकार/कटोरेनुमा |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-3, b-1, c-2, d-4

**2. राजस्थान के साथ सीमा बनाने वाले पड़ोसी राज्यों को उनकी सीमा की लंबाई के अनुसार अवरोही क्रम (अधिक से कम) में व्यवस्थित करें:**

a. मध्य प्रदेश b. गुजरात
c. हरियाणा d. उत्तर प्रदेश
e. पंजाब

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, c, b, d, e (B) a, b, c, e, d
(C) a, c, d, b, e (D) c, a, b, d, e

**3. राजस्थान के अक्षांशीय और देशांतरीय विस्तार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°03' से 30°12' उत्तरी अक्षांशों के मध्य है।
2. राजस्थान का उत्तर से दक्षिण विस्तार 826 किमी, पूर्व से पश्चिम विस्तार 869 किमी से अधिक है।
3. राज्य का कुल देशांतरीय विस्तार 8°47' है।
4. राज्य की पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण लंबाई–चौड़ाई में कुल 43 किलोमीटर का अंतर है।

**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. राजस्थान के चार प्रमुख भौगोलिक छोरों का उनके संबंधित स्थानों के साथ सही मिलान करें:**

| **List–1 (छोर)** | **List–2 (गाँव/स्थान)** |
|---|---|
| a. उत्तरी छोर | 1. कटरा गाँव (जैसलमेर) |
| b. दक्षिणी छोर | 2. सिलॉन गाँव (धौलपुर) |
| c. पश्चिमी छोर | 3. कोणा गाँव (श्रीगंगानगर) |
| d. पूर्वी छोर | 4. बोरकुण्ड गाँव (बाँसवाड़ा) |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-4, c-2, d-1 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**5. अभिकथन और कारण के आधार पर सही विकल्प का चयन करें:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान के पूर्वी छोर (धौलपुर) और पश्चिमी छोर (जैसलमेर) के मध्य सूर्योदय में 35 मिनट 8 सेकंड का अंतर पाया जाता है।
**कारण (R):** सूर्य को 1 देशांतर पार करने में 4 मिनट का समय लगता है और राजस्थान लगभग 8°47' देशांतरों के मध्य विस्तृत है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**6. राजस्थान में रेडक्लिफ लाइन (अंतरराष्ट्रीय सीमा) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर असत्य कथन का चयन करें:**

1. अंतरराष्ट्रीय सीमा की कुल लंबाई 1070 किलोमीटर है, जो राज्य की कुल सीमा का 18% है।
2. यह सीमा दक्षिण में हिन्दूमलकोट (श्रीगंगानगर) से शुरू होकर उत्तर में शाहगढ़ (बाड़मेर) तक फैली है।
3. केवल अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाले जिले बीकानेर, फलोदी और जैसलमेर हैं।
4. अंतरराष्ट्रीय सीमा से सबसे दूर स्थित जिला मुख्यालय धौलपुर है।

**कूट:** (A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 3 और 4 (D) केवल 4

**7. अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित राजस्थान के जिलों को उनकी सीमा की लंबाई के अनुसार अवरोही क्रम (सर्वाधिक से न्यूनतम) में व्यवस्थित करें:**

a. श्रीगंगानगर b. फलोदी
c. जैसलमेर d. बाड़मेर
e. बीकानेर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) c, a, d, e, b (B) c, d, a, e, b
(C) d, c, a, b, e (D) c, d, e, a, b

**8. राजस्थान के क्षेत्रफल की विश्व के प्रमुख देशों के क्षेत्रफल से तुलना के संदर्भ में सही मिलान करें:**

| **List–1 (देश)** | **List–2 (राजस्थान के क्षेत्रफल से गुणात्मक तुलना)** |
|---|---|
| a. स्विट्ज़रलैण्ड | 1. 17 गुना |
| b. भूटान | 2. 8 गुना |
| c. श्रीलंका | 3. 9 गुना |
| d. इजराइल | 4. 5 गुना |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-1, b-3, c-4, d-2

**9. कर्क रेखा के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

1. यह राजस्थान के दक्षिणी भाग बाँसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों से होकर गुजरती है।
2. राजस्थान में इसकी कुल लंबाई 26 किलोमीटर है।
3. कर्क रेखा के सर्वाधिक नजदीक स्थित शहर श्रीगंगानगर है।
4. यह डूंगरपुर के चिखली गाँव और बाँसवाड़ा के कुशलगढ़ के पास से गुजरती है।

# 4 राजस्थान के भू-आकृतिक प्रदेश [Physiographic Regions of Rajasthan]

**1. राजस्थान के भौतिक प्रदेशों के निर्माण काल के आधार पर उन्हें प्राचीन से नवीनतम के सही क्रम में व्यवस्थित करें–**

a. पूर्वी मैदानी क्षेत्र  b. दक्षिण-पूर्वी पठारी क्षेत्र
c. अरावली पर्वतीय प्रदेश  d. पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) c, b, a, d  (B) c, a, b, d
(C) b, c, a, d  (D) a, c, b, d

**2. राजस्थान के भौतिक प्रदेशों और उनके कुल क्षेत्रफल (प्रतिशत में) के संदर्भ में सूची–1 को सूची–2 के साथ सुमेलित कीजिए–**

| | सूची–1 (भौतिक प्रदेश) | सूची–2 (क्षेत्रफल %) |
|---|---|---|
| a. | पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश | 1. 23% |
| b. | अरावली पर्वतीय प्रदेश | 2. 6.89% |
| c. | पूर्वी–मैदानी प्रदेश | 3. 61.11% |
| d. | दक्षिणी–पूर्वी पठारी प्रदेश | 4. 9% |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2  (B) a-3, b-1, c-4, d-2
(C) a-1, b-4, c-3, d-2  (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान का पश्चिमी थार मरुस्थल और पूर्वी मैदानी प्रदेश टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।

**कारण (R):** राजस्थान में आज भी सांभर, डीडवाना, पचपदरा जैसी खारे पानी की झीलें मौजूद हैं जो टेथिस सागर के अवशेष के रूप में स्वीकारी जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन करें:**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है।
(D) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है।

**4. राजस्थान की समवर्षा रेखाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. 10 सेमी समवर्षा रेखा थार मरुस्थल की पश्चिमी सीमा का निर्धारण करती है।
2. 25 सेमी समवर्षा रेखा पश्चिमी मरुस्थल को शुष्क और अर्द्धशुष्क दो समान भागों में विभाजित करती है।
3. 50 सेमी समवर्षा रेखा पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश की पूर्वी सीमा एवं अरावली की पश्चिमी सीमा का निर्धारण करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2  (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3  (D) 1, 2 और 3

**5. बालुका स्तूपों के प्रकार और उनकी भौगोलिक विशेषताओं के संदर्भ में सूची–1 को सूची–2 से सुमेलित कीजिए–**

| | सूची–1 (बालुका स्तूप) | सूची–2 (विशेषता/निर्माण) |
|---|---|---|
| a. | बरखान | 1. दीर्घकाल तक एक दिशा में चलने वाली वायु के समकोण पर निर्मित |
| b. | अनुप्रस्थ | 2. आकृति हेयर-पिन जैसी, वनस्पति की मदद से निर्मित |
| c. | पैराबोलिक | 3. अर्द्धचंद्राकार एवं नवीन रंध्रयुक्त शृंखलाबद्ध स्तूप |
| d. | तारा बालुका स्तूप | 4. अनियमित पवन क्षेत्रों में तीन या अधिक भुजाओं वाले स्तूप |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4  (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4  (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**6. पश्चिमी राजस्थान के अर्द्धशुष्क मरुस्थलीय प्रदेश (बांगर प्रदेश) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–से कथन सही हैं?**

1. नागौर और अजमेर के मध्य फ्लोराइड की अधिकता वाला क्षेत्र कुबड़पट्टी या बांकापट्टी कहलाता है।
2. छप्पन की पहाड़ियाँ बाड़मेर से जालौर तक 56 किमी लंबी शृंखला में फैली हैं।
3. कांतली नदी का प्रवाह क्षेत्र तोरावाटी कहलाता है जो शेखावाटी प्रदेश का हिस्सा है।
4. घग्गर के मैदान का उत्तर-पूर्वी उपजाऊ मिट्टी वाला क्षेत्र बग्गी कहलाता है।

**कूट:** (A) 1, 2 और 3  (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4  (D) 1, 2 और 4

**7. मरुस्थलीय क्षेत्र की स्थानीय शब्दावली के संदर्भ में सूची–1 का सूची–2 से मिलान कीजिए–**

| | सूची–1 (शब्दावली) | सूची–2 (अर्थ) |
|---|---|---|
| a. | खड़ीन | 1. धोरों के बीच वर्षा का पानी भरने से बनी अस्थायी झीलें |
| b. | जोहड़ | 2. बरखान के निम्न भूमि क्षेत्र में उपजाऊ भूमि |
| c. | प्लाया | 3. शेखावाटी क्षेत्र में वर्षा जल संग्रहण हेतु चूनेदार कच्चे कुएँ |
| d. | रोही | 4. जैसलमेर के पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा विकसित जल संरक्षण प्रणाली |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2  (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2  (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**8. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान में रेगिस्तान का विस्तार लगातार पश्चिम से पूर्व की ओर हो रहा है।

**कारण (R):** अरावली पर्वतमाला का उत्तरी भाग अत्यधिक कटा-फटा है, जो मरुस्थलीय प्रसार (मार्च) को रोक पाने में असमर्थ है।

# 5 राजस्थान की जलवायु एवं मानसून तंत्र [Rajasthan's Climate and Monsoon System]

**1. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** राजस्थान में अरब सागर की मानसूनी शाखा से न्यूनतम वर्षा होती है।
**कारण (R):** अरावली पर्वतमाला का विस्तार मानसूनी हवाओं के समानांतर है, जिससे हवाएं बिना वर्षा किए सीधे उत्तर की ओर बढ़ जाती हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**2. समवर्षा रेखाओं (Isohyets) और उनकी विशेषताओं/संबंधित क्षेत्रों को सुमेलित कीजिए:**

| | सूची–1 | | सूची–2 |
|---|---|---|---|
| a. | 25 सेमी समवर्षा रेखा | 1. | अरावली पर स्थित है और राज्य की भूमि को लगभग दो बराबर भागों में बांटती है। |
| b. | 40 सेमी समवर्षा रेखा | 2. | पश्चिमी रेतीले मरुस्थल को दो भागों (शुष्क और अर्द्धशुष्क) में विभाजित करती है। |
| c. | 50 सेमी समवर्षा रेखा | 3. | पश्चिमी रेतीले मरुस्थल की पूर्वी सीमा है और राजस्थान को दो भागों में बांटती है। |
| d. | 60 सेमी समवर्षा रेखा | 4. | अलवर, जयपुर, टोंक और भीलवाड़ा जिलों से होकर गुजरती है। |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-1, d-4 (B) a-3, b-2, c-4, d-1
(C) a-1, b-4, c-2, d-3 (D) a-2, b-1, c-3, d-4

**3. राजस्थान में जल उपलब्धता के आधार पर सबसे शुष्क से सबसे आर्द्र (निम्न से उच्च) क्षेत्रों का सही तार्किक क्रम क्या है?**
a. पूर्वी नदी मैदान
b. अरावली उच्च भूमि
c. मरुस्थल (थार)
d. नहरों के साथ सिंचित कमांड क्षेत्र
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) c, d, b, a (B) c, b, d, a
(C) a, d, b, c (D) c, a, b, d

**4. कोपेन (Koppen) के जलवायु वर्गीकरण और उनमें शामिल जिलों को सुमेलित कीजिए:**

| | सूची–1 (जलवायु प्रदेश) | | सूची–2 (संबंधित जिले) |
|---|---|---|---|
| a. | Aw (उष्ण कटिबंधीय आर्द्र) | 1. | जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर |
| b. | Bshw (अर्द्ध शुष्क क्षेत्र) | 2. | अलवर, टोंक, भरतपुर, दौसा |
| c. | Bwhw (उष्ण शुष्क क्षेत्र) | 3. | सीकर, झुंझुनूं, चूरू, नागौर |
| d. | Cwg (मानसूनी वर्षा क्षेत्र) | 4. | डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**5. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** राजस्थान के सभी जिलों में जैसलमेर जिला औसत वार्षिक वर्षा में सबसे अधिक उतार-चढ़ाव (Variability) वाला जिला है।
**कारण (R):** जून से सितम्बर माह के मध्य जैसलमेर जिले में मानसूनी वर्षा की मात्रा में अधिकतम भिन्नता अभिलिखित की जाती है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**6. मावट (Mawath) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से कथन असत्य है/हैं?**
1. इसका उद्‌गम स्थल अरब सागर है जहाँ से शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात उठते हैं।
2. इसे गोल्डन ड्रॉप्स (Golden Drops) भी कहा जाता है।
3. यह खरीफ की फसल, विशेषकर बाजरे के लिए वरदान मानी जाती है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**7. राजस्थान मानसून रिपोर्ट 2025 के अनुसार निम्नलिखित तथ्यों पर विचार करें:**
1. राजस्थान में मानसून का प्रवेश सामान्यतः 15 जून को बांसवाड़ा जिले से होता है।
2. वर्ष 2025 में मानसून अवधि के दौरान सर्वाधिक वर्षा बारां जिले में दर्ज की गई।
3. वर्ष 1901 से 2025 के मध्य ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक मानसूनी वर्षा वर्ष 1917 में रिकॉर्ड की गई थी।
4. एक दिन में सर्वाधिक वर्षा नैनवा (बूंदी) में 502 MM दर्ज की गई।
**उपरोक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

# 6 राजस्थान में जल संसाधन : नदियाँ, झीलें, बाँध एवं सरोवर [Water Resources in Rajasthan : Rivers, Lakes, Dams & Ponds]

**1. राजस्थान की प्रमुख नदियों और उनकी सहायक नदियों के संदर्भ में सूची–1 को सूची–2 से सुमेलित कीजिए–**

| **सूची–1 (मुख्य नदी)** | **सूची–2 (सहायक नदी)** |
|---|---|
| a. लूनी | 1. सोम |
| b. माही | 2. जोजड़ी |
| c. साबरमती | 3. सीपू |
| d. पश्चिमी बनास | 4. वाकल |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-3, d-4 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-1, b-2, c-4, d-3 (D) a-4, b-3, c-1, d-2

**2. लूनी नदी में अरावली पर्वतमाला से निकलने वाली सहायक नदियों का लूनी के उद्गम स्थल से संगम की ओर सही क्रम क्या है?**
(A) बाण्डी, गुहिया, मीठड़ी, जवाई
(B) गुहिया, बाण्डी, मीठड़ी, जवाई
(C) जवाई, मीठड़ी, बाण्डी, गुहिया
(D) मीठड़ी, जवाई, गुहिया, बाण्डी

**3. राजस्थान की अन्तःप्रवाही नदियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. घग्गर नदी देश में अन्तःप्रवाही नदियों में सबसे लंबी नदी है।
2. कांतली नदी का अपवाह क्षेत्र तोरावाटी बेसिन कहलाता है।
3. काकनी नदी डीडवाना झील में विलुप्त हो जाती है।
4. साबी नदी का उद्गम सेवर की पहाड़ियों से होता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें –**
(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**4. अभिकथन (A): सांभर झील अभिकेंद्रीय नदी प्रतिरूप का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।**
**कारण (R): इस झील में मेन्था, रूपनगढ़, खारी और खंडेला नदियाँ विभिन्न दिशाओं से आकर गिरती हैं।**
**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनें:**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**5. पिछोला झील के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन पूर्णतः सत्य है/हैं?**
1. इसका निर्माण चौदहवीं शताब्दी में राणा लाखा के शासनकाल में एक बंजारे द्वारा करवाया गया था।
2. इस झील में सीसारमा और बूझड़ा नदियाँ आकर गिरती हैं।
3. झील के दो मुख्य टापुओं पर जगमंदिर और जगनिवास महल स्थित हैं।
4. नटनी का चबूतरा (गलकी) इसी झील के पश्चिमी किनारे पर स्थित है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**6. राजस्थान के प्रमुख बाँधों और उनसे संबंधित नदियों के संदर्भ में सूची–1 को सूची–2 से सुमेलित कीजिए–**

| **सूची–1 (बाँध)** | **सूची–2 (नदी)** |
|---|---|
| a. मेजा बाँध | 1. खारी नदी |
| b. हेमावास बाँध | 2. उजाड़ नदी |
| c. नारायण सागर बाँध | 3. बाण्डी नदी |
| d. भीम सागर बाँध | 4. कोठारी नदी |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**7. राजस्थान की नदियों को उनके अपवाह (जलग्रहण) क्षेत्र के अनुसार अवरोही क्रम (Descending order) में व्यवस्थित करें–**
a. माही b. चम्बल
c. बनास d. लूनी

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही क्रम चुनें –**
(A) c, d, b, a (B) d, c, b, a
(C) b, c, d, a (D) c, b, d, a

**8. अभिकथन (A): पचपदरा झील (बालोतरा) से उत्पादित नमक सर्वोत्तम गुणवत्ता का खाने योग्य नमक माना जाता है।**
**कारण (R): इस झील के जल से तैयार नमक में 98% सोडियम क्लोराइड (NaCl) की मात्रा पाई जाती है।**
**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनें:**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**9. राजस्थान की खारे पानी की झीलों और उनके जिलों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:**
1. कावोद झील – जैसलमेर 2. कोछोर झील – सीकर
3. बाप झील – फलौदी 4. तालछापर झील – चूरू

**उपरोक्त में से कौन–से युग्म सही सुमेलित हैं?**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**10. राजस्थान के जल स्रोतों के उपनामों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**
1. जवाई बाँध को मारवाड़ का अमृत सरोवर कहा जाता है।
2. मोती झील को भरतपुर की जीवन रेखा कहा जाता है।
3. नन्दसमंद बाँध को राजसमंद की जीवन रेखा कहा जाता है।

# 7 राजस्थान में सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण की तकनीकें [Irrigation Projects and Water Conservation Techniques in Rajasthan]

**1. राजस्थान में सिंचाई परियोजनाओं के वर्गीकरण के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (परियोजना का प्रकार) | सूची-2 (सिंचाई सुविधा का कमाण्ड क्षेत्र) |
|---|---|
| a. वृहद् सिंचाई परियोजना | 1. 2000 से 10000 हेक्टेयर तक |
| b. मध्यम सिंचाई परियोजना | 2. 0 से 2000 हेक्टेयर तक |
| c. लघु सिंचाई परियोजना | 3. 10000 हेक्टेयर से अधिक |
| d. बहुउद्देश्यीय परियोजना | 4. सिंचाई, पेयजल, पनबिजली आदि अनेक उद्देश्य |

कूट: (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**2. राजस्थान के कृषि सांख्यिकी आंकड़ों और सिंचाई के साधनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
1. कुओं व नलकूपों (संयुक्त रूप से) द्वारा सर्वाधिक सिंचाई जोधपुर जिले में होती है।
2. कुओं व नलकूपों से न्यूनतम सिंचाई श्रीगंगानगर में होती है।
3. तालाबों द्वारा सर्वाधिक सिंचाई उदयपुर और टोंक जिले में होती है।
4. कुल कृषि क्षेत्र के अनुसार सर्वाधिक सिंचित क्षेत्र चूरू जिले में है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं (B) केवल 2, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 1 और 4 सही हैं (D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**3. चम्बल घाटी परियोजना के संबंध में अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए-**
**अभिकथन (A):** कोटा बैराज बाँध से जल विद्युत का उत्पादन नहीं होता है, इसका उपयोग केवल सिंचाई के लिए किया जाता है।
**कारण (R):** चम्बल घाटी परियोजना में राजस्थान और गुजरात की 50:50 की भागीदारी है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**4. चम्बल की लिफ्ट नहरों और उनके लाभान्वित जिलों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (लिफ्ट नहर) | सूची-2 (जिला) |
|---|---|
| a. दीगोद लिफ्ट नहर | 1. कोटा |
| b. गणेशगंज लिफ्ट नहर | 2. बारां |
| c. जालीपुरा लिफ्ट नहर | 1. कोटा |
| d. सोरखण्ड लिफ्ट नहर | 2. बारां |

कूट: (A) a-1, b-2, c-1, d-2 (B) a-2, b-1, c-3, d-4
(C) a-1, b-2, c-4, d-3 (D) a-2, b-3, c-1, d-4

**5. माही बजाज सागर परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**
1. यह राजस्थान (45%) और गुजरात (55%) की संयुक्त परियोजना है।
2. इस परियोजना से उत्पादित 140 MW बिजली का बँटवारा दोनों राज्यों में 50:50 के अनुपात में होता है।
3. कागदी पिक-अप बाँध माही बजाज सागर का अतिरिक्त जल संचय करने के लिए बनाया गया है।
4. माही बजाज सागर बाँध राजस्थान का सबसे लम्बा बाँध (3109 मीटर) है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1 और 4 (B) केवल 2
(C) केवल 3 और 4 (D) कोई भी असत्य नहीं है

**6. इंदिरा गांधी नहर परियोजना (I.G.N.P.) की लिफ्ट नहरों के मूल नाम और उनके परिवर्तित नए नामों को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (मूल नाम) | सूची-2 (नया नाम) |
|---|---|
| a. नोहर साहवा लिफ्ट नहर | 1. पन्नालाल बारुपाल लिफ्ट नहर |
| b. बीकानेर लूणकरणसर लिफ्ट नहर | 2. डॉ. करणी सिंह लिफ्ट नहर |
| c. गजनेर लिफ्ट नहर | 3. चौधरी कुंभाराम आर्य लिफ्ट नहर |
| d. कोलायत लिफ्ट नहर | 4. कैवरसेन लिफ्ट नहर |

कूट: (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**7. इंदिरा गांधी नहर परियोजना (I.G.N.P.) की शाखाओं को उत्तर से दक्षिण (नहर के प्रवाह की दिशा में) के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. अनूपगढ़ शाखा b. रावतसर शाखा
c. सूरतगढ़ शाखा d. दंतोर शाखा
e. पूगल शाखा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, c, a, e, d (B) b, a, c, d, e
(C) a, b, c, e, d (D) c, b, a, d, e

**8. नर्मदा नहर परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
1. यह राजस्थान की पहली पूर्णतः सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर) परियोजना है।
2. इस परियोजना में राजस्थान का हिस्सा 0.5 MAF है।
3. इससे राजस्थान के जालोर और बाड़मेर जिलों के गाँव लाभान्वित होते हैं।
4. सांचौर, भादरेड़ा और पनोरीया इस परियोजना की प्रमुख लिफ्ट नहरें हैं।

# 8 राजस्थान में मृदा संसाधन [Soil Resources in Rajasthan]

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।**
**अभिकथन (A): हाड़ौती पठार (कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़) की काली मृदा कपास उत्पादन के लिए अत्यधिक उपयुक्त मानी जाती है।**
**कारण (R):** इस मृदा में चूना, पोटाश और कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं तथा नदियों की घाटियों में इसका कच्छारी मृदा के साथ मिश्रण मिलता है। उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए–
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**2. राजस्थान के कृषि विभाग द्वारा किए गए मृदा वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. सिरोजम्स (Sie Rozems) और रेवेरिना (Reverina) मृदा मुख्य रूप से गंगानगर जिले में पाई जाती है।
2. जिप्सीफेरस (Gypsiferrous) मृदा का विस्तार जैसलमेर जिले में है।
3. नवीन जलोढ़ मृदा का विस्तार अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर एवं जयपुर जिलों में है।
4. मरुस्थली मृदा राज्य के सबसे अधिक क्षेत्र में पाई जाती है।

**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**
(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**3. मृदा के वैज्ञानिक वर्गीकरण और उनसे संबंधित क्षेत्रों को सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 (वैज्ञानिक वर्गीकरण) | सूची–2 (विस्तार / विशेषता) |
|---|---|
| a. एरिडीसोल्स | 1. शुष्क जलवायु वाले क्षेत्र (पश्चिमी राजस्थान) |
| b. अल्फी सोइल्स | 2. जलोढ़ मिट्टी समूह (पूर्वी मैदानी भाग) |
| c. वर्टी सोइल्स | 3. काली मिट्टी का क्षेत्र (हाड़ौती पठार) |
| d. इन्सेप्टीसोल्स | 4. आर्द्र जलवायु वाली मिट्टी (सिरोही, राजसमंद, उदयपुर) |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-1, b-3, c-4, d-2

**4. राजस्थान में मृदा की समस्याओं एवं उनके समाधान से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से गलत कथन/कथनों का चयन कीजिए–**
1. मिट्टी में लवणीयता और क्षारीयता की समस्या दूर करने के लिए जिप्सम और गोबर की खाद का उपयोग किया जाता है।
2. चंबल नदी क्षेत्र में अवनालिका अपरदन (बीहड़) वायु अपरदन का एक प्रमुख उदाहरण है।
3. सेम की समस्या के समाधान हेतु हनुमानगढ़ में हॉलैंड की सहायता से इंडो-डच जल निकासी परियोजना संचालित है।
4. चंबल सिंचाई क्षेत्र में सेम समस्या के लिए कनाडा के सहयोग से राजाद परियोजना चल रही है।

**कूट:** (A) केवल 2 (B) 2 और 4
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 3 और 4

**5. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है। अभिकथन (A): राजस्थान के सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, सिरोही और उदयपुर क्षेत्रों में पाई जाने वाली मृदा का रंग लाल और पीला होता है।**
**कारण (R):** इस मृदा में नाइट्रोजन और जैविक यौगिकों की प्रचुरता होती है तथा लाल रंग लौह अंश की अधिकता को दर्शाता है। उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए–
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**6. वैज्ञानिक वर्गीकरण के आधार पर ''टोरी सामेन्ट्स (Torripsamments)'' और ''डस्ट-फ्लूवेप्ट्स (Dust Fluvvents)'' किस मृदा समूह के उपवर्ग माने जाते हैं?**
(A) वर्टी सोइल्स (B) अल्फी सोइल्स
(C) एण्टी सोइल्स (D) इन्सोप्टीसोल्स

**7. राजस्थान में संचालित भूमि सुधार एवं विकास कार्यक्रमों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–**
1. सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम 11 जिलों में संचालित है।
2. मरु विकास कार्यक्रम 16 जिलों में लागू है।
3. वर्ष 1999 से इन दोनों कार्यक्रमों में केंद्र और राज्य का वित्तीय अंशदान 75:25 का है।
4. मरुस्थल रोकथाम परियोजना 1999 से राजस्थान के 15 जिलों में चलाई जा रही है।

**इनमें से कौन–से कथन पूर्णतः सही हैं?**
(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4 (D) केवल 1 और 3

**8. कृषि विभाग के वर्गीकरण के आधार पर मृदा प्रकार और उनके संबंधित जिलों के युग्मों को सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 (मृदा का प्रकार) | सूची–2 (संबंधित जिले) |
|---|---|
| a. धूसर भूरी जलोढ़ मृदा | 1. डूंगरपुर एवं बाँसवाड़ा |
| b. लाल–लोम मृदा | 2. जालौर, पाली, नागौर, अजमेर |
| c. केल्सी ब्राउन मरुस्थली मृदा | 3. उदयपुर एवं कोटा |
| d. पर्वतीय मृदा | 4. जैसलमेर एवं बीकानेर |

# 9 राजस्थान में प्राकृतिक वनस्पति [Natural Vegetation in Rajasthan]

**1. राजस्थान में वनों के कम विस्तार के संबंध में नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान में भारत के अन्य राज्यों की तुलना में प्राकृतिक वनों का विस्तार अपेक्षाकृत बहुत कम है।

**कारण (R):** राज्य में कम वर्षा, उच्च तापमान, मरुस्थलीय क्षेत्रों का अधिक विस्तार और अनियंत्रित पशुचारण इसके प्रमुख कारक हैं।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:**

**कूट:** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है

(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**2. राजस्थान के प्रमुख वनों के उप-प्रकार और उनसे संबंधित सर्वाधिक विस्तार वाले जिलों का सही मिलान कीजिए:**

| सूची-1 (वनों का उप-प्रकार) | सूची-2 (सर्वाधिक विस्तार वाला जिला) |
|---|---|
| a. शुष्क सागवान वन | 1. राजसमन्द / चित्तौड़गढ़ |
| b. सालर वन | 2. सिरोही (आबू पर्वतीय क्षेत्र) |
| c. पलाश वन | 3. उदयपुर |
| d. उपोष्ण पर्वतीय वन | 4. बाँसवाड़ा |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**3. भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR-2023) के अनुसार राजस्थान के वन और वृक्षावरण से जुड़े निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. राज्य का कुल वनावरण 16,548.21 वर्ग किमी. है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 4.84% है।
2. राज्य का कुल वृक्षावरण 10,841.12 वर्ग किमी. है, जो भौगोलिक क्षेत्रफल का 3.16% है।
3. वर्ष 2021 की तुलना में 2023 की रिपोर्ट में राज्य के कुल वन आवरण में 83.80 वर्ग किमी. की वृद्धि दर्ज की गई है।
4. इस रिपोर्ट के अनुसार कुल वन क्षेत्र की दशकीय वृद्धि दर (2013-23) 2.87% रही है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**4. ISFR-2023 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाले जिलों को अवरोही क्रम (अधिक से कम) में व्यवस्थित कीजिए:**

a. प्रतापगढ़ b. सिरोही
c. उदयपुर d. करौली

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, c, b, d (B) c, a, b, d
(C) c, a, d, b (D) a, b, c, d

**5. ऐतिहासिक पहलों और उनसे संबंधित वर्षों का सही मिलान कीजिए:**

| सूची-1 (ऐतिहासिक पहल) | सूची-2 (वर्ष) |
|---|---|
| a. जोधपुर रियासत द्वारा पहली वन संरक्षण योजना | 1. 1953 |
| b. अलवर रियासत द्वारा पहला वन संरक्षण अधिनियम | 2. 1949-50 |
| c. राजस्थान सरकार द्वारा वन विभाग की स्थापना | 3. 1935 |
| d. राज्य का पहला वन अधिनियम पारित | 4. 1910 |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**6. राजस्थान की प्रमुख घासों और उनकी विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. सेवण घास राजस्थान की सबसे लंबी और प्रोटीनयुक्त घास है, जिसे लीलोण भी कहा जाता है।
2. खस घास एक सुगंधित घास है जो प्रमुख रूप से पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर में पाई जाती है।
3. धामण घास दुधारू पशुओं के लिए उपयोगी है और डायबिटीज रोग में लाभकारी मानी जाती है।
4. गोखरू घास मुख्य रूप से ऊंटों के लिए विशेष आहार के रूप में पश्चिमी राजस्थान में पाई जाती है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

**7. राजस्थान सरकार की ''घर-घर औषधि योजना'' के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनें:**

1. यह योजना कोविड-19 महामारी के दौरान इम्यूनिटी बढ़ाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 2021 को प्रारंभ की गई।
2. इस योजना के तहत वन विभाग द्वारा तुलसी, गिलोय, कालमेघ और अश्वगंधा के पौधे वितरित किए गए।
3. योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को कुल 8 पौधे (प्रत्येक प्रजाति के 2-2) दिए गए।
4. इस योजना को बाद में मिशन हरियालो राजस्थान के रूप में बदल दिया गया है।

**कूट:** (A) 1, 2 और 4 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 2 और 3 (D) 1, 3 और 4

**8. राजस्थान में पाए जाने वाले औषधीय पौधों और उनके उपयोग का सही मिलान कीजिए:**

| सूची-1 (औषधीय पौधा) | सूची-2 (औषधीय उपयोग) |
|---|---|
| a. कंटकारी / भटकटैया | 1. गर्भाशय रोग एवं श्वेत प्रदर में उपयोगी |

# 10 राजस्थान में जैव विविधता, वन्य जीव जन्तु एवं वन्य जीव संरक्षण [Biodiversity, Wildlife Animal and Wildlife Conservation in Rajasthan]

**1. राजस्थान के टाइगर रिजर्व और उनकी अधिसूचना के वर्ष के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (टाइगर रिजर्व) | सूची-2 (अधिसूचना वर्ष) |
|---|---|
| a. मुकुंदरा हिल्स | 1. 2022 |
| b. रामगढ़ विषधारी | 2. 1973-74 |
| c. धौलपुर-करौली | 3. 2013 |
| d. रणथंभौर | 4. 2023 |

कूट: (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-1, b-3, c-2, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**2. राजस्थान के राज्य पशु एवं राज्य पक्षी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. गोडावण को 21 मई 1982 को राजस्थान का राज्य पक्षी घोषित किया गया था।
2. चिंकारा को 1981 में पालतू पशु की श्रेणी में राज्य पशु घोषित किया गया।
3. गोडावण उड़ने वाले पक्षियों में सबसे वजनी पक्षी है और यह अपना घोंसला कभी नहीं बनाता है।
4. ऊंट को 2014 में पालतू पशु की श्रेणी में राज्य पशु घोषित किया गया।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1, 2 और 4 सही हैं (B) केवल 1, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 2 और 3 सही हैं (D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**3. राजस्थान में जन्तुआलयों (Zoos) की स्थापना के वर्ष के आधार पर उन्हें प्राचीन से नवीनतम के सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए:**
a. कोटा जन्तुआलय b. जयपुर जन्तुआलय
c. बीकानेर जन्तुआलय d. उदयपुर जन्तुआलय

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, d, a, c (B) d, b, c, a
(C) b, d, c, a (D) c, d, b, a

**4. राजस्थान के जिलों और उनके अधिकृत जिला शुभंकर (Mascot) के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (जिला) | सूची-2 (शुभंकर) |
|---|---|
| a. अजमेर | 1. जल पीपी |
| b. बांसवाड़ा | 2. खरमोर |
| c. झालावाड़ | 3. उड़न गिलहरी |
| d. प्रतापगढ़ | 4. गागरोनी तोता |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**5. राज्य के कन्जर्वेशन रिजर्व (संरक्षित क्षेत्र) और उनके संबंधित जिलों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (संरक्षित क्षेत्र) | सूची-2 (जिला) |
|---|---|
| a. उम्मेदगंज पक्षी विहार | 1. नागौर |
| b. गुड़ा विश्नोईयान | 2. जोधपुर |
| c. सुन्धामाता | 3. जसवंतपुरा क्षेत्र (जालौर-सिरोही) |
| d. रोटू | 4. कोटा |

कूट: (A) a-4, b-2, c-3, d-1 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**6. राजस्थान में जैविक उद्यानों (Biological Parks) को उनकी स्थापना तिथि के अनुसार पहले से बाद के क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. माचिया सफारी जैविक उद्यान (जोधपुर)
b. अभेड़ा जैविक उद्यान (कोटा)
c. सज्जनगढ़ जैविक उद्यान (उदयपुर)
d. नाहरगढ़ जैविक उद्यान (जयपुर)

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) c, a, d, b (B) a, c, d, b
(C) c, d, a, b (D) d, c, a, b

**7. राजस्थान की नमभूमियों (Wetlands) और रामसर साइट्स के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?**
1. रामसर कन्वेंशन 1971 में ईरान के रामसर शहर में आयोजित किया गया था जो 1975 से प्रभावी हुआ।
2. सांभर झील को 1982 में रामसर साइट के रूप में अधिसूचित किया गया था।
3. राजस्थान का पहला बर्ड पार्क मई 2022 में गुलाब बाग (उदयपुर) में स्थापित किया गया।
4. राजस्थान में कुल 3 राष्ट्रीय उद्यान और 5 टाइगर रिजर्व हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी

**8. वन्यजीव अभयारण्यों और उनके लोकप्रिय उपनामों/विशेषताओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (अभयारण्य) | सूची-2 (उपनाम/विशेषता) |
|---|---|
| a. जयसमंद अभयारण्य | 1. परिंदों का घर |
| b. बन्ध बारेठा अभयारण्य | 2. सर्प संरक्षण स्थली |
| c. शेरगढ़ अभयारण्य | 3. उड़न गिलहरी का घर |
| d. सीतामाता अभयारण्य | 4. जलचरों की बस्ती |

कूट: (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**9. राजस्थान के आखेट निषिद्ध क्षेत्रों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
(a) राजस्थान में कुल 33 आखेट निषिद्ध क्षेत्र घोषित किए गए हैं।
(b) क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा आखेट निषिद्ध क्षेत्र संवत्सर कोटसर है।

# 11 राजस्थान की जनसंख्या : वृद्धि, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात [Population of Rajasthan: Growth, Density, Literacy, Sex Ratio]

**1. 2011 की जनगणना के संदर्भ में राजस्थान की जनसंख्या के आकार और वितरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान भारत का सातवाँ सबसे बड़ा राज्य है और इसका देश की कुल जनसंख्या में 5.67% का योगदान है।
2. जयपुर राज्य का एकमात्र ऐसा जिला है जिसकी जनसंख्या 50 लाख से अधिक है।
3. राज्य में 10 लाख (एक मिलियन) से कम जनसंख्या वाले तीन जिले हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**2. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उनकी न्यूनतम जनसंख्या (2011) के आधार पर बढ़ते हुए क्रम (न्यूनतम से अधिकतम) में व्यवस्थित कीजिए:**

a. प्रतापगढ़ b. सिरोही
c. बूँदी d. जैसलमेर
e. राजसमंद

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) d, a, b, c, e (B) a, d, b, e, c
(C) d, b, a, c, e (D) d, a, c, b, e

**3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** 1911-21 के दशक में राजस्थान की जनसंख्या वृद्धि दर नकारात्मक (-6.29%) दर्ज की गई थी।

**कारण (R):** इस दशक में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और पेयजल के अभाव के साथ-साथ भयंकर अकाल पड़ा, जिससे लाखों लोगों की मृत्यु हुई।

**उपर्युक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है

**4. राजस्थान में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या (2011) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. राज्य की कुल नगरीय जनसंख्या 24.9% और ग्रामीण जनसंख्या 75.1% है।
2. प्रतिशत के आधार पर न्यूनतम नगरीय जनसंख्या वाला जिला बाड़मेर है।
3. प्रतिशत के आधार पर सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या डूँगरपुर जिले (93.6%) में है।
4. सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या प्रतिशत कोटा (60.3%) में दर्ज किया गया।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**5. 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले जिलों को उनके घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग किमी) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (जिले) | List-2 (जनसंख्या घनत्व) |
|---|---|
| a. जयपुर | 1. 503 |
| b. भरतपुर | 2. 476 |
| c. दौसा | 3. 595 |
| d. अलवर | 4. 438 |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-1, b-3, c-4, d-2 (D) a-4, b-1, c-3, d-2

**6. 2001-2011 के दौरान राजस्थान के सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाले जिलों को अवरोही क्रम (अधिकतम से न्यूनतम) में व्यवस्थित कीजिए:**

a. बाड़मेर b. जैसलमेर
c. बाँसवाड़ा d. जोधपुर
e. जयपुर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, b, d, c, e (B) a, b, c, d, e
(C) b, a, d, c, e (D) a, c, b, d, e

**7. राजस्थान के लिंगानुपात (2001 से 2011) में हुए परिवर्तनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राजस्थान का कुल लिंगानुपात 921 (2001) से बढ़कर 928 (2011) हो गया है।
2. इस अवधि में ग्रामीण लिंगानुपात में 3 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है।
3. नगरीय लिंगानुपात में 24 अंकों की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है।

**उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**8. 2011 की जनगणना के अनुसार साक्षरता के प्रकार और उनसे संबंधित शीर्ष/न्यूनतम जिलों की सूची को सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (साक्षरता प्रकार) | List-2 (संबंधित जिला) |
|---|---|
| a. सर्वाधिक पुरुष साक्षरता | 1. जालौर |
| b. न्यूनतम पुरुष साक्षरता | 2. कोटा |
| c. सर्वाधिक महिला साक्षरता | 3. प्रतापगढ़ |

# 12 राजस्थान की प्रमुख जनजातियाँ; भौगोलिक वितरण एवं विशेषताएँ [Major T ribes of Rajasthan; Geographical Distribution & Characteristics]

**1. राजस्थान में जनजातियों की जनसांख्यिकीय और संवैधानिक स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत जनजातियों को अधिसूचित करने का अधिकार राष्ट्रपति के पास है।
2. राजस्थान में जनजातीय आबादी के मामले में उदयपुर जिले का देश में प्रथम स्थान है।
3. राज्य की कुल जनसंख्या का 13.48% हिस्सा अनुसूचित जनजातियों का है, जिसमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती हैं।
4. राजस्थान में कुल 12 अधिसूचित जनजातियाँ हैं, जिनमें से साँसी और कंजर को भी आधिकारिक अधिसूचना में शामिल किया गया है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) 1, 2 और 3 सही हैं (B) 1 और 3 सही हैं
(C) 2 और 4 सही हैं (D) 1, 3 और 4 सही हैं

**2. विभिन्न जनजातियों और उनके सर्वाधिक केन्द्रीकरण वाले क्षेत्रों के युग्मों को सुमेलित कीजिए:**

| **List-1 (जनजाति)** | **List-2 (केन्द्रीकरण क्षेत्र)** |
|---|---|
| a. सहरिया | 1. भरतपुर, डीग, धौलपुर |
| b. डामोर | 2. बारां (शाहबाद व किशनगंज) |
| c. साँसी | 3. हाड़ौती क्षेत्र (कोटा, बूंदी आदि) |
| d. कंजर | 4. डूंगरपुर (सिमलवाड़ा) |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-2, b-4, c-3, d-1
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-3, b-1, c-4, d-2

**3. अभिकथन (A): दक्षिणी-पूर्वी अरावली क्षेत्र में भीलों द्वारा की जाने वाली स्थानांतरित कृषि को 'वालरा' कहा जाता है।**
**कारण (R): वनों को काटकर या जलाकर उपजाऊ भूमि पर की जाने वाली इस कृषि प्रणाली को मैदानी भागों में 'चिमाता' कहा जाता है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**4. गरासिया जनजाति के विवाह के प्रकारों और उनकी विशेषताओं को सुमेलित कीजिए:**

| **List-1 (विवाह का प्रकार)** | **List-2 (विशेषता)** |
|---|---|
| a. ताणना विवाह | 1. नाममात्र के फेरे लेकर किया जाने वाला विवाह |
| b. मेलवो विवाह | 2. लड़के द्वारा लड़की के घर जवाई की तरह रहना |
| c. पहरावना विवाह | 3. खर्च बचाने के लिए दुल्हन को दूल्हे के घर छोड़ना |
| d. सेवा विवाह | 4. पंचायत द्वारा तय दापा (वधू मूल्य) चुकाकर विवाह |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-3, c-4, d-2

**5. भील जनजाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. भील समाज पितृसत्तात्मक होता है और इनके मुखिया को गमेती या पालजी कहा जाता है।
2. विवाह के दौरान वर के पिता द्वारा वधू के पिता को दिया जाने वाला मूल्य 'दायां' कहलाता है।
3. 'गोलड़' उस प्रथा को कहते हैं जिसमें पूर्वजों की लकड़ी की मूर्ति बनाकर पूजा की जाती है।
4. 'पाखरिया' उस निशानेबाज भील को कहा जाता था जिसने दुश्मन सैनिक के घोड़े को मार गिराया हो।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 2 और 4 (D) 1 और 4

**6. निम्नलिखित जनजातियों को राजस्थान में उनकी कुल जनसंख्या के आधार पर अवरोही क्रम (सर्वाधिक से न्यूनतम) में व्यवस्थित करें:**

a. सहरिया b. मीणा
c. गरासिया d. भील

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, d, c, a (B) b, c, d, a
(C) d, b, c, a (D) a, c, d, b

**7. मीणा जनजाति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. मीणा जनजाति की उत्पत्ति का संबंध मत्स्यावतार से है और मुनि मगनसागर ने मीन पुराण लिखा था।
2. मीणा जनजाति के 24 प्रमुख खांपें मानी जाती हैं और इनकी सबसे बड़ी पंचायत को 'चौरासी' कहा जाता है।
3. विवाह संबंध तय करने में मध्यस्थता करने वाले व्यक्ति को 'पटेल' कहा जाता है।
4. संकट के समय मीणा समुदाय में 'कीकमारी' प्रथा प्रचलित है।

**कूट:** (A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) 2 और 4 (D) केवल 4

**8. जनजातियों के कल्याण हेतु स्थापित संस्थाओं/कार्यक्रमों और उनके प्रारंभ/स्थापना वर्ष को सुमेलित कीजिए:**

| **List-1 (संस्था/कार्यक्रम) (स्थापना/** | **List-2 प्रारंभ वर्ष)** |
|---|---|

# 13 राजस्थान में पारिस्थितिकी संकट के मुद्दे एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास [Issues of Ecological Crisis in Rajasthan and Efforts for Environmental Protection]

**1. राजस्थान में बंजर भूमि की स्थिति और इसके विकास प्रयासों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. राजस्थान भूमि उपयोग सांख्यिकी 2024-25 के अनुसार राज्य का 10.11% भाग बंजर भूमि के अंतर्गत आता है।
2. प्रतिशत की दृष्टि से न्यूनतम बंजर भूमि भरतपुर जिले में है।
3. वर्ष 2016 में स्थापित 'बंजर भूमि एवं चारागाह विकास बोर्ड' का हाल ही में 11 फरवरी 2022 को पुनर्गठन किया गया है।
4. 1985 में राज्य सरकार द्वारा 'बंजर भूमि विकास निगम' की स्थापना की गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 1, 2 और 3
(C) केवल 2 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**2. राजस्थान के ऐतिहासिक अकालों और उनके घटित होने के वर्ष (वि.सं./ईसवी) के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (अकाल का नाम) | सूची-2 (वर्ष) |
|---|---|
| a. छप्पनियाँ अकाल | 1. 1783 ई. |
| b. पंचकाल | 2. 1843-44 ई. |
| c. सहसा भूदुसा अकाल | 3. 1812-13 ई. |
| d. चालीसा अकाल | 4. 1899 ई. |

कूट: (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान में "तीजो कुरियो आठों काल" कहावत के अनुसार हर तीसरे वर्ष अर्ध-अकाल और हर आठवें वर्ष भयंकर अकाल की स्थिति मानी जाती है।

**कारण (R):** सिंचाई आयोग की परिभाषा के अनुसार, सूखे की स्थिति तब मानी जाती है जब किसी क्षेत्र में सामान्य वर्षा से 50 प्रतिशत कम वर्षा हुई हो।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**4. राजस्थान में संचालित विभिन्न पर्यावरण एवं जल संरक्षण योजनाओं और उनके प्रारंभ होने के वर्ष/सहयोगी संस्था के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (योजना/कार्यक्रम) | सूची-2 (प्रारंभ/सहयोग) |
|---|---|
| a. पहल योजना | 1. 2003 में केंद्र सरकार द्वारा |
| b. अरावली वृक्षारोपण योजना | 2. विश्व बैंक की सहायता से (2020) |
| c. हरियाली परियोजना | 3. सीडा (स्वीडन) के सहयोग से (1991) |
| d. अटल भूजल योजना | 4. जापान के सहयोग से (1992) |

कूट: (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**5. राजस्थान में आपदा प्रबंधन व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन असत्य हैं?**

1. "राजस्थान राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण" का अध्यक्ष मुख्य सचिव होता है।
2. राजस्थान राज्य कार्यकारिणी समिति का गठन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में किया जाता है।
3. राजकर्म, आपदा प्रबंधन के लिए एक वेब आधारित एप्लीकेशन है।
4. GOI-UNDP "Disaster Risk Reduction" कार्यक्रम के अंतर्गत जोधपुर, जैसलमेर और अलवर जिलों को सम्मिलित किया गया है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1, 2 और 4 (D) केवल 3 और 4

**6. विभिन्न योजनाओं में केंद्र-राज्य अथवा संस्थागत वित्तीय भागीदारी के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (योजना) | सूची-2 (वित्तीय भागीदारी / स्वरूप) |
|---|---|
| a. मरु विकास कार्यक्रम (1999 के बाद) | 1. केंद्र - राज्य (50:50) |
| b. सूखा संभावित क्षेत्र कार्यक्रम (DPAP) | 2. भारत सरकार - विश्व बैंक (50:50) |
| c. अटल भूजल योजना | 3. केंद्र - राज्य (75:25) |
| d. राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धात्मक परियोजना | 4. विश्व बैंक की सहायता से संचालित |

कूट: (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**7. राष्ट्रीय कृषि आयोग और वर्तमान भौगोलिक स्थितियों के अनुसार राजस्थान में मरुस्थलीकरण के विस्तार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कूट सही है?**

1. राजस्थान का 67% भाग मरुस्थलीकरण की चपेट में है।
2. वर्तमान में 12 पारंपरिक जिलों के अतिरिक्त 5 नए जिलों (जयपुर, अलवर, अजमेर, राजसमंद, सिरोही) को भी मरुस्थलीय सूची में शामिल किया गया है।
3. भारत के कुल 142 डेजर्ट ब्लॉक्स में से 85 ब्लॉक राजस्थान में स्थित हैं।
4. मरु विकास कार्यक्रम वर्तमान में राजस्थान के 21 जिलों में संचालित है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

# 14 राजस्थान में खनिज संसाधन [Mineral Resources in Rajasthan]

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान में लौह अयस्क एक आधारभूत खनिज होने के बावजूद इससे संबंधित औद्योगिक विकास अपेक्षाकृत कम हुआ है।

**कारण (R):** राज्य में मुख्य रूप से हल्की किस्म का हैमेटाइट लौह अयस्क पाया जाता है, जिसकी मात्रा सीमित होने के कारण इसका व्यावसायिक उपयोग कम है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है

(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**2. देश के कुल खनिज संसाधनों में राजस्थान की हिस्सेदारी के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (खनिज)** | **सूची-2 (हिस्सेदारी प्रतिशत)** |
|---|---|
| a. पोटाश | 1. 82% |
| b. सीसा व जस्ता अयस्क | 2. 88% |
| c. चाँदी अयस्क | 3. 89% |
| d. जिप्सम | 4. 94% |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**3. राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (RSMML) की स्ट्रेटेजिक बिजनेस यूनिट्स (S.B.U) और उनके कार्यक्षेत्र को सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (खनिज S.B.U)** | **सूची-2 (मुख्यालय/क्षेत्र)** |
|---|---|
| a. रॉकफॉस्फेट | 1. बीकानेर |
| b. लाइमस्टोन | 2. जयपुर |
| c. जिप्सम | 3. झामर कोटड़ा (उदयपुर) |
| d. लिग्नाइट | 4. जोधपुर |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-3, b-1, c-4, d-2
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**4. निम्नलिखित खनिजों और उनके उपनामों/विशेषताओं का सही मिलान कीजिए:**

| **सूची-1 (खनिज)** | **सूची-2 (उपनाम / विशेषता)** |
|---|---|
| a. जिप्सम | 1. मूर्खों का सोना (Fool's Gold) |
| b. पाइराइट्स | 2. रॉकबुल |
| c. एस्बेस्टॉस | 3. रक्तमणि / लालमणि |
| d. तामड़ा (Garnet) | 4. हरसौठ / सफेद सोना |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-3, d-2 (B) a-4, b-1, c-2, d-3
(C) a-1, b-4, c-2, d-3 (D) a-3, b-2, c-4, d-1

**5. सीसा-जस्ता अयस्क खनन और शोधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. जावर (उदयपुर) भारत की सबसे बड़ी सीसा-जस्ता-चाँदी खान है, जहाँ ऐतिहासिक काल से खनन जारी है।
2. चंदेरिया (चित्तौड़गढ़) में एशिया का सबसे बड़ा जिंक स्मेल्टर कारखाना स्थित है।
3. जस्ते के शोधन की प्रक्रिया में कैडमियम और सुपर फॉस्फेट मुख्य उत्पाद के रूप में प्राप्त होते हैं।
4. सीसा का उपयोग मुख्य रूप से बारूद निर्माण, रेल इंजन और जहाज निर्माण में होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**6. प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम पाइपलाइनों के संबंध में सूची-1 व सूची-2 को सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (पाइपलाइन)** | **सूची-2 (विशेषता / संचालन)** |
|---|---|
| a. HBJ (हजीरा-विविजयपुर-जगदीशपुर) | 1. राजस्थान के अजमेर व आबू रोड से गुजरती है। |
| b. जामनगर - लोनी पाइपलाइन | 2. भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन। |
| c. सलाया - मथुरा रिफाइनरी | 3. जयपुर व जोधपुर में डीजल व पेट्रोल आपूर्ति। |
| d. कांडला - भटिंडा पाइपलाइन | 4. भारत की सबसे बड़ी LPG गैस पाइपलाइन। |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**7. राजस्थान में विभिन्न प्रकार के संगमरमर (मार्बल) और उनके प्राप्ति स्थानों को सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (संगमरमर का प्रकार)** | **सूची-2 (प्राप्ति स्थान)** |
|---|---|
| a. पिस्ता मार्बल | 1. भरतपुर / जालौर |
| b. सफेद व स्लेटी मार्बल | 2. मकराना |
| c. गुलाबी संगमरमर | 3. मोरवड़ (राजसमंद) |
| d. सफेद संगमरमर | 4. आंधी-झिरी बेल्ट |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-4, b-1, c-3, d-2
(C) a-3, b-4, c-2, d-1 (D) a-2, b-3, c-1, d-4

**8. राजस्थान में जिप्सम खनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. जिप्सम का रवेदार रूप 'सैलेनाइट' कहलाता है।
2. बीकानेर की 'जामसर' खान राज्य की सबसे बड़ी जिप्सम खान है।
3. भारत का 90% जिप्सम उत्पादन अकेले राजस्थान में होता है।
4. जिप्सम का उपयोग क्षारीय भूमि के उपचार के लिए नहीं किया जाता है।

# 15 राजस्थान में पर्यटन का विकास; पर्यटन केन्द्र एवं परिपथ [Development of Tourism in Rajasthan; Tourist Centres and Circuits]

**1. राजस्थान में आयोजित होने वाले प्रमुख महोत्सवों और उनके आयोजन स्थल को सुमेलित कीजिए -**

| **List-1 (महोत्सव)** | **List-2 (स्थान)** |
|---|---|
| a. आभानेरी उत्सव | 1. बीकानेर |
| b. मारवाड़ महोत्सव | 2. दौसा |
| c. राजस्थान कबीर यात्रा | 3. प्रतापगढ़ |
| d. कांठल महोत्सव | 4. जोधपुर |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-2, c-1, d-3

**2. राजस्थान में शाही रेलगाड़ियों (Luxury Trains) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

1. 'पैलेस ऑन व्हील्स' की शुरुआत 26 जनवरी 1982 को राजस्थान पर्यटन विकास निगम और भारतीय रेलवे के संयुक्त उपक्रम के रूप में हुई।
2. 'हेरिटेज ऑन व्हील्स' भारतीय रेलवे और RTDC का संयुक्त उपक्रम है।
3. 'रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स' की शुरुआत 11 जनवरी 2009 को की गई।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें -**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**3. राजस्थान में संचालित रोप-वे (Ropeway) को उनकी शुरुआत के वर्ष के अनुसार कालक्रमानुसार (प्राचीन से नवीनतम) व्यवस्थित करें -**

a. सावित्री माता मंदिर रोप-वे (पुष्कर)
b. सुंधा माता मंदिर रोप-वे (जालौर)
c. खोले के हनुमानजी मंदिर रोप-वे (जयपुर)
d. करणी माता मंदिर रोप-वे (उदयपुर)
e. सामोद वीर हनुमान रोप-वे (जयपुर)

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, d, a, e, c (B) b, d, e, a, c
(C) d, b, a, e, c (D) b, a, d, c, e

**4. राजस्थान के पर्यटन परिपथों (Tourist Circuits) और उनमें शामिल जिलों को सुमेलित कीजिए -**

| **List-1 (परिपथ)** | **List-2 (जिले/क्षेत्र)** |
|---|---|
| a. वागड़ सर्किट | 1. अजमेर, नागौर |
| b. गोडवाड़ सर्किट | 2. अलवर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर |
| c. मेवात सर्किट | 3. बांसवाड़ा, डूंगरपुर |
| d. मेरवाड़ा सर्किट | 4. पाली, सिरोही, जालौर |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**5. नए बनाए गए पर्यटन सर्किटों में से 'बुद्धा सर्किट' (Buddha Circuit) में राजस्थान के किन स्थानों को सम्मिलित किया गया है?**

1. बैराठ (कोटपूतली-बहरोड़)
2. कोलवी की गुफाएं (झालावाड़)
3. आभानेरी (दौसा)
4. भानगढ़ (अलवर)

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 2 और 4
(C) केवल 1 और 2 (D) 1, 2, 3 और 4

**6. 'पैलेस ऑन व्हील्स' ट्रेन के निर्धारित एक सप्ताह के यात्रा कार्यक्रम (Tour Route) को दिल्ली से प्रस्थान के बाद गंतव्य स्थलों के सही क्रम में व्यवस्थित करें -**

a. जैसलमेर b. जयपुर
c. चित्तौड़गढ़ d. उदयपुर
e. सवाई माधोपुर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, e, c, d, a (B) b, c, e, a, d
(C) e, b, c, d, a (D) b, e, d, c, a

**7. राजस्थान के निम्नलिखित मंदिरों और उनकी अद्वितीय विशेषताओं को सुमेलित कीजिए -**

| **List-1 (मंदिर)** | **List-2 (विशेषता)** |
|---|---|
| a. सूर्य मंदिर (झालरापाटन) | 1. घुटनों तक जूते पहने हुए सूर्य देवता की आदमकद मूर्ति |
| b. बेणेश्वर मंदिर (डूंगरपुर) | 2. पाँच हिस्सों में विभाजित स्वयंभू शिवलिंग |
| c. ब्रह्मा मंदिर (पुष्कर) | 3. सूर्य भगवान प्रहरी की तरह जूते पहने खड़े हैं |
| d. रामगढ़ भंडदेवरा मंदिर | 4. एक देवता को मिठाई और दूसरे को मांस-मदिरा का प्रसाद |

**कूट:** (A) a-3, b-2, c-1, d-4 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-1, b-4, c-3, d-2 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**8. 'राजस्थान की फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025' के संदर्भ में दिए गए कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?**

1. फीचर फिल्मों के लिए अधिकतम 3 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है।
2. इस नीति के तहत राजस्थानी भाषा की फिल्में प्रोत्साहन के लिए पात्र नहीं हैं।
3. सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए कुल शूटिंग के दिनों में से कम से कम 50 प्रतिशत दिन राजस्थान में शूट किए गए हों।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें -**
(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

# 16 राजस्थान में परिवहन के साधन [Means of Transport in Rajasthan]

**1. राजस्थान में सड़क परिवहन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. मार्च 2025 तक राज्य में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर पर सड़कों का घनत्व 97.97 किमी. है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है।
2. मार्च 2025 तक राज्य के 100% गाँवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है।
3. राज्य में सड़कों की सर्वाधिक लंबाई बाड़मेर जिले में तथा न्यूनतम लंबाई खैरथल-तिजारा जिले में है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 सही हैं (B) केवल 1 और 3 सही हैं
(C) केवल 2 और 3 सही हैं (D) 1, 2 और 3 तीनों सही हैं

**2. राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों (NH) की लंबाई के संदर्भ में, जिलों को उनके अवरोही क्रम (सर्वाधिक से न्यूनतम) में व्यवस्थित कीजिए-**

a. बीकानेर b. बाड़मेर
c. जैसलमेर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, a, c (B) a, b, c
(C) c, b, a (D) b, c, a

**3. राजस्थान में राजमार्गों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. राज्य का सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग NH 52 है।
2. पूर्णत: राजस्थान से गुजरने वाला सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग NH 25 है।
3. राज्य का सर्वाधिक लम्बा राज्य राजमार्ग (SH-1) झालावाड़ से मथुरा तक जाता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 2 और 3

**4. जयपुर मेट्रो रेल सेवा के विभिन्न चरणों के संदर्भ में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (मेट्रो चरण) | सूची-II (विशेषता / मार्ग) |
|---|---|
| a. चरण-1A | 1. बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर |
| b. चरण-1B | 2. प्रहलादपुरा से टोड़ी मोड़ (फेज-2) |
| c. चरण-1C | 3. मानसरोवर से चांदपोल |
| d. उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर | 4. चांदपोल से बड़ी चौपड़ |

कूट: (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**5. राज्य की 'सड़क परिवहन योजनाओं' और उनके उद्देश्यों के संदर्भ में कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) ग्रामीण गौरव पथ योजना | प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 1 कि.मी. लंबी सड़क व जल निकासी का निर्माण |
| (B) चेतक परियोजना | सीमावर्ती इलाकों में सामरिक दृष्टि से सड़कों का निर्माण |
| (C) देवनारायण योजना | राज्य के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ना |
| (D) मिसिंग लिंक परियोजना | सड़क तंत्र के बीच छूटे हुए हिस्सों को जोड़ना |

**6. राजस्थान के हवाई अड्डों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. रातानाडा और जैसलमेर हवाई अड्डे मुख्य रूप से भारतीय वायुसेना के अधीन हैं।
2. डबोक एयरपोर्ट (महाराणा प्रताप हवाई अड्डा) अजमेर शहर में स्थित है।
3. राज्य का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट कोटकासिम (खैरथल-तिजारा) में प्रस्तावित है।
4. कोलाना हवाई पट्टी का नाम बदलकर 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय हवाई पट्टी' किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा रेलवे मंडल और उसका संबंधित रेलवे जोन सही सुमेलित नहीं है?**

| सूची-I (रेलवे मंडल) | सूची-II (संबद्ध रेलवे जोन) |
|---|---|
| (A) जयपुर | उत्तर-पश्चिम रेलवे |
| (B) बीकानेर | उत्तर-पश्चिम रेलवे |
| (C) कोटा | पश्चिम रेलवे |
| (D) जोधपुर | उत्तर-पश्चिम रेलवे |

**8. राजस्थान परिवहन से जुड़े "प्रथम" तथ्यों के आधार पर सही कूट का चयन कीजिए:**

| | |
|---|---|
| a. राज्य का प्रथम ईट राईट स्टेशन | 1. घाट की गुणी सुरंग |
| b. देश की पहली पॉल्यूशन फ्री टनल | 2. जयपुर रेलवे स्टेशन |
| c. राज्य का पहला हैंगिंग ब्रिज | 3. गाँधीनगर रेलवे स्टेशन |
| d. राज्य का प्रथम ऑल वूमन रेलवे स्टेशन | 4. चम्बल नदी (NH 27) |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**9. राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (NHDP) के अंतर्गत राजस्थान से गुजरने वाले गलियारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

1. स्वर्णिम चतुर्भुज योजना राजस्थान के जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर से होकर गुजरती है, जिसका मुख्य राजमार्ग NH-48 है।
2. पूर्व-पश्चिम गलियारा (सिलचर से पोरबंदर) राजस्थान के केवल एक जिले धौलपुर से होकर गुजरता है।
3. उत्तर-दक्षिण गलियारा (कश्मीर से कन्याकुमारी) राजस्थान में NH-27 के माध्यम से सिरोही, उदयपुर और कोटा से गुजरता है।

# 17 राजस्थान में कृषि परिदृश्य : प्रमुख फसलें, कृषिक्षेत्र की वर्तमान स्थिति एवं कृषि विपणन
## [Agriculture Scenario in Rajasthan : Major Crops, Current Status of Agriculture Sector and Agriculture Marketing]

**1. सूची-I (कृषि/अनुसंधान संस्थान) को सूची-II (स्थान/स्थापना वर्ष) के साथ सुमेलित करें तथा नीचे दिए गएकूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. काजरी (CAZRI) | 1. 1956, सूरतगढ़ |
| b. केन्द्रीय कृषि फार्म | 2. 1959, जोधपुर |
| c. राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र | 3. 1957, जयपुर |
| d. RAJFED (राजफैड) | 4. तबीजी, अजमेर |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**2. राजस्थान में 'एक जिला एक उत्पाद' (ODOP) योजना के तहत चयनित जिलों और उनके उत्पादों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(A) बीकानेर - मोठ (भुजिया, नमकीन, पापड़)
(B) सवाई माधोपुर - अमरूद
(C) जालौर - संतरा / नारंगी
(D) कोटा - धनिया

**3. राजस्थान के कृषि जलवायु प्रदेशों और उनमें शामिल जिलों को सुमेलित करें:**

| सूची-1 (जलवायु खण्ड) | सूची-2 (सम्मिलित जिले) |
|---|---|
| a. I-C (अति शुष्क आंशिक सिंचित पश्चिमी मैदानी क्षेत्र) | 1. कोटा, बारां, बूंदी एवं झालावाड़ |
| b. II-B (लूनी नदी का अन्तवर्ती मैदानी क्षेत्र) | 2. जालोर, सिरोही, पाली एवं ब्यावर (आंशिक) |
| c. IV-B (आर्द्र दक्षिणी मैदानी क्षेत्र) | 3. बीकानेर, जैसलमेर एवं चूरू (आंशिक) |
| d. V (आर्द्र दक्षिणी पूर्वी मैदानी क्षेत्र) | 4. बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ |

**कूट:** (A) a-3, b-2, c-4, d-1 (B) a-2, b-3, c-1, d-4
(C) a-3, b-4, c-2, d-1 (D) a-4, b-1, c-3, d-2

**4. निम्नलिखित फसलों और उनकी उन्नत किस्मों के संदर्भ में सही कूट का चयन कीजिए:**
1. गेहूँ - कोहिनूर, शरबती, खार्चिया-65
2. मक्का - माही कंचन, माही धवल, नवजोत
3. बाजरा - आरएचबी-30, राजस्थान 171, मोती
4. चावल - माही सुगंधा, परमल, कावेरी

**दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**
(A) 1 और 2 (B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**5. विभिन्न कृषि क्रांतियों और उनके संबंधित क्षेत्रों का सही मिलान करें:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. पीली क्रांति | 1. आलू उत्पादन |
| b. गोल क्रांति | 2. तिलहन/सरसों उत्पादन |
| c. गुलाबी क्रांति | 3. बागवानी |
| d. स्वर्णिम क्रांति | 4. झींगा मछली उत्पादन |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**6. राष्ट्रीय स्तर पर फसलों की स्थिति (2023-24) के अनुसार, राजस्थान का निम्नलिखित में से किन फसलों के उत्पादन में देश में 'प्रथम' स्थान है?**
a. बाजरा b. मूंगफली
c. कुल तिलहन d. पोषक / मोटा अनाज
e. चना

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, c (B) a, c, d
(C) b, d, e (D) a, c, e

**7. विशिष्ट कृषि उपज मण्डियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित नहीं है?**
(A) अश्वगंधा मंडी - झालरापाटन (झालावाड़)
(B) धनिया मंडी - रामगंज मण्डी (कोटा)
(C) लहसुन मंडी - छीपाबड़ौद (बारां)
(D) मेहंदी मंडी - भीनमाल (जालौर)

**8. कृषि गणना 2015-16 के अनुसार राजस्थान में विभिन्न श्रेणियों के भूमि जोतों का उनके प्रतिशत वितरण के आधार पर अवरोही क्रम (अधिक से कम) क्या है?**
a. सीमान्त जोत b. लघु जोत
c. अर्ध मध्यम जोत d. मध्यम जोत
e. बड़े आकार के जोत

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, c, b, d, e (B) a, b, c, d, e
(C) e, d, c, b, a (D) b, a, c, d, e

**9. राजस्थान के प्रमुख कृषि उत्कृष्टता केंद्रों और उनके स्थानों का सही मिलान करें:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. सिट्रस उत्कृष्टता केंद्र | 1. देवडावास (टोंक) |
| b. अमरूद उत्कृष्टता केंद्र | 2. सगरा-भोजका (जैसलमेर) |
| c. खजूर उत्कृष्टता केंद्र | 3. नांता (कोटा) |
| d. अनार उत्कृष्टता केंद्र | 4. डिंडोल (बस्सी, जयपुर) |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**10. नवीनतम आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, राजस्थान के भूमि उपयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. राज्य का कुल रिपोर्ट किया गया क्षेत्रफल 343.43 लाख हेक्टेयर है।
2. शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल राज्य के कुल भूमि उपयोग का सर्वाधिक 53.02% है।
3. वानिकी क्षेत्र कुल भूमि का 10.11% हिस्सा घेरता है।
4. विविध वृक्ष फसलों एवं उपवनों के तहत भूमि का उपयोग सबसे कम (केवल 0.11%) है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) 2 और 4 (D) केवल 4

**11. राजस्थान में फसलों के सर्वाधिक उत्पादन (2023-24 के आँकड़े) वाले जिलों का सही सुमेलित क्रम चुनें:**

| सूची-1 (फसल) | सूची-2 (सर्वाधिक उत्पादक जिला) |
|---|---|
| a. गेहूँ | 1. बाड़मेर |
| b. जीरा | 2. झालावाड़ |
| c. सोयाबीन | 3. हनुमानगढ़ |
| d. सरसों | 4. बीकानेर |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-3, c-4, d-2

**12. फसलों की बीमारियों और उनके प्रभावित होने वाली फसलों का सही मिलान करें:**

| सूची-1 (रोग) | सूची-2 (संबंधित फसल) |
|---|---|
| a. मोल्या रोग | 1. सरसों |
| b. अरगट (Ergot) रोग | 2. गन्ना |
| c. व्हाइट रस्ट | 3. गेहूँ/जौ |
| d. रेड रोट (लाल सड़न) | 4. बाजरा |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-1, b-4, c-3, d-2

**13. मौसम के आधार पर फसलों के वर्गीकरण और उनके बुवाई के समय को सही तार्किक क्रम (पहले से बाद की ओर) में व्यवस्थित करें:**

a. रबी (उनालू) की फसल
b. खरीफ (सावणू) की फसल
c. जायद की फसल

(उपरोक्त को एक कृषि कैलेंडर वर्ष (जून से आरंभ) के अनुसार क्रमबद्ध करें)

(A) b, a, c (B) a, b, c
(C) c, b, a (D) b, c, a

**14. राजस्थान की नवीनतम आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के आर्थिक योगदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. स्थिर मूल्यों (2011-12) पर कृषि और संबद्ध क्षेत्र के सकल राज्य मूल्य वर्धन (G.S.V.A.) में 2021-22 से 2025-26 के मध्य सालाना औसत वृद्धि दर 3.82% रही है।
2. प्रचलित मूल्यों पर G.S.V.A. में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का योगदान वर्ष 2011-12 के 28.56% की तुलना में बढ़कर वर्ष 2025-26 में 30.12% हो गया है।

**उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**15. वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार राजस्थान में कृषि उत्पादन की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?**

(A) कुल खाद्यान्न उत्पादन 283.98 लाख मैट्रिक टन रहने की संभावना है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.28% कम है।
(B) कुल तिलहन उत्पादन 100.46 लाख मैट्रिक टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.18% की वृद्धि दर्शाता है।
(C) गन्ना एवं कपास दोनों के उत्पादन में वर्ष 2024-25 की तुलना में वृद्धि अनुमानित है।
(D) रबी दलहन उत्पादन 26.61 लाख मैट्रिक टन अनुमानित है, जिसमें 22.34% की वृद्धि दर्ज की गई है।

**16. कपास (सफेद सोना) की कृषि और इसके प्रकारों को उनसे संबंधित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों के साथ सुमेलित करें:**

| सूची-1 (कपास के प्रकार/विशेषता) | सूची-2 (संबंधित क्षेत्र/तथ्य) |
|---|---|
| a. देशी कपास | 1. भरतपुर, सिरोही एवं बीकानेर |
| b. अमेरिकी कपास | 2. गंगानगर, जोधपुर, बांसवाड़ा एवं झुंझुनूं |
| c. मालवी कपास | 3. बॉसवाड़ा (उपकेंद्र) |
| d. कपास सुधार परियोजना | 4. गंगानगर, हनुमानगढ़, बॉसवाड़ा |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-2, b-1, c-4, d-3 (D) a-1, b-4, c-2, d-3

**17. राजस्थान में कृषि क्षेत्र की 'प्रथम' पहलों को उनके संबंधित स्थानों के साथ सुमेलित करें:**

| सूची-1 (कृषि क्षेत्र की प्रथम पहल) | सूची-2 (स्थान) |
|---|---|
| a. राज्य का पहला जैविक जिला | 1. फतेहपुर (सीकर) |
| b. पहली निजी कृषि मंडी | 2. मंडोर (जोधपुर) |
| c. पहला कृषि विज्ञान केन्द्र | 3. कैथून (कोटा) |
| d. पहला पादप क्लिनिक | 4. डूंगरपुर |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-3, c-4, d-2

**18. राजस्थान में प्रचलित कृषि पद्धतियों और उनकी विशेषताओं का सही मिलान करें:**

| सूची-1 (कृषि का प्रकार) | सूची-2 (फसलों का उत्पादन/विशेषता) |
|---|---|
| a. मोनो कृषि | 1. एक कृषि वर्ष में एक खेत में चार बार फसलों का उत्पादन |
| b. ड्यूऑ कल्चर | 2. एक कृषि वर्ष में एक खेत में तीन |

# 18 राजस्थान में पशु संपदा एवं डेयरी विकास [Livestock and Dairy Development in Rajasthan]

**1. राजस्थान में पशुगणना और उसके इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
1. भारत की पहली पशुगणना 1919-20 में की गई थी।
2. एकीकृत राजस्थान बनने के बाद राज्य की पहली पशुगणना 1961 में हुई।
3. राज्य में पशुगणना का कार्य राजस्व मंडल, अजमेर द्वारा हर 5 वर्ष में किया जाता है।
4. 20वीं पशुगणना अक्टूबर 2019 में पशुपालन, मत्स्य और डेयरी मंत्रालय द्वारा जारी की गई।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं (B) केवल 2, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 1, 3 और 4 सही हैं (D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**2. राजस्थान की पशु संपदा (2019) के संदर्भ में अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
**अभिकथन (A):** 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार राजस्थान के कुल पशुधन में 1.66% की कमी दर्ज की गई है।
**कारण (R):** वर्ष 2019 में गधों और ऊँटों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जबकि भैंस और गौवंश की संख्या में वृद्धि हुई है।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**3. गौवंश की नस्लों और उनके उत्पत्ति/वितरण क्षेत्र को सुमेलित कीजिए-**

| **List-1 (नस्ल)** | **List-2 (उत्पत्ति/वितरण क्षेत्र)** |
|---|---|
| a. नागौरी | 1. कच्छ का रण / सांचौर |
| b. कांकरेज | 2. मालाणी क्षेत्र |
| c. थारपारकर | 3. सोहालक ग्राम |
| d. राठी | 4. साहीवाल और हरियाणा नस्ल का मिश्रण |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**4. राजस्थान में गौ-सेवा से जुड़ी विभिन्न पहलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
1. देश का प्रथम गौ IVF सेंटर जोजावर (पाली) में स्थापित किया गया है।
2. देश की प्रथम गोमूत्र रिफाइनरी व बैंक सांचौर (जालौर) में है।
3. बुल मदर फार्म चांदन गाँव (जैसलमेर) में स्थित है।
4. राज्य का प्रथम गौ-अभयारण्य नापासर (बीकानेर) में प्रस्तावित है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी

**5. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है? (भेड़ की नस्ल - उपनाम / विशेषता)**
(A) चौकला - भारतीय मेरिनो
(B) मगरा - बीकानेरी चौकला
(C) मारवाड़ी - सर्वाधिक ऊन उत्पादन प्रदान करने वाली नस्ल
(D) सोनाड़ी/चनोथर - सर्वाधिक दूध देने वाली नस्ल

**6. 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार, राजस्थान में प्रमुख पशुओं के कुल पशुधन में प्रतिशत वितरण को अवरोही क्रम (सर्वाधिक से न्यूनतम) में व्यवस्थित कीजिए-**
a. गाय b. भैंस
c. बकरी d. भेड़

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) c, a, b, d (B) c, b, a, d
(C) a, c, b, d (D) a, b, c, d

**7. भेड़ों और ऊन विकास से जुड़े संस्थानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**
1. केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड जोधपुर में स्थित है।
2. एशिया की सबसे बड़ी ऊन मंडी बीकानेर में स्थित है।
3. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान (CSWRI) की स्थापना 1962 में अविकानगर (टोंक) में की गई।
4. विदेशी ऊन का आयात-निर्यात केन्द्र जैसलमेर में है।

**दिए गए कथनों में से कौन–से सही हैं?**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी

**8. बकरियों की नस्लों को उनकी प्रमुख विशेषताओं के साथ सुमेलित कीजिए-**

| **List-1 (नस्ल)** | **List-2 (विशेषता)** |
|---|---|
| a. मारवाड़ी/लोही | 1. सर्वाधिक दूध देने वाली सर्वश्रेष्ठ नस्ल |
| b. अलवरी (जखराना) | 2. काजरी द्वारा तैयार बिना सींग वाली नस्ल |
| c. शेखावाटी | 3. दूध उत्पादन के लिए प्रसिद्ध सुन्दर नस्ल |
| d. बारबरी | 4. राज्य में सर्वाधिक संख्या एवं मांस हेतु प्रसिद्ध |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-3, b-1, c-2, d-4

**9. 20वीं पशुगणना (2019) के आधार पर जिलों को उनके पशु**

# 19 राजस्थान के ऊर्जा संसाधन : परम्परागत एवं गैर-परम्परागत [Energy Resources of Rajasthan : Conventional & Non-Conventional]

**1. राजस्थान की प्रमुख तापीय विद्युत परियोजनाओं और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (परियोजना) | सूची-2 (विशेषता) |
|---|---|
| a. सूरतगढ़ सुपर थर्मल | 1. सीधे सुपर क्रिटिकल इकाइयाँ स्थापित |
| b. छबड़ा थर्मल पावर | 2. राज्य का निजी क्षेत्र का प्रथम सुपर तापीय विद्युत गृह |
| c. कालीसिंध थर्मल पावर | 3. राजस्थान का पहला सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन |
| d. कवई सुपर क्रिटिकल | 4. राजस्थान का पहला सुपर थर्मल पावर स्टेशन |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**2. राजस्थान में ऊर्जा संसाधनों के विकास और संस्थागत ढाँचे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. 1 जुलाई 1957 को राजस्थान राज्य विद्युत बोर्ड (RSEB) का गठन किया गया था।
2. 19 जुलाई 2000 को RSEB को पाँच कंपनियों में विभाजित किया गया।
3. राजस्थान विद्युत नियामक प्राधिकरण (RERC) की स्थापना 2 जनवरी 2000 को हुई, जिसका मुख्यालय जोधपुर में है।
4. दिसम्बर 2025 तक राज्य की कुल अधिष्ठापित ऊर्जा क्षमता 31556.43 मेगावाट हो गई है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

**कूट:** (A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**3. राजस्थान की विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं और उनमें राज्य के हिस्से (प्रतिशत में) के संदर्भ में सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (परियोजना) | सूची-2 (राजस्थान का अंश) |
|---|---|
| a. भाखड़ा नांगल परियोजना | 1. 50% |
| b. व्यास परियोजना (पोंग बाँध) | 2. 100% |
| c. चम्बल परियोजना | 3. 58.5% |
| d. माही परियोजना | 4. 15.22% |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**4. सौर ऊर्जा आधारित प्रथम प्रयोगों और उनके स्थानों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (प्रथम प्रयोग) | सूची-2 (स्थान) |
|---|---|
| a. सौर ऊर्जा संचालित पहली नाव | 1. मनोहरपुर (जयपुर) |
| b. पहला सौर ऊर्जा संचालित फ्रिज | 2. नया गांव (जयपुर) |
| c. पहला सौर ऊर्जा विद्युतीकृत गांव | 3. पिछोला झील (उदयपुर) |
| d. पहला सौर ऊर्जा संचालित ATM | 4. बालेसर (जोधपुर) |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-2, c-4, d-1 (D) a-1, b-4, c-3, d-2

**5. गैस आधारित विद्युत परियोजनाओं के संदर्भ में नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**

**अभिकथन (A):** अंता गैस विद्युत परियोजना (बारां) राजस्थान की स्वयं की पहली गैस आधारित परियोजना है।

**कारण (R):** धौलपुर गैस कम्बाईड साइकिल परियोजना गैस और नेफ्था दोनों पर आधारित है तथा यहाँ गेल (GAIL) द्वारा गैस की आपूर्ति की जाती है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**6. राजस्थान में बायोगैस और बायोमास ऊर्जा संसाधनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**
1. बायोगैस की संरचना में मुख्यत: 65% मीथेन और 30% कार्बन डाइऑक्साइड होती है।
2. राज्य में बायोगैस संयंत्रों की सर्वाधिक संख्या उदयपुर जिले में है।
3. राज्य का पहला बायोमास संयंत्र पद्मपुरा (श्रीगंगानगर) में स्थापित किया गया।
4. राजस्थान बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति 26 जनवरी 2010 को जारी की गई।

**कूट:** (A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**7. पवन ऊर्जा संयंत्रों और उनके संबंधित जिलों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (पवन ऊर्जा संयंत्र) | सूची-2 (जिला) |
|---|---|
| a. अमर सागर | 1. सीकर |
| b. देवगढ़ | 2. फलौदी |
| c. बीठड़ी | 3. प्रतापगढ़ |
| d. हर्ष पर्वत | 4. जैसलमेर |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-2, b-3, c-4, d-1

**8. लिग्नाइट कोयला आधारित तापीय परियोजनाओं और उनकी विशेषताओं/संचालन एजेंसियों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (परियोजना) | सूची-2 (विशेषता/संचालक) |
|---|---|
| a. गिरल लिग्नाइट थर्मल प्लांट | 1. नैवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित |
| b. गुढ़ा थर्मल पावर प्रोजेक्ट | 2. RSMML और राजवेस्ट पावर लि. का संयुक्त उपक्रम |

# 20 राजस्थान में औद्योगिक विकास; प्रमुख उद्योग व नव प्रवृतियाँ [Industrial Development in Rajasthan; Major Industries and New Trends]

**1. राजस्थान से होने वाले निर्यात (वर्ष 2024-25) और निर्यात संवर्धन पहलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राज्य के कुल निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तुओं का सर्वाधिक 20.43% योगदान है।
2. नीति आयोग की निर्यात तैयारी और प्रदर्शन रैंकिंग (EPI-2024) में राजस्थान को बड़े राज्यों में 17वां स्थान प्राप्त हुआ है।
3. 'मिशन निर्यातक बनो' योजना की शुरुआत 5 दिसंबर 2022 को की गई थी।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 सही हैं (B) केवल 2 और 3 सही हैं
(C) केवल 1 और 3 सही हैं (D) 1, 2 और 3 तीनों सही हैं

**2. राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र में अर्थव्यवस्था के उपक्षेत्रों के योगदान (2025-26 के अग्रिम अनुमान अनुसार प्रचलित मूल्यों पर) को सर्वाधिक से न्यूनतम के सही अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. विनिर्माण
b. खनन एवं उत्खनन
c. निर्माण
d. विद्युत, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएँ

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, c, b, d (B) c, a, d, b
(C) a, c, d, b (D) c, a, b, d

**3. राजस्थान में चीनी उद्योग के विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन असत्य है?**

(A) राज्य की पहली चीनी मिल 1932 में भूपालसागर (चित्तौड़गढ़) में निजी क्षेत्र में स्थापित की गई थी।
(B) राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स (RSGSM) मूल रूप से 1945 में बीकानेर इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लि. के नाम से स्थापित हुई थी।
(C) 1965 में केशोरायपाटन (बूंदी) में सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिल स्थापित की गई।
(D) 1968 में चुकंदर से चीनी बनाने का प्रथम प्लांट राजस्थान में स्थापित किया गया था।

**4. राजस्थान के प्रमुख औद्योगिक पार्कों और उनके स्थानों को सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (औद्योगिक पार्क/जोन)** | **सूची-2 (संबंधित स्थान)** |
|---|---|
| a. मेड टेक मेडिकल डिवाइसेज पार्क | 1. बोरानाडा (जोधपुर) |
| b. स्पोर्ट्स गुड्स टॉयज जोन | 2. जमवारामगढ़ (जयपुर) |
| c. सिरेमिक (टाइल्स) पार्क | 3. तिवरी (जोधपुर) |
| d. हैंडीक्राफ्ट पार्क | 4. खारा (बीकानेर) |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**5. राजस्थान में काँच उद्योग की प्रमुख इकाइयों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

1. दी हाईटेक प्रिसीजन ग्लास वर्क्स - गंगानगर शुगर मिल्स द्वारा संचालित
2. सेमकोर ग्लास फैक्ट्री - भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा)
3. सेंट गोविन ग्लास फैक्ट्री - कोटा
4. इमर्ज ग्लास फैक्ट्री - बहरोड़ (कोटपूतली-बहरोड़)

**इनमें से कौन से युग्म सुमेलित नहीं हैं?**

(A) 1 और 4 (B) 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) 2 और 4

**6. 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (MYSY) 2026' के अंतर्गत ऋण और मार्जिन मनी के प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों का विश्लेषण करें:**

1. यह योजना 18 से 45 वर्ष के 1 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 15 जनवरी 2026 को जारी की गई।
2. 8वीं से 12वीं कक्षा पास आवेदकों को विनिर्माण क्षेत्र में ₹7.5 लाख तक की अधिकतम ऋण सीमा तय की गई है।
3. स्नातक / आई.टी.आई पास आवेदकों को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में ₹10 लाख तक के ऋण पर 10% (अधिकतम ₹50 हजार) मार्जिन मनी दी जाती है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें -**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3 सभी

**7. राजस्थान के सार्वजनिक उपक्रमों और उनकी स्थापना वर्ष को सही सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (निगम/कंपनी)** | **सूची-2 (स्थापना वर्ष)** |
|---|---|
| a. राजस्थान राज्य हथकरघा विकास निगम लिमिटेड | 1. 1955 |
| b. राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसीको) | 2. 1961 |
| c. राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड | 3. 1984 |
| d. ग्रामीण गैर-कृषि विकास एजेंसी (RUDA) | 4. 1995 |

**कूट:** (A) a-3, b-2, c-1, d-4 (B) a-2, b-3, c-1, d-4
(C) a-3, b-1, c-2, d-4 (D) a-4, b-2, c-1, d-3

**8. 'एक जिला एक उत्पाद (ODOP) नीति 2024' के अंतर्गत विभिन्न जिलों और उनके चयनित उत्पादों का कौन सा युग्म असंगत है?**

(A) जालौर - ग्रेनाइट उत्पाद
(B) अलवर - ऑटोमोबाइल पार्ट्स
(C) नागौर - लकड़ी के फर्नीचर उत्पाद
(D) प्रतापगढ़ - थेवा आभूषण

**9. राज्य के प्रमुख इंजीनियरिंग उद्योगों और उनके स्थानों को सुमेलित कीजिए:**

# 21 राजस्थान में सहकारिता आंदोलन [Cooperative Movement in Rajasthan]

**1. राजस्थान की रियासतों द्वारा सहकारिता के संबंध में बनाए गए कानूनों को उनके लागू होने के वर्ष के अनुसार पहले से बाद के क्रम (कालक्रमानुसार) में व्यवस्थित करें:**

1. जोधपुर 2. बीकानेर
3. भरतपुर 4. कोटा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) 3, 4, 2, 1 (B) 4, 3, 2, 1
(C) 3, 2, 4, 1 (D) 2, 3, 1, 4

**2. राजस्थान की प्रमुख सहकारी संस्थाओं और उनके स्थापना वर्ष के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (संस्था) | सूची-2 (स्थापना वर्ष) |
|---|---|
| a. राजफैड (RAJFED) | 1. 1993 |
| b. कॉन्फैड (CONFED) | 2. 1976 |
| c. राजस संघ (RAJAS SANGH) | 3. 1967 |
| d. स्पिनफैड (SPINFED) | 4. 1957 |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-1, b-3, c-4, d-2

**3. सहकारी समितियों की संवैधानिक स्थिति और राजस्थान के विशेष योगदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. 97वें संविधान संशोधन (2011) द्वारा सहकारी समितियों को संवैधानिक दर्जा दिया गया और संविधान में भाग 9ख जोड़ा गया।
2. अनुच्छेद 19(1)(C) के तहत सहकारी समितियां गठित करना एक मौलिक अधिकार घोषित किया गया।
3. राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने सहकारी समिति के सदस्यों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास अनिवार्य की है।
4. राजस्थान में सहकारी समिति के सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष निर्धारित किया गया है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें:**

(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 2 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. सहकारिता विभाग की प्रमुख योजनाओं और उनके प्रावधानों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (योजना) | सूची-2 (प्रावधान/उद्देश्य) |
|---|---|
| a. सहकार सुगम कार्ड योजना | 1. 2.5 लाख दुग्ध उत्पादक कृषक परिवारों को 1 लाख तक का ब्याज-मुक्त ऋण |
| b. बेबी ब्लैकेट योजना | 2. लघु एवं अति लघु उद्यमियों को व्यावसायिक आवश्यकता हेतु 50,000 तक ऋण |
| c. सहकार प्रभा योजना | 3. निर्मित भवनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए 7 लाख तक का ऋण |
| d. गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना | 4. कृषि और संबद्ध कार्यों के लिए 5 लाख तक का ऋण 3 वर्ष की अवधि के लिए |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-3, b-2, c-1, d-4

**5. राजफैड (RAJFED) द्वारा संचालित विभिन्न संयंत्रों और उनके स्थानों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

1. पशु आहार संयंत्र - झोटवाड़ा, जयपुर
2. कीटनाशक दवाई संयंत्र - आबूरोड, सिरोही
3. ईसबगोल संयंत्र - झोटवाड़ा, जयपुर
4. सहकारी खारगम संयंत्र - नागौर

**उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?**

(A) केवल 1 और 4 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1, 2 और 3 (D) केवल 3 और 4

**6. राजस्थान में सहकारिता आंदोलन के विकास की प्रारंभिक संस्थाओं को उनके स्थापना वर्ष के अनुसार क्रमानुसार (सबसे पहले से सबसे बाद में) व्यवस्थित करें:**

1. प्रथम केंद्रीय सहकारी बैंक (अजमेर)
2. प्रथम प्राथमिक भूमि विकास बैंक (अजमेर)
3. प्रथम सहकारी साख समिति (भिनाय)
4. प्रथम सहकारी कृषि बैंक (डीग-भरतपुर/अजमेर)

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) 4, 3, 1, 2 (B) 3, 4, 1, 2
(C) 4, 1, 3, 2 (D) 1, 4, 3, 2

**7. तिलम संघ (राजस्थान राज्य सहकारी तिलहन उत्पादन संघ लि.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. तिलम संघ की स्थापना 3 जुलाई 1990 को हुई और इसने 1 जनवरी 1991 से विधिवत रूप से कार्य प्रारम्भ किया।
2. वर्ष 2021 में तिलम संघ का विलय स्पिनफैड (SPINFED) में कर दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

**8. राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र की वर्तमान स्थिति के संबंध में शीर्ष स्तर पर सक्रिय संस्थाओं और उनकी संख्या को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (संस्था) | सूची-2 (सक्रिय संख्या) |
|---|---|
| a. केंद्रीय सहकारी बैंक | 1. 38 |
| b. उपभोक्ता थोक भंडार | 2. 29 |
| c. दुग्ध संघ | 3. 41 |
| d. अरबन सहकारी बैंक | 4. 24 |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**9. राजस्थान में 'प्रथम' उपलब्धियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन पूरी तरह सही है/हैं?**

1. राजस्थान सहकारी किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।

# 22 राजस्थान में गरीबी एवं बेरोजगारी की स्थिति [Situation of Poverty & Unemployment in Rajasthan]

**1. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें और दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें:**

**अभिकथन (A):** डॉ. वाई.के. अलघ समिति ने गरीबी मापन के लिए कैलोरी खपत का मानक अपनाया था।

**कारण (R):** इस समिति ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2100 कैलोरी और शहरी क्षेत्र के लिए 2400 कैलोरी निर्धारित की थी।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**2. राजस्थान में गरीबी के आँकड़ों (2011-12) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. सुरेश तेंदुलकर समिति के अनुसार 2011-12 में राजस्थान में कुल गरीबी 14.7% थी।
2. सी. रंगराजन समिति के अनुसार 2011-12 में राजस्थान में कुल गरीबी 21.7% थी।
3. सी. रंगराजन समिति के अनुसार 2011-12 में राजस्थान में शहरी गरीबी 24.4% थी।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 सही हैं (B) केवल 2 और 3 सही हैं
(C) केवल 1 और 3 सही हैं (D) 1, 2 और 3 तीनों सही हैं

**3. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के 'न्यूनतम कार्यशील जनसंख्या प्रतिशत' वाले जिलों को कम से अधिक (Lowest to Highest) के सही क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. सीकर b. कोटा
c. जयपुर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, b, c (B) c, a, b
(C) a, c, b (D) b, a, c

**4. गरीबी मापन से संबंधित समितियों (सूची-1) को उनके गठन के वर्ष (सूची-2) से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. वाई.के. अलघ समिति | 1. 1989 |
| b. लकड़ावाला समिति | 2. 2012 |
| c. सुरेश तेंदुलकर समिति | 3. 1977 |
| d. सी. रंगराजन समिति | 4. 2005 |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-1, b-3, c-2, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-1, c-3, d-2

**5. राष्ट्रीय बहुआयामी निर्धनता सूचकांक (2023) के संदर्भ में राजस्थान की स्थिति से जुड़े कौन-से कथन सही हैं?**

1. राजस्थान का निर्धनता अनुपात 15.31% रहा है।
2. गरीबी के मामले में राजस्थान का देश में 10वाँ स्थान है।
3. राज्य का सबसे गरीब जिला प्रतापगढ़ (29.68%) है।
4. राज्य का सबसे कम गरीब जिला जयपुर है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1, 2 और 4 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 3 (D) केवल 1 और 3

**6. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:**

**अभिकथन (A):** प्रच्छन्न बेरोजगारी (Disguised Unemployment) भारत के कृषि क्षेत्र में सामान्यतः पाई जाती है।

**कारण (R):** इस स्थिति में आवश्यकता से अधिक लोग एक ही काम में लगे रहते हैं, किंतु उनके योगदान से उत्पादन में कोई अतिरिक्त वृद्धि नहीं होती।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**7. बेरोजगारी के प्रकार (सूची-1) को उनकी विशेषताओं (सूची-2) से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. चक्रीय बेरोजगारी | 1. प्रौद्योगिकी व मांग के पैटर्न में बदलाव के कारण उत्पन्न |
| b. संरचनात्मक बेरोजगारी | 2. एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में जाने की प्रक्रिया के दौरान |
| c. संघर्षात्मक बेरोजगारी | 3. ईंट भट्टों व गन्ना पिराई जैसे कार्यों में पाई जाने वाली स्थिति |
| d. मौसमी बेरोजगारी | 4. पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार चक्र (मंदी-उछाल) का परिणाम |

**कूट:** (A) a-1, b-4, c-3, d-2 (B) a-4, b-1, c-2, d-3
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की 43.60% जनसंख्या कार्यशील है।
2. CMIE (नवंबर 2024) रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान बेरोजगारी के मामले में देश में पहले स्थान पर है।
3. 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक और न्यूनतम कार्यशील जनसंख्या वाले जिले क्रमशः जयपुर और जैसलमेर हैं।

**इनमें से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 2 और 3 (D) केवल 1 और 3

# 23 राज्य में सामाजिक-आर्थिक कल्याणकारी योजनाएँ [Socio-Economic Welfare Schemes in the State]

**1. बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं और उनकी वित्त पोषित संस्थाओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (परियोजना का नाम) | सूची-2 (वित्त पोषित संस्था) |
|---|---|
| a. राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास कार्यक्रम (चरण-तृतीय) | 1. विश्व बैंक |
| b. राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना | 2. एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) |
| c. मरु क्षेत्र के लिये राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्संरचना परियोजना | 3. जिका (JICA) |
| d. राजस्थान में सार्वजनिक वित्तीय प्रबन्धन के सुदृढ़ीकरण की परियोजना | 4. एन.डी.बी. (NDB) |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-3, b-2, c-4, d-1

**2. 'श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना (ग्रामीण एवं शहरी)' के संदर्भ में कौन सा कथन असत्य है?**

(A) ग्रामीण कस्बों में यह योजना राजीविका के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित है।
(B) इस योजना के तहत लाभार्थी से प्रति थाली ₹8 लिए जाते हैं तथा राज्य सरकार द्वारा ₹22 का अनुदान दिया जाता है।
(C) प्रत्येक लाभार्थी को परोसी जाने वाली थाली में कुल 450 ग्राम भोजन सामग्री होती है।
(D) ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में यह योजना 6 जनवरी, 2024 से 'श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना' के नाम से प्रारम्भ की गई।

**3. शिक्षा एवं ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था से संबंधित योजनाओं और उनकी पात्रता/लाभ के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (योजना) | सूची-2 (पात्रता/देय लाभ) |
|---|---|
| a. मुख्यमंत्री सम्बल योजना | 1. 10वीं पास 2 मेधावी छात्राएं, 1 BPL व 1 अनाथ बालिका प्रति जिला |
| b. मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना | 2. D.El.Ed. अध्ययन करने वाली विधवा/परित्यक्ता महिलाओं को ₹9000 शिक्षण शुल्क |
| c. देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना | 3. कक्षा 9 से 12 की छात्राएं (दूरी 5 किमी से अधिक) |
| d. ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना (प्रथम चरण) | 4. अति पिछड़े वर्ग की बालिकाएं (पारिवारिक आय ₹2.50 लाख से कम) |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**4. पी.एम. स्वनिधि 2.0 (प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि) योजना के अंतर्गत नई व्यवस्थाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(A) इस योजना को मार्च 2030 तक के लिए बढ़ाया गया है।
(B) इसमें ₹15,000, ₹25,000 एवं ₹50,000 की तीन ऋण श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं।
(C) प्रत्येक ऋण श्रेणी पर केंद्र सरकार द्वारा वार्षिक 9 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा।
(D) डिजिटल लेन-देन करने वाले लाभार्थियों को ₹1,200 तक कैशबैक की सुविधा दी जाएगी।

**5. अभिकथन (A): लाडो प्रोत्साहन योजना 1 अगस्त, 2024 से प्रारम्भ की गई, जिसमें बालिका के माता-पिता/अभिभावक एवं बालिका को कुल ₹1.50 लाख की राशि 7 किस्तों में दी जाती है।**
**कारण (R): मुख्यमंत्री हुनर विकास योजना का मुख्य लक्ष्य पालनहार योजना के लाभार्थियों को व्यवसायिक, तकनीकी प्रशिक्षण अथवा उच्च शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है।**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**6. अल्पसंख्यक कल्याण तथा अन्य समावेशी योजनाओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (योजना/अभियान) | सूची-2 (मुख्य विशेषता) |
|---|---|
| a. गिव अप अभियान | 1. अवैध शराब निर्माण में लिप्त समुदायों का पुनर्वास |
| b. विरासत योजना | 2. 15 किमी परिधि में 25% अल्पसंख्यक आबादी की अनिवार्यता |
| c. प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम | 3. अपात्रों द्वारा स्वैच्छिक रूप से खाद्य सुरक्षा लाभ छोड़ना |
| d. नवजीवन योजना | 4. पुरुष हस्तशिल्पियों को 5% तथा महिला हस्तशिल्पियों को 4% ब्याज पर ऋण |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-2, b-4, c-3, d-1
(C) a-3, b-1, c-2, d-4 (D) a-4, b-3, c-1, d-2

**7. अभिकथन (A): जन आधार कार्ड योजना में परिवार की मुखिया 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला को बनाया गया है।**
**कारण (R): नामांकित परिवारों को 11 अंकीय परिवार पहचान संख्या तथा प्रत्येक सदस्य को 10 अंकीय व्यक्तिगत पहचान संख्या प्रदान की जाती है।**

# 1 राजस्थान के इतिहास के महत्त्वपूर्ण स्रोत [Important Sources of History of Rajasthan]

**1. निम्नलिखित पुरालेखीय अभिलेखों को उनके खोजकर्ता, रचयिता अथवा उत्कीर्णकर्ता के साथ सुमेलित कीजिए:**

| **List-1 (अभिलेख)** | **List-2 (खोजकर्ता/रचयिता/उत्कीर्णकर्ता)** |
|---|---|
| a. घोसुण्डी शिलालेख | 1. कैप्टन बर्ट |
| b. बैराठ (भाब्रु) शिलालेख | 2. कृष्णेश्वर |
| c. घटियाला शिलालेख | 3. रणछोड़ भट्ट |
| d. राज प्रशस्ति | 4. डी.आर. भंडारकर |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**2. बिजोलिया शिलालेख के संदर्भ में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**

a. यह शिलालेख मूलतः एक दिगम्बर जैन लेख है जिसे दिगम्बर जैन श्रावक लोलाक ने लगवाया था।
b. इसमें परमारों की उत्पत्ति ऋषि वशिष्ठ के आबू यज्ञ से बताई गई है।
c. इस शिलालेख में चौहानों को वत्सगोत्रीय ब्राह्मण बताया गया है।
d. इसमें विग्रहराज चतुर्थ द्वारा दिल्ली को अपने अधीन किए जाने का उल्लेख मिलता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, c (B) a, c, d
(C) b, c, d (D) a, b, c, d

**3. अभिकथन (A): रैढ़ (टोंक) की खुदाई में मिले मौर्यकालीन पंचमार्क सिक्के भारत के प्राचीनतम सिक्के माने जाते हैं।**
**कारण (R): इन सिक्कों पर लेख नहीं होते थे और इन्हें ठप्पा मारकर बनाया जाता था, जिसके कारण जेम्स प्रिंसेप ने इन्हें आहत सिक्के कहा था।**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**4. मुगलकालीन पुरालेखीय सामग्री और उनके अर्थ को सुमेलित कीजिए:**

| **List-1 (दस्तावेज का प्रकार)** | **List-2 (अर्थ / विवरण)** |
|---|---|
| a. फरमान | 1. राजाओं का दूसरे राजा के साथ पत्र-व्यवहार |
| b. निशान | 2. बादशाह की मौजूदगी में शहजादे द्वारा जारी शाही आदेश |
| c. मंसूर | 3. बादशाह के परिवार के सदस्य द्वारा मनसबदार को मोहर के साथ आदेश |
| d. खरीता | 4. मुगल बादशाह द्वारा जारी शाही आदेश |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-2, b-3, c-4, d-1

**5. राजस्थान के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण ताम्रपत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

a. आहड़ के ताम्रपत्र (1206 ई.) में मूलराज से भीमदेव द्वितीय तक के सोलंकी राजाओं की वंशावली का विवरण है।
b. चीकली ताम्रपत्र (1483 ई.) में मेवाड़ रानी कर्मावती द्वारा जौहर के समय दिए गए भूमि अनुदान का विवरण है।
c. खेरोदा ताम्रपत्र (1437 ई.) में महाराणा कुंभा द्वारा एकलिंगजी में दान की गई भूमि व प्रचलित मुद्रा की जानकारी है।
d. कीटखेड़ी का ताम्रपत्र (1650 ई.) मेवाड़ राज्य की शैक्षणिक उन्नति पर प्रकाश डालता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, c (B) a, c, d
(C) b, c, d (D) a, b, c, d

**6. रियासतों में प्रचलित सिक्कों और संबंधित रियासत को सुमेलित कीजिए:**

| **List-1 (सिक्के का नाम)** | **List-2 (रियासत)** |
|---|---|
| a. झाड़शाही, मुहम्मदशाही | 1. डूंगरपुर |
| b. विजयशाही, डब्बूशाही | 2. जैसलमेर |
| c. अखैशाही, डोडिया | 3. जयपुर (आमेर) |
| d. उदयशाही, सालिमशाही | 4. जोधपुर (मारवाड़) |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-2, c-4, d-1 (D) a-1, b-4, c-2, d-3

**7. निम्नलिखित अभिलेखों को उनकी स्थापना के कालक्रमानुसार (प्राचीन से नवीन) सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**

a. मानमोरी शिलालेख b. बड़ली का शिलालेख
c. घटियाला शिलालेख d. वसंतगढ़ शिलालेख
e. बैराठ शिलालेख

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, e, d, a, c (B) e, b, d, a, c
(C) b, e, a, d, c (D) e, b, a, d, c

**8. अभिकथन (A): मुहणोत नैणसी री ख्यात को राजस्थान का गजेटियर भी कहा जाता है।**
**कारण (R): नैणसी जोधपुर के महाराजा जसवंत सिंह (प्रथम) के विश्वासपात्र दीवान थे और मुंशी देवी प्रसाद ने उन्हें राजपूताने का अबुल-फजल कहा है।**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या

नहीं करता है
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**9. महाराणा कुम्भा और मेवाड़ के इतिहास से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
a. कुम्भलगढ़ शिलालेख में हम्मीर को विषमघाटी पंचानन कहा गया है।
b. कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति के रचनाकार अत्रि और महेश थे तथा इसमें महाराणा कुम्भा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।
c. रणकपुर प्रशस्ति में केवल कुम्भा के लिए हिन्दू सुरताण पदवी का प्रयोग हुआ है और इसमें मुद्रा के लिए नाणक शब्द आया है।
d. अचलेश्वर अभिलेख में मेवाड़ को मेदपाट (चर्बी वाली भूमि) कहा गया है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(A) a, b, c (B) b, c, d
(C) a, c, d (D) a, b, c, d

**10. रियासती काल की प्रशासनिक बहियों और उनके विवरण को सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (बही/दस्तावेज का नाम) | List-2 (विवरण) |
|---|---|
| a. हकीकत बहियाँ | 1. सरकारी भवनों के निर्माण का ब्यौरा |
| b. वाक्या | 2. राजा की दिनचर्या का उल्लेख |
| c. कमठाना बही | 3. जयपुर राजपरिवार की दैनिक आवश्यकताओं का खर्च |
| d. सियाह हुजूर | 4. राजपरिवार की सामाजिक रस्में और शिष्टाचार |

कूट: (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-3, c-1, d-2

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (इतिहासकार एवं उनके आश्रयदाता/शासक) सुमेलित नहीं है?**

| List-1 (इतिहासकार) | List-2 (आश्रयदाता/शासक) |
|---|---|
| a. बांकीदास आशिया | 1. जोधपुर महाराजा मानसिंह |
| b. महाकवि सूर्यमल्ल मीसण | 2. बूंदी शासक रामसिंह |
| c. श्यामलदास दधवाड़िया | 3. बीकानेर महाराजा रतनसिंह |
| d. दयालदास सिंढ़ायच | 4. बीकानेर महाराजा रतनसिंह |

कूट: (A) केवल a (B) केवल c
(C) b और d (D) केवल b

**12. राजस्थान के प्रमुख संग्रहालयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?**
a. अल्बर्ट हॉल म्यूजियम (जयपुर) की स्थापना महाराजा रामसिंह के समय हुई, जिसे राज्य का प्राचीनतम संग्रहालय माना जाता है।
b. गंगा गोल्डन जुबली म्यूजियम (बीकानेर) की स्थापना इटली के विद्वान डॉ. एल.पी. टैस्सीटोरी द्वारा की गई थी।
c. राजपुताना म्यूजियम (अजमेर) का पहला संग्रहाध्यक्ष कर्नल जेम्स टॉड को नियुक्त किया गया था।
d. प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (जयपुर) वन्यजीव प्रेमी कैलाश सांखला द्वारा स्थापित किया गया है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल a (B) केवल c
(C) b और d (D) a और c

**13. अभिकथन (A): राजस्थान में पुरातात्विक सर्वेक्षण का कार्य सबसे पहले 1871 ई. में ए.सी.एल. कार्लाइल के नेतृत्व में शुरू हुआ था।**
**कारण (R): कार्लाइल ने भीम डूंगरी (बैराठ) से अशोक का लघु शिलालेख खोजा और 1871 में नगर (टोंक) से लगभग 6000 मालव सिक्के भी प्राप्त किए।**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**14. राजस्थान के इतिहास लेखन और इतिहासकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
a. एनॉल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान पुस्तक कर्नल जेम्स टॉड द्वारा लिखी गई, जिसका पहला भाग मेवाड़ के इतिहास पर केंद्रित था।
b. पं. गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने द अर्ली चौहान डायनेस्टीज नामक ग्रंथ की रचना की।
c. हरविलास शारदा के प्रयासों से 1929 में भारत का पहला बाल विवाह निषेध कानून शारदा एक्ट पारित हुआ।
d. कुकवि बत्तीसी और गंगालहरी ग्रंथों की रचना डिंगल-पिंगल के ज्ञाता बांकीदास आशिया ने की थी।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, c (B) a, c, d
(C) b, c, d (D) a, b, c, d

**15. नीचे दिए गए शिलालेखों और उनसे प्राप्त विशेष जानकारियों के युग्मों को सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (शिलालेख) | List-2 (विशेष जानकारी) |
|---|---|
| a. चीरवे का शिलालेख | 1. गुहिल शासक अपराजित की उपलब्धियों का वर्णन |
| b. श्रृंगी ऋषि शिलालेख | 2. विद्यादेवी की प्रार्थना से प्रारंभ |
| c. अपराजित का शिलालेख | 3. सती प्रथा एवं पाशुपत धर्म की जानकारी |
| d. मानमोरी शिलालेख | 4. अमृत मंथन की कथा का उल्लेख |

कूट: (A) a-3, b-2, c-1, d-4 (B) a-2, b-3, c-4, d-1
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**16. प्रागैतिहासिक मानव के चित्रित शैलाश्रयों (Rock Shelters) की प्राप्ति के स्थानों को उनसे संबंधित क्षेत्र/नदी के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (प्राप्ति स्थान) | List-2 (संबंधित क्षेत्र / नदी) |
|---|---|
| a. छाजा नदी | 1. बूंदी |
| b. चंबल नदी का क्षेत्र | 2. कोटा |

# 2 प्रागैतिहासिक राजस्थान : राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएँ [Prehistoric Rajasthan : Ancient Civilizations of Rajasthan]

**1. सूची-1 (सभ्यता स्थल) को सूची-2 (उत्खननकर्ता) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. आहड़ | 1. दयाराम साहनी व केदारनाथ पुरी |
| b. बागौर | 2. वी.एन. मिश्र |
| c. बालाथल | 3. अक्षयकीर्ति व्यास |
| d. रैढ़ | 4. डॉ. वी.एन. मिश्र व डॉ. लैशनिक |

कूट: (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-3, b-2, c-4, d-1
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़ें और सही विकल्प चुनें:**
अभिकथन (A): कालीबंगा सभ्यता के घरों में जल-निकास व्यवस्था के लिए लकड़ी एवं पक्की ईटों का प्रयोग किया जाता था।
कारण (R): कालीबंगा के आवासीय भवन मुख्य रूप से मोहनजोदड़ो की तरह पक्की ईटों से बनाए गए थे।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**3. बैराठ सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. यहाँ से अशोक के भाब्रू शिलालेख की खोज कैप्टन बर्ट द्वारा 1837 ई. में की गई थी।
2. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 634 ई. में यहाँ की यात्रा की और 8 बौद्ध मठों का उल्लेख किया।
3. यहाँ से इंडो-ग्रीक शासक मिनांडर की 16 मुद्राएँ सूती कपड़े में बंधी हुई मिली हैं।
4. हूण शासक मिहिरकुल ने छठी शताब्दी में इस स्थल के बौद्ध मठों और स्तूपों को नष्ट किया था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. सूची-1 (सभ्यता स्थल) को सूची-2 (संबंधित नदी) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. गणेश्वर | 1. रूपरेल |
| b. बागौर | 2. कांतली |
| c. नोह | 3. बेड़च |
| d. बालाथल | 4. कोठारी |

कूट: (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-3, b-4, c-2, d-1

**5. किस सभ्यता स्थल से लौह अयस्क से लोहा बनाने की सबसे पुरानी भट्टियाँ मिली हैं, जिनमें तापमान नियंत्रित करने के लिए धौंकनी (Bellows) लगाने की व्यवस्था थी?**
(A) जोधपुरा (B) सुनारी
(C) ईसवाल (D) रैढ़

**6. आहड़ सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
a. इसे ताम्रवती नगरी, आघाटपुर और धूलकोट के नाम से भी जाना जाता है।
b. यहाँ के मकानों में एक से अधिक चूल्हे मिले हैं, जो संयुक्त परिवार प्रणाली का संकेत देते हैं।
c. यहाँ के निवासी मृतकों को बिना आभूषणों और गहनों के दफनाते थे।
d. अनाज रखने के लिए बड़े मृदभांड प्राप्त हुए हैं जिन्हें स्थानीय भाषा में गोरे व कोठ कहा जाता था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें (सही कथन)–**
(A) a, b, c (B) a, c, d
(C) a, b, d (D) b, c, d

**7. सूची-1 (प्राचीन नाम/उपनाम) को सूची-2 (संबंधित सभ्यता) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. प्राचीन भारत का टाटानगर | 1. नगर (टोंक) |
| b. सिन्धु घाटी सभ्यता की तीसरी राजधानी | 2. गणेश्वर |
| c. भारत की ताम्रयुगीन सभ्यताओं की जननी | 3. रैढ़ |
| d. मालव नगर | 4. कालीबंगा |

कूट: (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**8. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
अभिकथन (A): आहड़ संस्कृति से संबंधित पुरास्थल गिलूण्ड में आग में पकाई गई पक्की ईटों का प्रचुर मात्रा में उपयोग हुआ था।
कारण (R): गिलूण्ड पूर्णतः एक लौहयुगीन सभ्यता थी जिसका बनास संस्कृति से कोई संबंध नहीं था।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

**9. बालाथल सभ्यता से प्राप्त प्रमुख साक्ष्यों के संदर्भ में सही कूट का चयन कीजिए:**
a. 11 कमरों का एक विशाल भवन
b. भारत में कुष्ठ रोग का सबसे पुराना प्रमाण (4000 साल पुराना कंकाल)

# 3 राजस्थान की महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ एवं प्रमुख राजवंश [Important Historical Events and Major Dynasties of Rajasthan]

**1. जनपदकालीन राजस्थान के संदर्भ में निम्नलिखित जनपदों और उनकी राजधानियों/क्षेत्रों का सही मिलान करें–**

| List–1 (जनपद) | List–2 (राजधानी/क्षेत्र) |
|---|---|
| a. शिवि जनपद | 1. नगर (टोंक) |
| b. मालव जनपद | 2. अहिछत्रपुर (नागौर) |
| c. जांगल जनपद | 3. नगरी (मध्यमिका) |
| d. शूरसेन जनपद | 4. मथुरा |

कूट: (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-3, d-2

**2. मौर्यकाल और मगध साम्राज्य के अधीन राजस्थान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–**
1. मानमोरी शिलालेख (713 ई.) में माहेश्वर, भीम, भोज और मान नामक मौर्य राजाओं का उल्लेख है।
2. बड़वा अभिलेख के अनुसार कोटा क्षेत्र में मौखरी राजवंश का शासन था।
3. हूण शासक मिहिरकुल ने बाड़ौली (चित्तौड़) में एक बौद्ध मठ का निर्माण करवाया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?**
(A) केवल 1 (B) 1 और 2
(C) 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**3. राजपूतों की उत्पत्ति के विभिन्न मतों को उनके समर्थक विद्वानों के साथ सुमेलित करें–**

| List–1 (उत्पत्ति का सिद्धांत) | List–2 (समर्थक विद्वान) |
|---|---|
| a. ब्राह्मणों से उत्पत्ति | 1. कर्नल टॉड |
| b. वैदिक आर्यों की संतान | 2. अलेक्जेंडर कनिंघम |
| c. यूची (कुषाण) जाति के वंशज | 3. डी. आर. भण्डारकर |
| d. शक–सीथियनों की संतान (विदेशी उत्पत्ति) | 4. सी. वी. वैद्य |

कूट: (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**4. गुर्जर–प्रतिहार राजवंश के संदर्भ में नीचे दिए गए कथनों पर विचार करें–**
1. नागभट्ट प्रथम को ग्वालियर प्रशस्ति में म्लेच्छों का नाशक तथा इन्द्र के दंभ का नाशक कहा गया है।
2. वत्सराज के शासनकाल में त्रिपक्षीय संघर्ष की शुरुआत हुई।
3. नागभट्ट द्वितीय ने बंगाल के पाल शासक धर्मपाल को हराकर परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर की उपाधि धारण की।
4. मिहिरभोज प्रथम ने राष्ट्रकूट शासक गोविन्द तृतीय को पराजित कर कन्नौज पर अधिकार किया।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथनों का चयन करें–**
(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**5. अभिकथन (A):** मेवाड़ के शासक जैत्रसिंह ने अपनी राजधानी नागदा से चित्तौड़गढ़ स्थानांतरित की।
**कारण (R):** भूताला के युद्ध (1227 ई.) में सुल्तान इल्तुतमिश को पराजित करने के दौरान नागदा को भारी क्षति पहुँची थी।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें–**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**6. मेवाड़ के गुहिल–सिसोदिया राजवंश की ऐतिहासिक राजधानियों का सही कालानुक्रमिक (Sequential Matching) क्रम क्या है?**
a. चित्तौड़गढ़ b. आहड़ c. नागदा d. उदयपुर
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) c, b, a, d (B) c, a, b, d
(C) a, c, b, d (D) b, c, d, a

**7. खानवा के युद्ध (1527 ई.) में महाराणा सांगा की ओर से भाग लेने वाले शासकों और उनके संबंधित क्षेत्रों का सही मिलान करें–**

| List–1 (क्षेत्र) | List–2 (शासक/सहयोगी) |
|---|---|
| a. बीकानेर | 1. राव मालदेव |
| b. मारवाड़ | 2. कल्याणमल |
| c. आमेर | 3. महमूद लोदी |
| d. अफगान सुल्तान | 4. पृथ्वीराज कछवाहा |

कूट: (A) a-2, b-1, c-3, d-4 (B) a-1, b-2, c-4, d-3
(C) a-2, b-1, c-4, d-3 (D) a-4, b-3, c-1, d-2

**8. मुगल सम्राट अकबर द्वारा महाराणा प्रताप को अधीनता स्वीकार करवाने के लिए भेजे गए दूतों का सही तार्किक क्रम (Logical Ordering) क्या है?**
a. भगवंत दास b. टोडरमल c. जलाल खाँ कोरची d. मानसिंह
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) c, d, b, a (B) c, d, a, b
(C) d, c, a, b (D) a, c, d, b

**9. अभिकथन (A):** मारवाड़ के शासक राव चन्द्रसेन को मारवाड़ का प्रताप और मारवाड़ का भूला बिसरा नायक कहा जाता है।
**कारण (R):** इन्होंने 1570 ई. के नागौर दरबार में अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन बाद में विद्रोह कर पहाड़ों में शरण ली।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें–**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

# 4 मध्यकालीन राजवंशों की प्रशासनिक व राजव्यवस्था [Administrative and Political System of Medieval Dynasties]

**1. मध्यकालीन प्रशासनिक व्यवस्था के केन्द्रीय अधिकारियों और उनके कार्यों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (अधिकारी) | List-2 (कार्य/विभाग) |
|---|---|
| a. संधिविग्राहिक | 1. राजकोष एवं रसद का प्रमुख अधिकारी |
| b. अक्षपटलिक | 2. विदेश के लिए पत्र तैयार करना |
| c. भाण्डारिक | 3. नगर प्रशासन एवं गैर-सैनिक कर्मचारी प्रबंधन |
| d. शिकदार | 4. राज्य के आय-व्यय और अनुदानों का लेखा-जोखा |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**2. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें:**

अभिकथन (A): राजस्थान की सामंती व्यवस्था पश्चिमी देशों (इंग्लैंड) की फ्यूडल व्यवस्था से सर्वथा भिन्न थी, जहाँ स्वामी और सेवक का संबंध नहीं था.

कारण (R): राजस्थान की सामंती व्यवस्था मुख्य रूप से रक्त संबंधों, कुल परंपरा और आपसी भाईचारे पर आधारित एक टेंट के समान थी, जिसमें राजा मुख्य स्तंभ होता था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. मेवाड़ राज्य की सामंती व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मेवाड़ में सामंतों को सोलह, बत्तीस और गोल नामक तीन श्रेणियों में विभाजित करने का कार्य महाराणा अमरसिंह द्वितीय ने किया था।
2. इस श्रेणी विभाजन व्यवस्था को अमरशाही रेख कहा जाता था।
3. प्रथम श्रेणी के सामंतों की संख्या 16 थी, जिन्हें उमराव कहा जाता था।
4. मेवाड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय (तीनों) श्रेणी के सामंतों को ताजिम का विशेषाधिकार प्राप्त था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त (सही) उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं
(B) केवल 2, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 1 और 3 सही हैं
(D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**4. मध्यकालीन राजपूताना में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के पत्रों व आदेशों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (शब्दावली) | List-2 (अर्थ) |
|---|---|
| a. फरमान | 1. एक राजा द्वारा दूसरे राजा के साथ किया जाने वाला पत्र-व्यवहार |
| b. परवाना | 2. बादशाह के परिवार के सदस्य द्वारा अपनी मोहर के साथ जारी आदेश |
| c. निशान | 3. मुगल बादशाह द्वारा जारी किया जाने वाला शाही आदेश |
| d. खरीता | 4. महाराजा द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों को जारी किया जाने वाला आदेश |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-3, b-2, c-4, d-1
(C) a-4, b-3, c-1, d-2 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**5. जागीर भूमि के प्रकारों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन पूर्णतः सत्य हैं?**

a. हुकुमत जागीर नौकरशाहों (मुत्सदीयों) को वेतन के बदले दी जाती थी और यह जन्मजात नहीं होती थी.
b. सासण जागीर धार्मिक, शैक्षिक या साहित्यिक कार्यों के लिए चारण-भाटों को दी जाने वाली कर-मुक्त भूमि थी.
c. भोम जागीर पर किसानों से सर्वाधिक कर वसूला जाता था.
d. ब्राह्मणों को दान में दी जाने वाली कर-मुक्त भूमि को अग्रहार कहा जाता था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, b, c (B) a, b, d
(C) b, c, d (D) a, c, d

**6. मारवाड़ रियासत की सामंत श्रेणियों के संदर्भ में निम्नलिखित सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (मारवाड़ की सामंत श्रेणी) | List-2 (विशेषता) |
|---|---|
| a. राजवी | 1. राज्य प्रशासन में कार्य करने के एवज में प्राप्त जागीर के अधिकारी |
| b. सिरायत | 2. राजा के निकट संबंधी जिन्हें तीन पीढ़ी तक रेख और चाकरी से मुक्त रखा जाता था |
| c. मुत्सदी | 3. अन्य शाखाओं के सामंत जो मुख्य राजवंश से बाहर के होते थे |

# 5 1857 की क्रांति में राजस्थान का योगदान [Contribution of Rajasthan in the Revolution of 1857]

**1. 1857 की क्रांति के दौरान राजस्थान में हुए सैनिक विद्रोहों के स्थानों को उनके घटित होने की तिथियों के अनुसार सही कालानुक्रम (पहले से बाद के क्रम) में व्यवस्थित करें:**

a. एरिनपुरा  b. नीमच
c. नसीराबाद  d. कोटा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) c, b, a, d  (B) c, a, b, d
(C) b, c, a, d  (D) a, c, b, d

**2. 1857 की क्रांति के समय राजपूताना की रियासतों और वहां नियुक्त पॉलिटिकल एजेंट के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित करें:**

| सूची-1 (रियासत) | सूची-2 (पॉलिटिकल एजेंट) |
|---|---|
| a. जयपुर | 1. जे.डी. हॉल |
| b. सिरोही | 2. विलियम ईडन |
| c. भरतपुर | 3. कैप्टन सी.एल. शावर्स |
| d. मेवाड़ | 4. मॉरीसन |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3  (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3  (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**3. 1857 की क्रांति के कारणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अंग्रेजों द्वारा बाल हत्या, डाकन प्रथा और सती प्रथा पर रोक लगाने जैसे सामाजिक सुधारों का राजस्थान की रूढ़िवादी जनता ने समर्थन किया।
2. 1817-18 की संधियों के बाद अंग्रेजों ने भरतपुर, अलवर, जयपुर और जोधपुर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया।
3. कंपनी की नीतियों ने सामंतों के विशेषाधिकारों को समाप्त कर उन पर नियंत्रण स्थापित किया जिससे सामंत वर्ग असंतुष्ट हुआ।

**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2  (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3  (D) 1, 2 और 3

**4. अभिकथन (A): 1857 की क्रांति के समय ब्यावर और खैरवाड़ा की छावनियों ने प्रत्यक्ष रूप से विद्रोह में भाग नहीं लिया था।**
**कारण (R): उस समय राजस्थान में कुल छः ब्रिटिश सैनिक छावनियाँ स्थापित थीं, जिनमें मेरवाड़ा बटालियन और मेवाड़ भीलकोर शामिल थीं।**

कूट: (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**5. नसीराबाद छावनी में हुए विद्रोह के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन पूर्णतः सत्य हैं?**

a. यहाँ 15वीं और 30वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री तैनात थी।
b. 15वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री के सैनिकों ने 28 मई 1857 को विद्रोह की शुरुआत की।
c. बम्बई लांसर्स के सैनिकों ने भी तुरंत विद्रोहियों का साथ दिया और तोपखाने पर अधिकार कर लिया।
d. विद्रोहियों ने मेजर स्पोटिसवुड व कर्नल न्यूबरी की हत्या कर दी।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कूट का चयन करें –**

(A) a, b और c  (B) b, c और d
(C) a, b और d  (D) a, c और d

**6. 1857 के विद्रोह के समय राजस्थान के शासकों और उनकी रियासतों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (रियासत) | सूची-2 (शासक) |
|---|---|
| a. जोधपुर | 1. सरदार सिंह |
| b. बीकानेर | 2. स्वरूप सिंह |
| c. उदयपुर | 3. तख्तसिंह |
| d. झालावाड़ | 4. पृथ्वी सिंह |

कूट: (A) a-3, b-1, c-2, d-4  (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4  (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**7. ''जब अंग्रेज अपनी शपथ तोड़ सकते हैं, तो वे भारतीयों से शपथ पालन की उम्मीद क्यों करते हैं।'' यह प्रसिद्ध कथन 1857 की क्रांति के दौरान किस क्रांतिकारी ने और किस अंग्रेज अधिकारी के समक्ष कहा था?**

(A) हीरा सिंह ने मेजर प्रिचार्ड के समक्ष
(B) मोहम्मद अली बेग ने कर्नल एबॉट के समक्ष
(C) ठाकुर कुशाल सिंह ने पैट्रिक लॉरेंस के समक्ष
(D) मेहराब खान ने मेजर बर्टन के समक्ष

**8. ठाकुर कुशाल सिंह चंपावत के नेतृत्व में हुए घटनाक्रमों को उनके घटित होने के सही कालानुक्रम में व्यवस्थित करें:**

a. चेलावास का युद्ध (काले-गोरों का युद्ध)
b. बिठौड़ा का युद्ध
c. कुशाल सिंह का नीमच में आत्मसमर्पण
d. कुशाल सिंह का कोठारिया में शरण लेना

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, a, c, d  (B) a, b, d, c
(C) b, a, d, c  (D) a, c, b, d

**9. अभिकथन (A): 1857 की क्रांति में कोटा के महाराव रामसिंह को विद्रोह के लिए उत्तरदायी मानकर उनकी तोपों की सलामी 17 से घटाकर 13 कर दी गई।**
**कारण (R): करौली के महारावल मदनपाल ने कोटा महाराव की**

# 6 राजस्थान में सामाजिक और राजनीतिक जागरण के कारक [Factors of Social and Political awakening in Rajasthan]

**1. राजस्थान में सामाजिक एवं राजनीतिक जन–जागरण के संदर्भ में स्थापित निम्नलिखित संस्थाओं को उनके स्थापना वर्ष के अनुसार सबसे पहले से सबसे बाद के क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**

a. वर्धमान विद्यालय b. सम्प सभा
c. वीर भारत सभा d. देश हितैषिणी सभा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, d, a, c (B) d, b, a, c
(C) d, b, c, a (D) b, d, c, a

**2. राजस्थान के प्रमुख समाचार पत्रों और उनके संस्थापकों/सम्पादकों के संदर्भ में सूची–1 को सूची–2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची–1 (समाचार पत्र) | सूची–2 (संस्थापक/सम्पादक) |
|---|---|
| a. राजपूताना हेराल्ड | 1. मुंशी समर्थदान सिंढ़ायच |
| b. देश हितैषी | 2. अचलेश्वर प्रसाद शर्मा |
| c. राजस्थान समाचार | 3. हनुमान सिंह |
| d. प्रजा सेवक | 4. मुंशी मुन्नालाल शर्मा |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-1, b-4, c-3, d-2

**3. राजस्थान में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने वाले साहित्यकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. कवि शंकरदान सामोर ने अपनी रचनाओं में अंग्रेजों को मुल्क रा मीठा ठग कहा था।
2. भरतपुर के कवि हुलासी ने अपनी वीर रस की कविताओं से अंग्रेज विरोधी भावना को प्रचारित किया।
3. कवि बाँकीदास ने ऐशो–आराम में डूबे राजाओं का समर्थन किया और जनता को शांति बनाए रखने की अपील की।
4. सूर्यमल्ल मीसण ने 1857 की क्रांति में जनकवि के रूप में शंखनाद करते हुए मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पित करने का आह्वान किया।

**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**4. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान के किसान आंदोलनों ने आगे चलकर राज्य में जागीरदारी उन्मूलन की नींव रखी.

**कारण (R):** राजस्थान में राजनीतिक जागरूकता की शुरुआत किसानों ने ही की थी, जिन्होंने अपने ऊपर होने वाले अत्याचार, शोषण और आर्थिक दबाव का विरोध कर सामंतवाद को चुनौती दी।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में सही विकल्प चुनें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**5. राजस्थान में क्रांतिकारियों की भूमिका के संदर्भ में दिए गए कथनों में से सही कथनों का चयन कीजिए:**

1. ठाकुर केसरीसिंह बारहठ ने 1903 ई. में चेतावनी रा चूंगट्या लिखकर मेवाड़ के महाराणा फतेहसिंह को दिल्ली दरबार में जाने से रोका था।
2. केसरीसिंह बारहठ ने 1912 ई. में लाई हार्डिंग पर बम फेंकने का कार्य स्वयं अपने हाथों से किया था।
3. जयपुर में अर्जुनलाल सेठी ने 1907 ई. में वर्धमान पाठशाला की स्थापना की, जो क्रांतिकारियों के प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र था।
4. ठाकुर गोपालसिंह खरवा ने रासबिहारी बोस के संपर्क में आकर 21 फरवरी 1915 को सशस्त्र क्रांति की योजना बनाई थी।

**कूट:** (A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**6. सामाजिक जनजागरण की दिशा में स्थापित विभिन्न आश्रमों व समितियों और उनके संस्थापकों के आधार पर सूची–1 को सूची–2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची–1 (संस्था) | सूची–2 (संस्थापक) |
|---|---|
| a. हरिजन सेवा समिति (1935) | 1. यमुना प्रसाद |
| b. खांडलाई आश्रम (1934) | 2. हरिभाऊ उपाध्याय |
| c. महिला शिक्षा सदन (1958) | 3. भोगीलाल पंड्या |
| d. आचार सुधारिणी सभा | 4. माणिक्यलाल वर्मा |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-3, b-1, c-2, d-4

**7. राजपूताना में प्रकाशित होने वाले निम्नलिखित समाचार पत्रों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार कालक्रम में व्यवस्थित करें:**

a. नवज्योति b. राजस्थान समाचार
c. मजहरुल सरूर d. मारवाड़ गजट

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) d, c, b, a (B) c, d, b, a
(C) c, b, d, a (D) b, c, d, a

**8. राजस्थान में आर्य समाज की भूमिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1881 ई. में जयपुर में वैदिक धर्म सभा की स्थापना की, जो बाद में आर्य समाज में बदल गई।
2. 1888-1890 के मध्य अजमेर में आर्य समाज द्वारा वैदिक यंत्रालय नामक छापखाना स्थापित किया गया।
3. आर्य समाजी चांदकरण शारदा ने दलितों की स्थिति सुधारने के लिए दलितोद्धार नामक पुस्तक लिखी थी।
4. आर्य समाज के ठाकुर कल्याणमल ने 1922 में जयपुर में उर्दू को राजभाषा बनाने के लिए एक बड़ा आंदोलन चलाया।

**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 4 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 2 और 3 (D) 1, 3 और 4

# 7 राजस्थान में किसान व जनजातीय आंदोलन [Peasants and Tribal Movements in Rajasthan]

**1. रियासती काल में राजस्थान में प्रचलित लाग-बाग (करों) के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (लाग-बाग) | List-2 (विवरण) |
|---|---|
| a. चंवरी लाग | 1. पुत्री के विवाह के अवसर पर जागीरदार को दिया जाने वाला कर |
| b. तलवार बंधाई | 2. उत्तराधिकार के समय प्रजा से लिया जाने वाला कर |
| c. कामठा लाग | 3. दुर्ग या महल के निर्माण हेतु प्रत्येक घर से वसूला जाने वाला कर |
| d. छट्टू | 4. जागीरदारों द्वारा अंग्रेजों को चुकाया जाने वाला निश्चित नकद कर |

**कूट:** (A) a-1, b-2, c-3, d-4 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-1, b-3, c-2, d-4 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. बिजौलिया किसान आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 1903 ई. में जागीरदार कृष्ण सिंह ने चंवरी कर लगाया था।
2. 1906 ई. में पृथ्वी सिंह ने तलवार बंधाई कर समाप्त कर दिया था।
3. विजय सिंह पथिक ने 1917 ई. में बेरीसाल गाँव में ऊपरमाल पंच बोर्ड की स्थापना की।
4. 1919 ई. में बिंदुलाल भट्टाचार्य आयोग ने गैर-कानूनी करों को बंद करने की सिफारिश की थी।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें -**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) केवल 1 और 4

**3. अभिकथन और कारण के संदर्भ में बेंगू किसान आंदोलन से संबंधित निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ें:**

**अभिकथन (A):** 1922 ई. में बेंगू के किसानों और ठाकुर रावत अनूपसिंह के बीच हुए समझौते को सरकार ने बोल्शेविक समझौता कहकर रद्द कर दिया था।

**कारण (R):** इस समझौते के रद्द होने के बाद मेवाड़ सरकार ने अनूपसिंह को उदयपुर बुलाकर नजरबंद कर दिया और लाला अमृतलाल को बेंगू का प्रशासक नियुक्त किया।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**4. राजस्थान के प्रमुख किसान और जनजातीय हत्याकांडों/घटनाओं को उनके घटित होने के कालक्रमानुसार (पहले से बाद के क्रम में) व्यवस्थित करें:**

a. नीमूचाणा हत्याकांड b. डाबड़ा कांड
c. गोविंदपुरा हत्याकांड d. मानगढ़ हत्याकांड
e. चंडावल कांड

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**

(A) d, c, a, e, b (B) c, d, a, b, e
(C) d, a, c, e, b (D) a, c, d, e, b

**5. मारवाड़ रियासत में हुए विभिन्न आंदोलनों व घटनाओं को उनके संबंधित वर्षों से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (आंदोलन/घटना) | List-2 (वर्ष) |
|---|---|
| a. मारवाड़ का तौल आंदोलन | 1. 1920-21 |
| b. मारवाड़ हितकारिणी सभा की जनसभा | 2. 1924 |
| c. मंडोर किसान आंदोलन (सभा) | 3. 1931 |
| d. मारवाड़ में जागीरी अत्याचार दिवस" | 4. 1942 |

**कूट:** (A) a-1, b-2, c-3, d-4 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**6. सीकर और शेखावाटी में हुए किसान आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन सत्य हैं?**

1. 1922 में सीकर के रावराजा कल्याणसिंह ने भू-राजस्व की दरें 50% तक बढ़ा दी थीं।
2. ठाकुर देशराज ने किसानों को संगठित करने के लिए जाट प्रजापति महायज्ञ का आयोजन किया।
3. सिहोट के ठाकुर मानसिंह के दुर्व्यवहार के विरोध में 1934 में कटराथल में किशोरी देवी के नेतृत्व में महिला सम्मेलन हुआ।
4. 1935 के कूदन कांड में पुलिस की गोली से चेतराम, टीकुराम, तुलछाराम और आशाराम शहीद हुए।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें -**

(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**7. मोतीलाल तेजावत द्वारा चलाए गए एकी आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. तेजावत ने 1921 में वैशाख पूर्णिमा के दिन मातृकुंडिया गाँव से एकी आंदोलन शुरू किया।
2. आदिवासियों ने तेजावत के नेतृत्व में हाकिम और हुक्म नहीं का नारा दिया।
3. मेवाड़ महाराणा के समक्ष तेजावत द्वारा 21 सूत्री माँग पत्र प्रस्तुत किया गया जिसे मेवाड़ पुकार कहा जाता है।
4. 7 मार्च 1922 के नीमड़ा कांड के दौरान सैकड़ों व्यक्ति मारे गए, जिसके बाद सिरोही में आंदोलन समाप्त हो गया।

**इनमें से कौनसे कथन पूर्णतः सत्य हैं?**

# 8 देशी रियासतों में प्रजामण्डल आन्दोलन [Prajamandal Movement in Princely States]

**1. जयपुर प्रजामण्डल के संदर्भ में निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को उनके कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें:**

a. कर्पूरचन्द्र पाटनी द्वारा प्रजामण्डल की स्थापना
b. जमनालाल बजाज द्वारा चरखा संघ की स्थापना
c. प्रजामण्डल का विधिवत् पंजीकरण
d. नेहरूजी के प्रयासों से आजाद मोर्चे का पुनः प्रजामण्डल में विलय
e. हीरालाल शास्त्री और मिर्जा इस्माइल के मध्य जैंटलमेन एग्रीमेंट

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, a, c, e, d (B) a, b, c, d, e
(C) b, a, e, c, d (D) a, c, b, e, d

**2. सूची-1 (रियासत के बाहर स्थापित प्रजामण्डल) को सूची-2 (स्थापना स्थल) से सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1** | **सूची-2** |
|---|---|
| a. बीकानेर प्रजामण्डल | 1. रेवाड़ी (हरियाणा) |
| b. सिरोही प्रजामण्डल | 2. जोधपुर |
| c. भरतपुर प्रजामण्डल | 3. कलकत्ता |
| d. जैसलमेर प्रजामण्डल | 4. बम्बई |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**3. मारवाड़ प्रजामण्डल आन्दोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. जयनारायण व्यास ने पोपाबाई री पोल और मारवाड़ की अवस्था नामक पत्रिकाएँ लिखकर मारवाड़ शासन की कड़ी आलोचना की।
2. मारवाड़ में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान भूख हड़ताल के चलते बालमुकुन्द बिस्सा शहीद हुए।
3. इस आन्दोलन में रमा देवी और कृष्णाकुमारी ने महिला नेतृत्व प्रदान किया।
4. मारवाड़ राज्य लोक परिषद् ने 4 नवंबर 1947 को ''विधानसभा विरोध दिवस'' मनाया।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें –

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही ह

**4. नीचे दिए गए दो कथनों में से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दिया गया है:**

**अभिकथन (A):** मघाराम वैद्य ने 1936 में बीकानेर प्रजामण्डल की स्थापना कलकत्ता में की थी।

**कारण (R):** बीकानेर में शासक के कड़े विरोध व दमनकारी नीतियों के कारण मघाराम वैद्य एवं उनके सहयोगियों को राज्य से निर्वासित कर दिया गया था।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**5. सूची-1 (प्रजामण्डल) को सूची-2 (संस्थापक) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1** | **सूची-2** |
|---|---|
| a. कुशलगढ़ प्रजामण्डल | 1. रमेशचन्द्र ओझा |
| b. बाँसवाड़ा प्रजामण्डल | 2. माँगीलाल भव्य |
| c. झालावाड़ प्रजामण्डल | 3. भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी |
| d. शाहपुरा प्रजामण्डल | 4. भंवरलाल निगम |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**6. मेवाड़ प्रजामण्डल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

a. 24 अप्रैल 1938 को बलवंत सिंह मेहता की अध्यक्षता में मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना हुई।
b. 1941 में मेवाड़ प्रजामण्डल के पहले अधिवेशन का उद्घाटन आचार्य कृपलानी ने किया।
c. भारत छोड़ो आंदोलन में नारायणी देवी वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने आंदोलन किया।
d. 1945 में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् का 7वां अधिवेशन उदयपुर में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुआ।

**कूट:** (A) केवल a, b और c (B) केवल b, c और d
(C) केवल a, c और d (D) a, b, c और d सभी

**7. सूची-1 (पुस्तक/पाक्षिक पत्र) को सूची-2 (संबंधित व्यक्ति) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1** | **सूची-2** |
|---|---|
| a. मेवाड़ का वर्तमान शासन | 1. स्वामी गोपालदास व कार्यकर्ता |
| b. जैसलमेर में गुण्डाराज | 2. भीमाशंकर शर्मा |
| c. बीकानेर एक दिग्दर्शन | 3. सागरमल गोपा |
| d. सिरोही संदेश | 4. माणिक्यलाल वर्मा |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-1, b-2, c-3, d-4 (D) a-4, b-1, c-3, d-2

**8. निम्नलिखित प्रजामण्डलों को उनकी स्थापना के वर्ष के अनुसार प्रारंभिक से नवीनतम क्रम (कालक्रमानुसार) में व्यवस्थित करें:**

a. हाड़ौती प्रजामण्डल b. जयपुर प्रजामण्डल
c. मेवाड़ प्रजामण्डल d. डूंगरपुर प्रजामण्डल
e. प्रतापगढ़ प्रजामण्डल

# 9 राजस्थान का एकीकरण [Integration of Rajasthan]

**1. एकीकरण से पूर्व विभिन्न रियासतों द्वारा स्वावलंबी इकाइयाँ (संघ) बनाने के प्रयासों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (संघ निर्माण का प्रयास) | सूची-2 (संबंधित शासक/प्रतिनिधि) |
|---|---|
| a. राजस्थान यूनियन | 1. महारावल लक्ष्मणसिंह |
| b. हाड़ौती संघ | 2. वी. टी. कृष्णामाचारी |
| c. वागड़ संघ | 3. महाराव भीमसिंह |
| d. राजपूताना रियासतों का संघ (जयपुर) | 4. महाराणा भूपाल सिंह |

कूट: (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-1, b-2, c-4, d-3

**2. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** एकीकरण से पूर्व राजस्थान में केवल जोधपुर, जयपुर, उदयपुर और बीकानेर रियासतें ही अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखने की शर्त पूरी करती थीं।
**कारण (R):** भारत सरकार के रियासती सचिवालय के अनुसार केवल वे रियासतें स्वतंत्र रह सकती थीं, जिनकी वार्षिक आय 1 करोड़ रुपये और जनसंख्या 10 लाख या उससे अधिक हो।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्थान एकीकरण के चतुर्थ चरण (वृहत राजस्थान) में विभिन्न विभागों के स्थान निर्धारण के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (विभाग) | सूची-2 (निर्धारित स्थान) |
|---|---|
| a. शिक्षा विभाग | 1. जोधपुर |
| b. हाईकोर्ट | 2. बीकानेर |
| c. खनिज विभाग | 3. भरतपुर |
| d. कृषि विभाग | 4. उदयपुर |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**4. राजस्थान के एकीकरण के विभिन्न चरणों को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
a. संयुक्त राजस्थान (मेवाड़ का विलय)
b. मत्स्य संघ का निर्माण
c. वृहत राजस्थान का निर्माण
d. वर्तमान राजस्थान का स्वरूप (अजमेर-मेरवाड़ा का विलय)
e. संयुक्त वृहत् राजस्थान (मत्स्य संघ का विलय)
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, a, c, e, d (B) b, c, a, e, d
(C) a, b, c, d, e (D) b, a, e, c, d

**5. राजस्थान के एकीकरण के चरणों और उनके तत्कालीन राजप्रमुखों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (एकीकरण का चरण) | सूची-2 (राजप्रमुख) |
|---|---|
| a. मत्स्य संघ | 1. सवाई मानसिंह द्वितीय |
| b. पूर्व राजस्थान संघ | 2. महाराणा भूपालसिंह |
| c. संयुक्त राजस्थान | 3. महाराव भीमसिंह |
| d. वृहत् राजस्थान | 4. उदयभान सिंह |

कूट: (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**6. ''मत्स्य संघ'' के ''वृहत् राजस्थान'' में विलय हेतु किस समिति का गठन किया गया था, उसमें कौन-कौन सदस्य शामिल थे?**
1. श्री शंकर राव देव 2. आर.के. सिद्धावा
3. प्रभुदयाल 4. हृदयनाथ कुंजरू
**सही कूट का चयन करें –**
(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 3 और 4
(C) 1, 2 और 3 (D) केवल 1 और 2

**7. राज्य पुनर्गठन आयोग (सप्तम् चरण) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. हरिभाऊ उपाध्याय के नेतृत्व वाला अजमेर-मेरवाड़ा का मंत्रिमंडल अजमेर को राजस्थान में मिलाने के प्रबल पक्ष में था।
2. आयोग की सिफारिश पर मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की मानपुरा तहसील का सुनेल टप्पा राजस्थान में शामिल किया गया।
3. झालावाड़ जिले के सिरोंज क्षेत्र का विलय मध्यप्रदेश में किया गया।
4. 1 नवंबर 1956 को 7वें संविधान संशोधन के तहत राजप्रमुख का पद समाप्त कर राज्यपाल का पद सृजित किया गया।
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
कूट: (A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

**8. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद भारत सरकार ने अलवर महाराजा को दिल्ली में नजरबंद कर वहाँ का प्रशासन अपने हाथों में ले लिया।
**कारण (R):** देश के विभाजन के बाद मेव बाहुल्य क्षेत्रों में साम्प्रदायिक दंगे भड़क उठे थे और महात्मा गाँधी की हत्या के षड्यंत्र में अलवर का नाम आया था।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

# 10 राजस्थान के महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल [Important Historical Places of Rajasthan]

**1. उदयपुर संभाग के ऐतिहासिक स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात 1585 ई. में चावण्ड को अपनी राजधानी बनाया था।
2. दाऊदी बोहरा समुदाय का प्रमुख केंद्र गलियाकोट, सोम नदी के किनारे स्थित है।
3. डूँगरपुर स्थित गैप सागर जलाशय और उदयविलास पैलेस यहाँ की स्थापत्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

**कूट:** (A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** उदयपुर की खेरवाड़ा तहसील में स्थित ऋषभदेव मंदिर को भील समुदाय के लोग ''कालाजी'' कहते हैं और इसे जैन व भील दोनों समुदाय समान रूप से पूजते हैं।

**कारण (R):** इस मंदिर में स्थापित ऋषभदेव की प्रतिमा काले पत्थर की बनी हुई है तथा श्रद्धालु इस पर केसर चढ़ाते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्थान के ऐतिहासिक साकों व युद्धों को उनके घटित होने के वर्ष के अनुसार सही कालक्रमानुसार (प्राचीन से अर्वाचीन) व्यवस्थित करें:**

a. रणथम्भौर का प्रथम साका
b. चित्तौड़गढ़ दुर्ग का प्रथम साका
c. खानवा का युद्ध
d. चित्तौड़गढ़ दुर्ग का दूसरा साका
e. हल्दीघाटी का युद्ध

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, a, c, e, d (B) a, b, c, d, e
(C) a, b, d, c, e (D) b, a, d, c, e

**4. अजमेर संभाग के ऐतिहासिक स्थलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. अजमेर नगर की स्थापना 12वीं शताब्दी में चौहान शासक अजयराज द्वारा की गई थी।
2. आनासागर झील के किनारे सुभाष उद्यान (दौलतबाग) का निर्माण शाहजहाँ ने और बारहदरी का निर्माण जहाँगीर ने करवाया था।
3. पुष्कर के पास अरावली की गोद में स्थित नांद गाँव से कुषाणकालीन चतुर्भुज शिवलिंग प्राप्त हुआ है।
4. टोंक में स्थित सुनहरी कोठी अपनी पच्चीकारी और मीनाकारी कला के लिए जानी जाती है।

**कूट:** (A) केवल 1 और 4 (B) केवल 2
(C) केवल 2 और 3 (D) केवल 3

**5. जयपुर संभाग के संदर्भ में दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सही कथनों का चयन करें:**

1. जयपुर शहर को यूनेस्को द्वारा 2019 में धरोहर स्थल घोषित किया गया।
2. आमेर के भव्य प्रासाद केवल शुद्ध हिंदू स्थापत्य शैली में निर्मित हैं।
3. आमेर स्थित शिलादेवी मंदिर की मूर्ति को मानसिंह बंगाल से जीतकर लाए थे।
4. सांगानेर कस्बा आमेर के शासक सवाई जयसिंह के पुत्र सांगा द्वारा बसाया गया था।

**कूट:** (A) 1, 2 और 3 (B) केवल 1 और 3
(C) 1, 3 और 4 (D) केवल 2 और 4

**6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** बाड़मेर स्थित किराडू को ''राजस्थान का खजुराहो'' भी कहा जाता है।

**कारण (R):** किराडू के सोमेश्वर व अन्य मंदिरों में कामशास्त्र की भावभंगिमाओं से युक्त मूर्तियाँ मौजूद हैं, जो शिल्पकला की दृष्टि से अद्वितीय हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**7. अलवर व सीकर के ऐतिहासिक स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से सही कथन चुनें:**

1. अलवर के बालाकिला का निर्माण 16वीं शताब्दी में अफगान अधिकारी हसन खां मेवाती ने करवाया था।
2. राजा बख्तावरसिंह की पत्नी रानी मूसी की स्मृति में अलवर में मूसी महारानी की छतरी निर्मित है।
3. खण्डेला (सीकर) की कालीबाव नामक बावड़ी से हुमायूँकाल का एक शिलालेख प्राप्त हुआ है।
4. दादू पंथ की प्रधान पीठ सांगानेर में स्थित है जिसका उल्लेख जैन लेखक सिद्धसेन सूरी ने किया है।

# 11 राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व [Major Personalities of Rajasthan]

**1. निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही कल्प का चयन करें:**

**अभिकथन (A):** वीर योद्धा दुर्गादास राठौड़ को मारवाड़ का अणबिंदिया मोती कहा जाता है।

**कारण (R):** उन्होंने महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के बाद जोधपुर के उत्तराधिकारी अजीतसिंह की रक्षा के लिए औरंगजेब के खिलाफ राठौड़-सिसोदिया संघ का निर्माण किया।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**2. राजस्थान के प्रमुख साहित्यकारों और उनकी प्रसिद्ध रचनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:**

| List–1 (साहित्यकार) | List–2 (रचना) |
|---|---|
| a. विजयदान देथा | 1. किरतार बावनी |
| b. दयालदास | 2. बापू के तीन हत्यारे |
| c. दुरसा आढ़ा | 3. बीकानेर रे राठौड़ों री ख्यात |
| d. श्यामलदास | 4. वीर विनोद |

कूट: (A) a-2, b-3, c-1, d-4 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-3, b-2, c-4, d-1

**3. जैन संप्रदाय के प्रमुख आचार्यों और उनके योगदान के संबंध में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**

1. आचार्य तुलसी ने 1949 में नैतिकता के उत्थान के लिए अणुव्रत आंदोलन की शुरुआत की।
2. आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान का सिद्धांत दिया और ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के साथ मिलकर फैमिली एंड द नेशन पुस्तक लिखी।
3. आचार्य महाश्रमण श्वेताम्बर जैन संप्रदाय के 11वें आचार्य हैं, जिनकी प्रमुख पुस्तक आओ हम जीना सीखें है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 सही हैं (B) केवल 2 और 3 सही हैं
(C) केवल 1 और 3 सही हैं (D) 1, 2 और 3 सभी सही हैं

**4. राजस्थान के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के जन्म वर्ष के आधार पर उनका सही कालानुक्रम (पहले से बाद का क्रम) व्यवस्थित कीजिए:**

a. विजयसिंह पथिक b. अर्जुनलाल सेठी
c. जमनालाल बजाज d. स्वामी केशवानन्द

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, a, d, c (B) a, b, c, d
(C) b, d, a, c (D) d, a, b, c

**5. राजस्थान के प्रमुख क्रांतिकारियों और ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें बंदी बनाकर रखी गई जेलों के संबंध में सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (क्रांतिकारी) | List-2 (संबंधित जेल) |
|---|---|
| a. केसरी सिंह बारहठ | 1. सराड़ा किला |
| b. प्रतापसिंह बारहठ | 2. बरेली जेल |
| c. बलवंत सिंह मेहता | 3. हजारीबाग जेल (बिहार) |
| d. जयनारायण व्यास | 4. सिवाणा दुर्ग |

कूट: (A) a-3, b-2, c-1, d-4 (B) a-3, b-1, c-2, d-4
(C) a-2, b-3, c-4, d-1 (D) a-4, b-2, c-1, d-3

**6. आगरा दुर्ग में कैद डूंगजी को छुड़ाने के साहसिक कार्य में किन क्रांतिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?**

1. लोटिया जाट 2. करणा मीणा
3. बालू नाई 4. सांखू लुहार

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**7. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म (महिला व्यक्तित्व – तथ्य) सुमेलित नहीं है?**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| (A) गवरी बाई | वागड़ की मीरा |
| (B) अल्लाह जिलाई बाई | 1982 में पद्मश्री से सम्मानित मांड गायिका |
| (C) रतन शास्त्री | राजस्थान की प्रथम महिला सांसद |
| (D) गवरी देवी | मास्को के भारत महोत्सव में मांड गायकी की प्रस्तुति |

**8. निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) के आधार पर सही विकल्प का चयन करें:**

**अभिकथन (A):** अर्जुनलाल सेठी ने जयपुर के महाराजा सवाई माधोसिंह द्वितीय द्वारा दिए गए राज्य के प्रधानमंत्री पद के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।

**कारण (R):** उनका दृढ़ मत था कि यदि अर्जुनलाल नौकरी करेगा, तो अंग्रेजों को भारत से बाहर कौन निकालेगा।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**9. राजस्थान के वीर सैन्य अधिकारियों और उनके अदम्य साहस से जुड़े तथ्यों के संदर्भ में सही कथनों का चयन करें:**

1. मेजर पीरू सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया, वे यह सम्मान पाने वाले पहले राजस्थानी थे।
2. मेजर शैतान सिंह कुमाऊं रेजिमेंट में थे, जिन्होंने 1962 में चुशूल की लड़ाई में वीरता का प्रदर्शन किया।

# 1 राजस्थान की स्थापत्य कला [Architecture of Rajasthan]

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:**

**अभिकथन (A):** गागरोन दुर्ग को शुक्रनीति के अनुसार औदक दुर्ग (जलदुर्ग) की श्रेणी में रखा जाता है।

**कारण (R):** यह दुर्ग काली सिन्ध और आहू नदियों के संगम पर स्थित है तथा इसका निर्माण बिना नींव के कठोर चट्टान पर किया गया है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है

(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**2. शेखावाटी और राज्य की अन्य प्रमुख हवेलियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से विकल्प सुमेलित है/हैं?**

1. सोने-चांदी की हवेली महनसर (झुंझुनूं)
2. पंसारी की हवेली श्रीमाधोपुर (सीकर)
3. बच्चावतों की हवेली बीकानेर
4. बागोर की हवेली जैसलमेर

**कूट:** (A) 1, 2 और 4 (B) 1, 3 और 4

(C) 1, 2 और 3 (D) केवल 2 और 4

**3. राजस्थान के विश्व विरासत स्थलों को यूनेस्को की सूची में शामिल किए जाने के वर्ष के अनुसार सबसे पुराने से नवीनतम के सही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. परकोटा, जयपुर शहर

b. जंतर-मंतर, जयपुर

c. केवलादेव घना पक्षी अभयारण्य, भरतपुर

d. राजस्थान के 6 पहाड़ी दुर्ग (चित्तौड़गढ़, आमेर आदि)

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) b, c, d, a (B) c, b, d, a

(C) c, d, b, a (D) d, c, b, a

**4. निम्नलिखित शाही छतरियों (स्मारकों) और उनसे संबंधित राजपरिवार/स्थान को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (छतरी/स्मारक) | सूची-2 (स्थान/राजवंश) |
|---|---|
| a. गैटोर की छतरियाँ | 1. बीकानेर के राजाओं की समाधियाँ |
| b. बड़ा बाग की छतरियाँ | 2. बूँदी के राजाओं की छतरियाँ |
| c. क्षार बाग की छतरियाँ | 3. जयपुर के कच्छवाह शासकों की छतरियाँ |
| d. देवकुण्ड की छतरियाँ | 4. जैसलमेर के भाटी राजवंश की छतरियाँ |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2

(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

**5. राजस्थान की बावड़ियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथन का चयन कीजिए-**

(A) बाटाडू का कुआँ बालोतरा में स्थित है, जिसे 'रेगिस्तान का जलमहल'' कहा जाता है।

(B) चाँद बावड़ी (आभानेरी) 8वीं सदी में गुर्जर-प्रतिहार शैली में निर्मित राज्य की सबसे कलात्मक बावड़ी है।

(C) रानीजी की बावड़ी का निर्माण राव राजा अनिरुद्ध की रानी लाड कंवर नाथावत जी द्वारा 1699 में बूँदी में करवाया गया।

(D) चमना बावड़ी का निर्माण महाराणा राजसिंह की पत्नी रानी रामरसदे द्वारा उदयपुर में करवाया गया।

**6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:**

**अभिकथन (A):** कुम्भलगढ़ दुर्ग की बाहरी दीवार को द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है।

**कारण (R):** इस दुर्ग की दीवार 36 किलोमीटर लंबी और इतनी चौड़ी है कि उस पर एक साथ आठ घुड़सवार चल सकते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है

(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**7. राजस्थान के विशिष्ट मंदिरों और उनके स्थानों को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (मंदिर की विशेषता) | सूची-2 (स्थान) |
|---|---|
| a. भारत का एकमात्र लक्ष्मण मंदिर | 1. कैथून (कोटा) |
| b. भारत का एकमात्र विभीषण मंदिर | 2. गलता (जयपुर) |
| c. गणेशजी का नारी रूप में मंदिर (मंदाकिनी मंदिर) | 3. भरतपुर |
| d. सूर्य मंदिर (जयपुर का बनारस) | 4. बिजोलिया (भीलवाड़ा) |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-1, b-3, c-2, d-4

(C) a-3, b-1, c-2, d-4 (D) a-4, b-2, c-1, d-3

**8. देलवाड़ा (माउंट आबू) के जैन मंदिरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. विमलशाह मंदिर का निर्माण चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री **विमलशाह** द्वारा 1031 ई. में करवाया गया।
2. विमलशाही मंदिर 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ को समर्पित है।
3. लूणवशाही मंदिर का निर्माण 1230 ई. में वास्तुपाल और तेजपाल द्वारा करवाया गया।
4. ये मंदिर सोलंकी (मारु-गुर्जर) वास्तुकला शैली का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

**उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4

(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

# 2 राजस्थान में चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ [Various Styles of Painting in Rajasthan]

**1. किशनगढ़ चित्रकला शैली के संदर्भ में दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**

**अभिकथन (A):** किशनगढ़ चित्रकला को ''कागजी शैली'' के नाम से भी जाना जाता है।

**कारण (R):** इस शैली के अधिकांश चित्र कागज की वसली पर निर्मित किए गए हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**2. राजस्थान की चित्रकला शैलियों और उनके प्रमुख चित्रकारों को सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (चित्रकार) | List-2 (चित्रकला शैली) |
|---|---|
| a. कमला और इलायची | 1. बीकानेर शैली |
| b. साहिबराम और लालचंद | 2. देवगढ़ शैली |
| c. अली रजा और हसन | 3. नाथद्वारा शैली |
| d. बगता और चोखा | 4. जयपुर शैली |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-3, b-1, c-4, d-2
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**3. मेवाड़ चित्रकला स्कूल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 1260 ई. का श्रावकप्रतिक्रमण सूत्रचूर्णि मेवाड़ शैली का सबसे प्राचीन चित्रित ग्रंथ है।
2. चावंड शैली में रागमाला (1605 ई.) का चित्रण महाराणा प्रताप के शासनकाल में निसारदीन द्वारा किया गया।
3. महाराणा जगतसिंह प्रथम ने राजमहल में चितेरों की ओवरी नामक चित्रशाला की स्थापना की।
4. गीत गोविंद सार चित्र ग्रंथ का संबंध मेवाड़ शैली से है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं? नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. राजस्थानी चित्रकला के ऐतिहासिक ग्रंथों/चित्रों को उनके निर्माण वर्ष के आधार पर सबसे प्राचीन से नवीनतम के सही कालानुक्रम में व्यवस्थित करें:**

a. श्रावकप्रतिक्रमण सूत्रचूर्णि (मेवाड़)
b. यशोधरा चरित्र (आमेर)
c. रागमाला चित्रावली (मारवाड़ - वीरजी द्वारा)
d. सुपानसाह चरियम् (देलवाड़ा)

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) a, d, b, c (B) a, b, d, c
(C) d, a, c, b (D) a, d, c, b

**5. हाड़ौती स्कूल की चित्रकला शैलियों की विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कूट सही है/हैं?**

1. बूँदी शैली में पशु-पक्षियों का और उमड़ते काले बादलों का मनोहारी चित्रण हुआ है।
2. कोटा शैली में शिकार के दृश्यों की प्रधानता है, जिसमें रानियों को भी शिकार करते हुए दर्शाया गया है।
3. राव उम्मेद सिंह द्वारा निर्मित बूँदी की चित्रशाला को भित्ति चित्रों का स्वर्ग कहा जाता है।
4. कोटा शैली पर वल्लभ संप्रदाय का प्रभाव महाराज भीमसिंह के समय देखा गया।

**कूट:** (A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**6. विभिन्न चित्रकला शैलियों और उनकी विशिष्ट पहचान/विशेषताओं को सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (चित्रकला शैली) | List-2 (विशिष्ट विशेषता) |
|---|---|
| a. अलवर शैली | 1. पारदर्शी वेशभूषा व बुझे हुए रंगों का उपयोग |
| b. नागौर शैली | 2. चित्रकारों द्वारा चित्रों पर नाम और तिथि अंकित करना |
| c. बीकानेर शैली | 3. वेश्याओं के चित्रों का अंकन |
| d. जैसलमेर शैली | 4. मूमल का प्रमुख चित्रण व केवल स्थानीय प्रभाव |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-2, d-4 (B) a-1, b-3, c-4, d-2
(C) a-3, b-2, c-1, d-4 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**7. राजस्थान की लोक चित्रण परम्पराओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(A) सांझी श्राद्ध-पक्ष में कुंवारी कन्याओं द्वारा गोबर से बनाई जाती है, जिसे माता पार्वती का रूप माना जाता है।

(B) कावड़ लकड़ी की एक मंदिरनुमा कलाकृति है, जिसके निर्माण में चित्तौड़गढ़ के बस्सी गाँव का खैरादी समुदाय प्रसिद्ध है।

(C) वील का निर्माण पूर्वी राजस्थान में किया जाता है, जिसमें देवी-देवताओं के चित्र कागज पर प्रतिष्ठापित किए जाते हैं।

(D) फड़ चित्रण शाहपुरा (भीलवाड़ा) के छीपा जाति के जोशी चित्रकारों द्वारा मोटे सूती कपड़े पर किया जाता है।

**8. जयपुर चित्रकला शैली के संदर्भ में दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**

**अभिकथन (A):** जयपुर शैली राजस्थान की एकमात्र ऐसी शैली है जो मुगल शैली से अत्यधिक प्रभावित थी।

**कारण (R):** कच्छवाहा शासकों और मुगलों के बीच राजनीतिक संबंधों के कारण आमेर में पहली बार आलागीला आरायश (फ्रेस्को बूनो) पद्धति की शुरुआत हुई।

# 3 राजस्थान में प्रमुख हस्तशिल्प [Major Handicrafts in Rajasthan]

**1. राजस्थान की प्रमुख पॉटरी कलाओं और उनके प्रसिद्ध केन्द्रों के संदर्भ में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–**

| List–1 (पॉटरी के प्रकार) | List–2 (प्रसिद्ध केन्द्र) |
|---|---|
| a. ब्लैक पॉटरी | 1. बीकानेर |
| b. सुनहरी पॉटरी | 2. अलवर |
| c. कागजी पॉटरी | 3. जैसलमेर |
| d. पोकरण पॉटरी | 4. कोटा |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**2. थेवा कला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. यह लगभग 500 वर्ष पुरानी कला है जो प्रतापगढ़ के सोनी परिवार तक ही सीमित है।
2. इसमें रंगीन बेल्जियम काँच पर सोने की बारीक कारीगरी की जाती है।
3. काँच पर सोने की पतली वर्क के बारीक जाल को थारणा कहा जाता है।
4. इस कला को एनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटेनिका में दर्ज किया गया है और 2014 में जी.आई. टैग प्राप्त हुआ।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं
(B) केवल 2, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 1 और 4 सही हैं
(D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**3. दाबू प्रिंट में प्रयुक्त दाबू (लुगदी/लई) और उसके स्थानों को सुमेलित कीजिए–**

| List–1 (दाबू की सामग्री) | List–2 (प्रसिद्ध स्थान) |
|---|---|
| a. मिट्टी व गोंद का दाबू | 1. सवाई माधोपुर |
| b. मोम का दाबू | 2. सांगानेर व बगरू |
| c. केवल मिट्टी का दाबू | 3. अकोला |
| d. गेहूँ के बीज का दाबू | 4. बालोतरा |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-1, b-3, c-2, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-1, c-3, d-2

**4. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए–**
**अभिकथन (A):** कोटा डोरिया को भौगोलिक चिह्नीकरण (G.I. टैग) प्राप्त करने वाली राजस्थान की प्रथम हस्तकला माना जाता है।
**कारण (R):** इसे उत्पादन के लिए वर्ष 2006 में और लोगो (LOGO) के लिए वर्ष 2011 में जी.आई. टैग प्राप्त हुआ।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**5. हस्तशिल्प संस्थानों और उनकी स्थापना के वर्षों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**
1. कैमल हाईड ट्रेनिंग सेंटर (बीकानेर) – 1975
2. कुमारप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित कागज संस्थान (सांगानेर) – 1991
3. निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क (बोरानाडा, जोधपुर) – 2003
4. शिल्पग्राम (उदयपुर) – 1961

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1, 2 और 3
(C) केवल 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म हस्तकला और उसके मुख्य केन्द्र के संदर्भ में असंगत है?**
(A) रमकड़ा उद्योग, गलियाकोट (डूंगरपुर)
(B) जट-पट्टियाँ, जसोल (बालोतरा)
(C) खेसला निर्माण, नापासर (बीकानेर)
(D) कावड़कला, बस्सी (चित्तौड़गढ़)

**7. मीनाकारी के विभिन्न केन्द्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**
1. चाँदी पर मीनाकारी का प्रमुख केन्द्र नाथद्वारा (राजसमंद) है।
2. ताँबे पर मीनाकारी का कार्य मुख्य रूप से अलवर में किया जाता है।
3. मार्बल पर मीनाकारी जयपुर में की जाती है।
4. कागज जैसे पत्थर पर मीनाकारी बीकानेर की प्रसिद्ध है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी

**8. हस्तशिल्प की विशिष्ट शब्दावली और उनके अर्थ को सुमेलित कीजिए–**

| List–1 (शब्दावली) | List–2 (विवरण) |
|---|---|
| a. मोकड़ी | 1. कपड़े पर छोटी-छोटी कलात्मक बिंदियाँ लगाना |
| b. कलाबत्तू | 2. लाख से बनी हुई चूड़ियाँ |
| c. मुकेश | 3. चौड़ा व कम चौड़ाई वाला गोटा |
| d. लप्पा-लप्पी | 4. गहनों को पिरोने वाला बारीक धातु का तार |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-2, b-1, c-4, d-3 (D) a-1, b-4, c-2, d-3

**9. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए–**
**अभिकथन (A):** बीकानेर की उस्ता कला को मुनव्वती के नाम से भी जाना जाता है।

# 4 राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा एवं विरासत-वस्त्र एवं आभूषण, रीति-रिवाज [Cultural Tradition and Heritage of Rajasthan-Clothes and Ornaments, Customs]

**1. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (पुरुषों के परिधान) | सूची-2 (विशेषता) |
|---|---|
| a. आतमसुख | 1. विशेष रूप से शिकार के लिए प्रयुक्त खाकी रंग का वस्त्र |
| b. मलागिरी | 2. सर्दियों में पहनने के लिए गले से टखनों तक लंबा रुईदार वस्त्र |
| c. अमोवा | 3. घुड़सवारी के समय चूड़ीदार पायजामे के स्थान पर पहना जाने वाला वस्त्र |
| d. विरजिस | 4. चन्दन की सुगंध में रंगा हुआ भूरा वस्त्र |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**2. आदिवासी महिलाओं के वस्त्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. फड़का कथौड़ी जनजाति की मराठी शैली की साड़ी है।
2. कछावू सहरिया जनजाति की स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला घुटनों तक का वस्त्र है।
3. खुसनी कंजर जाति की महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला कमर तक का चुस्त पायजामा है।
4. रेजा भील जनजाति की कुंवारी कन्याओं द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(A) 1, 2 और 4 (B) 1 और 3
(C) 2, 3 और 4 (D) केवल 1 और 4

**3. जन्म से संबंधित निम्नलिखित संस्कारों को उनके क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:**
a. जातकर्म b. सीमन्तोन्नयन
c. पुंसवन d. निष्क्रमण
e. अन्नप्राशन

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) a, b, c, d, e (B) b, c, a, e, d
(C) c, b, a, d, e (D) c, a, b, e, d

**4. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (आभूषण) | सूची-2 (शरीर का अंग) |
|---|---|
| a. मेमंद | 1. पैर |
| b. टोटी | 2. गला |
| c. तिमणियाँ | 3. कान |
| d. नेवरी | 4. सिर |

**कूट:** (A) a-1, b-3, c-2, d-4 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**5. विवाह से संबंधित रीति-रिवाजों के बारे में असत्य कथन/कथनों का चयन करें:**
1. टूँटीया की रस्म बारात की रवानगी के बाद दूल्हे के परिवार की स्त्रियों द्वारा किए जाने वाले विवाह के स्वांग को कहते हैं।
2. कोथला विवाह के बाद जवाई के ससुराल आने पर उपहार देकर विदा करने की रस्म है।
3. पैसारो तोरण मारते समय दूल्हे द्वारा तलवार की नोक से तोरण को छूने की रस्म है।
4. ओढ़ाण फेरों के बाद बेटी को दिया जाने वाला दहेज कहलाता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 4
(C) केवल 3 (D) 1, 3 और 4

**6. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (आदिवासी रीति-रिवाज) | सूची-2 (अर्थ) |
|---|---|
| a. छेड़ा फाड़ना | 1. चोरी पर जाने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेना |
| b. दापा | 2. हत्या के मामले में आरोपी से हर्जाना लेना |
| c. मौताणा | 3. भगाकर लाई गई युवती के पिता को वधू की कीमत चुकाना |
| d. पाँती मांगना | 4. पत्नी की ओढ़नी का पल्लू फाड़कर तलाक देना |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-2, b-3, c-4, d-1

**7. महिलाओं की ओढ़नियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?**
1. दामणी मारवाड़ में प्रचलित लाल रंग की कशीदाकारी की हुई ओढ़नी है।
2. तारां भाँत की ओढ़नी मुख्य रूप से गरासिया समाज में लोकप्रिय है।
3. कटकी आदिवासी समाज में कुंवारी कन्याओं द्वारा पहनी जाने वाली ओढ़नी है।
4. नांदणा शाहपुरा (भीलवाड़ा) में निर्मित आदिवासी समाज का प्राचीन वस्त्र है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2 और 3 (B) 2 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1 और 3

**8. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (प्रसिद्ध साड़ियाँ) | सूची-2 (संबंधित स्थान) |
|---|---|
| a. स्प्रे पेंटिंग की साड़ियाँ | 1. दीगोद (कोटा) |
| b. फूल की साड़ियाँ | 2. सवाई माधोपुर |
| c. जेनब की साड़ियाँ | 3. जोबनेर (जयपुर) |
| d. सुंठ की साड़ियाँ | 4. नाथद्वारा (राजसमंद) |

# 5 राजस्थान के मेले व त्योहार [Fairs and Festivals of Rajasthan]

**1. सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (त्योहार) | List-2 (आयोजन तिथि) |
|---|---|
| a. गणगौर | 1. श्रावण शुक्ल तृतीया |
| b. छोटी तीज | 2. चैत्र शुक्ल तृतीया |
| c. बछवारस | 3. भाद्रपद कृष्ण षष्ठी |
| d. उबछठ | 4. भाद्रपद कृष्ण द्वादशी |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**कथन (A):** बेणेश्वर मेले को आदिवासियों (जनजातियों) का कुंभ कहा जाता है।
**कारण (R):** इस मेले में राजस्थान, गुजरात और मालवा क्षेत्र के आदिवासी समुदाय बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्थान में खेली जाने वाली होली के विभिन्न प्रकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. भिनाय (अजमेर) में कोड़ामार होली खेली जाती है।
2. बाड़मेर की पत्थर मार होली में ईलोजी की बारात निकाली जाती है जो बाद में रोने-बिलखने में बदल जाती है।
3. बीकानेर में हर्ष और व्यास जातियों के बीच कपड़ा-फाड़ होली खेली जाती है।
4. श्री महावीर जी में लट्ठमार होली का आयोजन होता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2 और 3 सही हैं (B) 2, 3 और 4 सही हैं
(C) 1, 2 और 4 सही हैं (D) 1, 3 और 4 सही हैं

**4. सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (पशु मेला) | List-2 (आयोजन अवधि) |
|---|---|
| a. मल्लीनाथ पशु मेला | 1. श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद अमावस्या तक |
| b. चन्द्रभागा पशु मेला | 2. चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी तक |
| c. वीर तेजाजी पशु मेला | 3. श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तक |
| d. गोगामेड़ी पशु मेला | 4. कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक |

**कूट:** (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-2, b-3, c-1, d-4
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-1, b-4, c-2, d-3

**5. राजस्थान के प्रमुख उर्स के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**
1. ख्वाजा साहब का उर्स रज्जब माह की 1 से 6 तारीख तक अजमेर में आयोजित होता है।
2. नरहड़ के पीर (शंकर पीर बाबा) का उर्स मुहर्रम के अवसर पर भरता है।
3. पंजाब शाह का उर्स अढ़ाई दिन का झोपड़ा मस्जिद में आयोजित होता है।
4. दाऊदी बोहरा मुस्लिम समाज का गलियाकोट उर्स मुहर्रम माह की 27 तारीख को भरता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) केवल 1 और 4 (B) केवल 2
(C) केवल 3 और 4 (D) केवल 2 और 3

**6. हिन्दू कैलेंडर (विक्रमी संवत्) के अनुसार निम्नलिखित त्योहारों को उनके मनाए जाने वाले महीनों के सही कालक्रमानुसार (चैत्र माह से प्रारंभ करते हुए) व्यवस्थित करें:**
a. अक्षय तृतीया b. निर्जला एकादशी
c. हरियाली अमावस्या d. ऋषि पंचमी
e. शरद पूर्णिमा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) a, c, b, d, e (B) a, b, c, d, e
(C) b, a, c, e, d (D) a, b, d, c, e

**7. सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 (मेला) | List-2 (स्थान) |
|---|---|
| a. खलकाणी माता गर्दभ मेला | 1. त्रिकूट पर्वत (करौली) |
| b. कैलादेवी का मेला | 2. केलवाड़ा (बारां) |
| c. सीताबाड़ी का मेला | 3. मांगलियावास (अजमेर) |
| d. कल्प वृक्ष मेला | 4. भावगढ़ बंध्या (जयपुर) |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-3, b-1, c-2, d-4

**8. जैन धर्म के प्रमुख त्योहारों और पर्वों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
1. पर्युषण पर्व भाद्रपद कृष्ण द्वादशी से भाद्रपद शुक्ल पंचमी तक मनाया जाता है।
2. पड़वा ढोक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा पर श्वेताम्बर जैन समाज का क्षमायाचना पर्व है।
3. सुगन्ध दशमी भाद्रपद शुक्ल दशमी को मनाई जाती है।
4. ऋषभ जयंती चैत्र कृष्ण नवमी पर मनाई जाती है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2 और 3 सही हैं (B) 1, 3 और 4 सही हैं
(C) 2, 3 और 4 सही हैं (D) 1, 2, 3 और 4 सही हैं

**9. नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**कथन (A):** राजस्थान में त्योहारों के चक्र के संबंध में कहावत है –

# 6 राजस्थान में लोक संगीत एवं वाद्य यंत्र [Folk Music & Musical Instruments in Rajasthan]

**1. राजस्थान के संस्कार संबंधी लोक गीतों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (लोक गीत) | सूची-2 (अवसर/विशेषता) |
|---|---|
| a. जच्चा | 1. वधू पक्ष की स्त्रियों द्वारा बारात का डेरा देखते समय |
| b. जला | 2. विवाह में समधिनों द्वारा गाए जाने वाले गाली गीत |
| c. सीठणे | 3. वर को नज़र दोष से बचाने के लिए |
| d. कामण | 4. शिशु जन्म के समय गर्भवती महिला की प्रशंसा हेतु |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**2. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्रों (जैसलमेर, बाड़मेर आदि) के लोक गीत ऊँचे स्वरों और लंबी धुनों वाले होते हैं.
**कारण (R):** भौगोलिक रूप से खुले वातावरण का प्रभाव लोकगीतों की लय, ताल और स्वर विस्तार पर पड़ता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्थान के वाद्य यंत्रों और उनके प्रसिद्ध कलाकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. नड़ वाद्य यंत्र के कुशल कलाकार जैसलमेर के करणा भील थे।
2. सुरनाई वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध वादक पेपे खाँ मांगणियार हैं।
3. नगाड़ा वाद्य यंत्र के सिद्धहस्त कलाकार पुष्कर निवासी रामकिशन सोलंकी हैं।
4. भपंग वाद्य यंत्र का जादूगर अलवर के जहूर खां मेवाती को कहा जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. राजस्थानी लोक संगीत से संबंधित विभिन्न जातियों की विशेषताओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (जातियाँ) | सूची-2 (विशेषता/वाद्य यंत्र) |
|---|---|
| a. मिरासी | 1. तेरहताली नृत्य और रामदेव जी की भक्ति |
| b. कामड़ | 2. मारवाड़ क्षेत्र के मुस्लिम सारंगी वादक |
| c. जोगी | 3. रम्मत लोकनाट्य के लिए विख्यात |
| d. रावल | 4. गोपीचंद व भर्तृहरि की जीवनी और इकतारा-सारंगी वादन |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**5. राजस्थान के मृत्यु संबंधी शोक सूचक गीतों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
a. शिशु की मृत्यु पर गाए जाने वाले गीत छेड़े कहलाते हैं।
b. मृत्यु पर गाए जाने वाले सभी प्रकार के शोक सूचक गीतों को सीठणे कहा जाता है।
c. वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु पर गाए जाने वाले गीत हरजस या हर के हिन्दौले कहलाते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) केवल a (B) केवल b
(C) केवल a और c (D) केवल b और c

**6. क्षेत्रीय लोक गीतों को उनके संबंधित क्षेत्र या जनजाति के आधार पर सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (लोक गीत) | सूची-2 (संबंधित क्षेत्र/जनजाति) |
|---|---|
| a. सुंवटिया | 1. हाड़ौती और ढूँढाड़ क्षेत्र |
| b. झोरावा | 2. मारवाड़ क्षेत्र |
| c. कुरंजा | 3. मेवाड़ क्षेत्र |
| d. पंछीड़ा | 4. जैसलमेर क्षेत्र |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-2, c-4, d-1 (D) a-1, b-4, c-2, d-3

**7. निम्नलिखित वाद्य यंत्रों में से कौन-सा समूह केवल तत् वाद्य यंत्रों (तार वाले वाद्यों) को दर्शाता है?**
a. रवाज, दुकाकों, सुरिन्दा b. चौतारा, गूजरी, रबाब
c. मोरचंग, बांकिया, नड़ d. भपंग, चिकारा, अपंग

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) a, b और d (B) a, c और d
(C) केवल b और c (D) a, b, c और d

**8. शास्त्रीय संगीत के प्रमुख घरानों और उनके प्रवर्तकों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (घराना) | सूची-2 (प्रवर्तक) |
|---|---|
| a. मेवाती घराना | 1. सदारंग खाँ |
| b. अतरौली घराना | 2. घग्गे नजीर खाँ |
| c. जयपुर घराना | 3. साहब खाँ व अल्लादिया खाँ |
| d. दिल्ली घराना | 4. मनरंग (भूपत खाँ) |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**9. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** सतारा वाद्य यंत्र में अलगोजे की तरह दो लंबी बाँसुरियाँ होती हैं और आवश्यकतानुसार इसके छिद्रों को बंद कर स्वरों

# 7 राजस्थान के लोक नृत्य एवं नाट्य [Folk Dance and Drama of Rajasthan]

**1. सूची-1 (क्षेत्रीय लोक नृत्य) का सूची-2 (संबंधित क्षेत्र/स्थान) के साथ मिलान करें:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. नाहर नृत्य | 1. मांडल (भीलवाड़ा) |
| b. पेजण नृत्य | 2. वागड़ क्षेत्र |
| c. चारकुला नृत्य | 3. भरतपुर और अलवर |
| d. हरणों नृत्य | 4. मेवाड़ क्षेत्र |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. गरासिया जनजाति के नृत्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. वालर नृत्य गरासिया स्त्री-पुरुषों द्वारा बिना किसी वाद्य यंत्र के धीमी गति से किया जाता है।
2. लूर नृत्य गरासिया स्त्रियों द्वारा वधू पक्ष से रिश्ता मांगते समय किया जाता है।
3. रायण नृत्य गरासिया समुदाय में मांगलिक अवसरों पर केवल स्त्रियों द्वारा किया जाता है।
4. मोरिया नृत्य विवाह के अवसर पर पुरुषों द्वारा किया जाने वाला सामूहिक नृत्य है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 2 और 4 (D) 1, 3 और 4

**3. गवरी लोकनाट्य के संदर्भ में अभिकथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़ें:**

**अभिकथन (A):** गवरी मेवाड़ के भीलों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला एक धार्मिक लोकनाट्य है, जो रक्षाबंधन के अगले दिन से शुरू होकर सवा महीने तक चलता है।

**कारण (R):** यह नाट्य शिव-भस्मासुर की कथा पर आधारित है, जिसमें शिव को पुरिया कहा जाता है और इसमें केवल पुरुष पात्र ही अभिनय करते हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**4. कालबेलिया नृत्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

a. इस नृत्य को 2010 में यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया।
b. शंकरिया नृत्य कालबेलिया समुदाय का एक युगल नृत्य है, जिसमें प्रेमकथा दर्शाई जाती है।
c. बागड़िया नृत्य स्त्रियों द्वारा नेग मांगते समय किया जाता है, जिसे गुलाबो सपेरा ने अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।
d. इस नृत्य में मुख्य वाद्य यंत्र के रूप में बांकिया और थाली का प्रयोग होता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) a, b, c, d (B) a, c, d
(C) a, b, c (D) b, c, d

**5. सूची-1 (राजस्थान की फड़) का सूची-2 (वाद्य यंत्र व भोपे) के साथ मिलान करें:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. पाबूजी की फड़ | 1. रावणहत्था वाद्य यंत्र (नायक जाति के भोपे) |
| b. देवनारायणजी की फड़ | 2. जंतर वाद्य यंत्र (गुर्जर जाति के भोपे) |
| c. रामदला-कृष्णदला की फड़ | 3. बिना किसी वाद्य यंत्र के (भाट भोपे) |
| d. भैंसासुर की फड़ | 4. वाचन नहीं होता (चोरों की फड़) |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-1, b-2, c-3, d-4 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**6. तुर्रा कलंगी ख्याल के संबंध में सही कथन चुनें:**

1. इस ख्याल की रचना लगभग 400 साल पहले मेवाड़ के संत पीर शाह अली और तुकनगीर ने की थी।
2. इसमें तुर्रा को शिव और कलंगी को पार्वती का प्रतीक माना जाता है।
3. इसके संवाद काव्यात्मक होते हैं, जिन्हें बोल कहा जाता है।
4. इस ख्याल की प्रकृति पूरी तरह से व्यावसायिक है और इसे बंद रंगमंच पर खेला जाता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 2, 3 और 4 (B) 1, 2 और 3
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

**7. सूची-1 (ख्याल शैली) का सूची-2 (प्रवर्तक/प्रमुख कलाकार) के साथ मिलान करें:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. कुचामनी ख्याल | 1. लच्छीराम / उगमराज |
| b. शेखावाटी ख्याल | 2. नानूराम / दूलिया राणा |
| c. कन्हैया ख्याल | 3. धवलौराम मीणा |
| d. हेला ख्याल | 4. शायर हेला |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-1, b-2, c-3, d-4

# 8 राजस्थान के धार्मिक आंदोलन : प्रमुख लोक संत एवं सम्प्रदाय [Religious Movements of Rajasthan : Major Folk Saints and Sects]

**1. सूची-1 (संत) को सूची-2 (जन्म स्थान/पीठ) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. संत धन्ना जी | 1. धुवन (टोंक) |
| b. संत हरिदास जी | 2. कापड़ोद (नागौर) |
| c. संत संतदास जी | 3. दांतड़ा (भीलवाड़ा) |
| d. संत भीखन जी | 4. कंटालिया (पाली) |

कूट: (A) a-1, b-2, c-3, d-4 (B) a-2, b-1, c-4, d-3
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. संत पीपा जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. प्रतापसिंह (संत पीपा) झालावाड़ के गागरोण क्षेत्र के शासक थे।
2. अचलदास खींची री वचनिका के अनुसार, इन्होंने दिल्ली के सुल्तान सिकंदर लोदी को युद्ध में हराया था।
3. इनके द्वारा रचित प्रमुख ग्रंथ चितावनी जोग है।
4. बाड़मेर जिले के समदड़ी गाँव में इनका भव्य मंदिर स्थित है, जहाँ दर्जी समाज का विशाल मेला लगता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2 और 3 सही हैं (B) 1, 3 और 4 सही हैं
(C) 2, 3 और 4 सही हैं (D) केवल 1 और 4 सही हैं

**3. अभिकथन (A):** संत जाम्भोजी को पर्यावरण वैज्ञानिक भी कहा जाता है और उन्हें पर्यावरण आंदोलन का प्रथम प्रणेता माना जाता है।
**कारण (R):** जाम्भोजी द्वारा स्थापित विश्नोई संप्रदाय के 29 नियमों में जीवों की रक्षा और वृक्षों के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया है, जिसके लिए प्राण त्याग की प्रेरणा भी दी जाती है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**4. दादूपंथ की शाखाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कूट सही हैं?**
1. खालसा 2. विरक्त
3. उंदरिया 4. खाकी
5. नागा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2, 3, 5 (B) 1, 3, 4, 5
(C) 1, 2, 4, 5 (D) 2, 3, 4, 5

**5. निम्नलिखित संतों को उनके जन्म वर्ष के अनुसार सही कालानुक्रम (पहले से बाद के क्रम) में व्यवस्थित करें:**
a. संत दादू दयाल b. संत जाम्भोजी
c. संत पीपा जी d. संत मावजी
e. संत लालदास जी

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) c, b, e, a, d (B) a, b, c, d, e
(C) c, e, b, a, d (D) b, c, a, e, d

**6. सूची-1 (रामस्नेही संप्रदाय की शाखाएँ) को सूची-2 (संस्थापक) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. शाहपुरा शाखा | 1. संत रामदास जी |
| b. रैण शाखा | 2. संत हरिराम दास जी |
| c. सिंहथल शाखा | 3. संत दरियावजी |
| d. खेड़ापा शाखा | 4. संत रामचरण जी |

कूट: (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**7. संत लालदास जी के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**
1. लालदासी पंथ के अनुयायियों में मुसलमानों की संख्या सर्वाधिक है और मेव मुसलमान इन्हें पीर मानते हैं।
2. लालदासी संतों के लिए भिक्षावृत्ति को उत्तम साधना माना गया है।
3. मुगल शहजादे दारा शिकोह ने संत लालदास से ज्ञान चर्चा की थी।
4. संत लालदास जी का कब्र एवं मकबरा शेरपुर में है, जो इस संप्रदाय का प्रमुख पूजा स्थल है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) केवल 1 और 4

**8. सूची-1 (वल्लभ संप्रदाय की पीठ) को सूची-2 (स्थान) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. मथुरेश जी | 1. कांकरोली (राजसमंद) |
| b. गोकुलचंद जी | 2. नाथद्वारा (राजसमंद) |
| c. द्वारकाधीश जी | 3. कामाँ (डीग) |
| d. विट्ठलनाथ जी | 4. कोटा |

कूट: (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-1, c-2, d-3 (D) a-3, b-4, c-1, d-2

**9. सूची-1 (संप्रदाय) को सूची-2 (प्रमुख ग्रंथ) के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. परनामी संप्रदाय | 1. अणभैवाणी |
| b. निरंजनी संप्रदाय | 2. नवलेश्वर अनुभववाणी |
| c. नवल संप्रदाय | 3. हरिपुरुष की वाणी |
| d. रामस्नेही संप्रदाय | 4. कुलजम स्वरूप |

कूट: (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

# 9 राजस्थान के प्रमुख लोक-देवता एवं देवियाँ [Major Folk Gods and Goddesses of Rajasthan]

**1. सूची-1 (लोक देवता) को सूची-2 (उनके वाहन/घोड़े) के साथ सुमेलित करें:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. पाबूजी | 1. लीलागर |
| b. देवनारायणजी | 2. लीलण (सिंनगारी) |
| c. मेहाजी मांगलिया | 3. केसर कालमी |
| d. वीर तेजाजी | 4. किरड़-काबरा |

कूट: (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-1, b-3, c-2, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**2. बाबा रामदेवजी के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार करें:**

1. इनका जन्म बाड़मेर जिले के शिव तहसील स्थित ऊंडु-कासमेर गाँव में हुआ था।
2. इन्होंने चौबीस वाणियाँ नामक ग्रंथ की रचना की और कुंडा पंथ की स्थापना की।
3. मेघवाल समाज में इनके भक्तों को रिखिया कहा जाता है।
4. इनके मंदिरों पर फहराई जाने वाली पंचरंगी ध्वजा को नेजा कहा जाता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) केवल 1, 2 और 3 सही हैं
(B) केवल 1, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 2, 3 और 4 सही हैं
(D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**3. अभिकथन (A): गोगाजी को ग्रामीण जनमानस द्वारा ''साँपों के देवता'' और ''जाहर पीर'' के रूप में पूजा जाता है।**
**कारण (R): गोगाजी ने अपने मौसेरे भाई अर्जन और सर्जन से गायों की रक्षा करते हुए महमूद गजनवी के साथ भीषण युद्ध किया था।**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है

**4. सूची-1 (लोक देवियाँ) को सूची-2 (मुख्य मंदिर/स्थान) के साथ सुमेलित करें:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. बड़ली माता | 1. कोटा |
| b. भद्राणा माता | 2. अकोला (चित्तौड़गढ़) |
| c. सुन्धा माता | 3. निकुम्भ (चित्तौड़गढ़) |
| d. आवरी माता | 4. जसवंतपुरा (जालौर) |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-3, b-1, c-4, d-2

**5. वीर तेजाजी के जीवन से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

a. इनका जन्म नागौर जिले के खरनाल गाँव में धौल्या गोत्र के जाट परिवार में हुआ।
b. तेजाजी की कर्मस्थली बूंदी जिले का बाँसी दुगारी क्षेत्र माना जाता है।
c. इनकी समाधि सेंदरिया (अजमेर) में स्थित है।
d. प्रतिवर्ष भाद्रपद कृष्ण दशमी को परबतसर में तेजाजी पशु मेला लगता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) केवल a और b (B) केवल c
(C) केवल d (D) केवल c और d

**6. लोक देवताओं के जन्म वर्ष के आधार पर उन्हें प्राचीनतम से नवीनतम के सही कालानुक्रम (Ascending Order) में व्यवस्थित करें:**

a. पाबूजी b. गोगाजी
c. वीर तेजाजी d. देवनारायणजी
e. वीर बिग्गाजी

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) b, c, a, d, e (B) b, a, c, e, d
(C) c, b, a, d, e (D) b, c, d, a, e

**7. सूची-1 (राजवंश/समाज) को सूची-2 (कुलदेवी) के साथ सुमेलित करें:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. खंडेलवाल वैश्य | 1. नारायणी माता |
| b. नाई (सेन) समाज | 2. आई माता |
| c. सीरवी किसान | 3. कैवाय माता |
| d. दहिया राजवंश | 4. सकराय माता |

कूट: (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-1, b-4, c-3, d-2

**8. राजस्थान की प्रमुख लोक देवियों से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प असंगत (In-correct) है?**

(A) शीतला माता - एकमात्र देवी जिनकी खंडित मूर्ति की पूजा की जाती है
(B) घेवर माता - राजसमंद झील की पाल पर मंदिर स्थित है
(C) तनोट माता - इन्हें थार की वैष्णोदेवी और सैनिकों की देवी कहा जाता है
(D) कैला देवी - इनका मंदिर मालखेत पहाड़ी, उदयपुरवाटी में स्थित है

# 10 राजस्थानी भाषा एवं क्षेत्रीय बोलियाँ [Rajasthani Language & Regional Dialects]

**1. राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति के संदर्भ में भाषाविदों और उनके मतों को सुमेलित कीजिए–**

| List–1 (भाषाविद) | List–2 (उत्पत्ति के संदर्भ में मत) |
|---|---|
| a. डॉ. एल.पी. टेस्सीटोरी | 1. नागर अपभ्रंश |
| b. जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन | 2. सौराष्ट्री अपभ्रंश |
| c. मोतीलाल मेनारिया | 3. शौरसैनी अपभ्रंश |
| d. डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी | 4. गुर्जरी अपभ्रंश |

**कूट:** (A) a-3, b-1, c-4, d-2 (B) a-1, b-3, c-2, d-4
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**2. राजस्थानी भाषा की साहित्यिक शैलियों के संदर्भ में निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें–**

**अभिकथन (A):** डिंगल साहित्य का अधिकांश भाग चारण कवियों द्वारा रचित है तथा इसका विकास गुर्जरी अपभ्रंश से हुआ है।

**कारण (R):** पिंगल पश्चिमी राजस्थानी का साहित्यिक रूप है जिसका विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्थान की साहित्यिक संस्थाओं और उनकी पत्रिकाओं/पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. राजस्थान साहित्य अकादमी (उदयपुर) का सर्वोच्च पुरस्कार मीरां पुरस्कार है तथा यह मधुमती पत्रिका प्रकाशित करती है।
2. राजस्थान संस्कृत अकादमी (जयपुर) का सर्वोच्च पुरस्कार माघ पुरस्कार है।
3. राजस्थान सिन्धी भाषा अकादमी (जयपुर) द्वारा नखलिस्तान पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है।
4. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (बीकानेर) द्वारा जागती जोत पत्रिका प्रकाशित की जाती है।

**उपरोक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**

**कूट:** (A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) केवल 1 और 4

**4. राजस्थानी सिनेमा के विकास क्रम से जुड़ी निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**

a. राजस्थानी भाषा की पहली रंगीन फिल्म लाज राखो राणी सती का निर्माण
b. विदेश में प्रदर्शित और पुरस्कृत होने वाली पहली राजस्थानी फिल्म बवंडर का निर्माण
c. राजस्थानी भाषा की पहली बाल फिल्म डूँगर रो भेद का निर्माण
d. राजस्थानी भाषा की पहली फिल्म नजराना का निर्माण

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**

(A) d, a, c, b (B) d, c, a, b
(C) a, d, b, c (D) a, c, d, b

**5. राजस्थानी भाषा की उप–बोलियों और उनकी मुख्य बोलियों को सुमेलित कीजिए–**

| List–1 (उप–बोली) | List–2 (मुख्य बोली) |
|---|---|
| a. धावड़ी | 1. ढूँढ़ाड़ी |
| b. देवड़ावाटी | 2. मालवी |
| c. नागरचोल | 3. मेवाड़ी |
| d. राँगड़ी | 4. मारवाड़ी |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**6. राजस्थानी भाषा और बोलियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. राजस्थानी भाषा का सबसे प्राचीन उपलब्ध ग्रंथ 8वीं शताब्दी में उद्योतन सूरी द्वारा रचित कुवलयमाला है।
2. वागड़ी बोली पर सबसे अधिक प्रभाव गुजराती भाषा का है और जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने इसे भीली बोली की संज्ञा दी है।
3. मालवी और मारवाड़ी की मिश्रित बोली राँगड़ी है जो कर्कश ध्वनि वाली मानी जाती है।
4. हाड़ौती बोली का सर्वप्रथम उल्लेख अबुल फजल ने अपनी पुस्तक आइने–अकबरी में किया था।

**कूट:** (A) केवल 1 और 4 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 4 (D) केवल 1, 3 और 4

**7. राजस्थान की प्रमुख सांस्कृतिक संस्थाओं और उनके संस्थापकों/वास्तुकारों को सुमेलित कीजिए–**

| List–1 (संस्था) | List–2 (संस्थापक/वास्तुकार) |
|---|---|
| a. भारतीय लोक कला मण्डल | 1. कोमल कोठारी |
| b. रूपायन संस्थान | 2. चार्ल्स कोरिया |
| c. जवाहर कला केन्द्र | 3. स्वामी केशवानंद |
| d. सर छोटूराम स्मारक संग्रहालय | 4. देवीलाल सामर |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-3, d-2
(C) a-4, b-2, c-1, d-3 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**8. ढूँढ़ाड़ी भाषा की उप–बोलियों और उनके प्रचलित क्षेत्रों का सही मिलान करें–**

| List–1 (उप–बोली) | List–2 (प्रचलित क्षेत्र) |
|---|---|
| a. तोरावाटी | 1. जयपुर का पूर्वी क्षेत्र एवं दौसा |
| b. काठेड़ी | 2. पश्चिमी सवाईमाधोपुर एवं दक्षिणी टोंक |

# 11 राजस्थानी साहित्य का विकास [Development of Rajasthani Literature]

**1. राजस्थानी साहित्य के प्रमुख ग्रंथों और उनके लेखकों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (ग्रंथ) | सूची-2 (लेखक) |
|---|---|
| a. राजवल्लभ | 1. कान्हा व्यास |
| b. एकलिंगमहात्मय | 2. मण्डन |
| c. राज विनोद | 3. नयनचन्द्र सूरी |
| d. हम्मीर महाकाव्य | 4. सदाशिव भट्ट |

कूट: (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-4, c-1, d-3 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है।**
**अभिकथन (A):** डिंगल शैली में रचित ग्रंथ ''वेलि किसण रुकमणि री'' को कवि दुरसा आढ़ा ने पाँचवां वेद और उन्नीसवां पुराण कहा है।
**कारण (R):** इस ग्रंथ की रचना पृथ्वीराज राठौड़ द्वारा गागरोनगढ़ दुर्ग में की गई थी, जिन्हें टेस्सीटोरी ने डिंगल का हैरोस कहा है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है

**3. राजस्थानी साहित्य के कालखंडों और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. वीरगाथा काल (1050-1450 ई.) में श्रीधर व्यास द्वारा रणमल रा छंद की रचना की गई।
2. पूर्वमध्य काल (भक्ति काल) में माधोदास दधवाड़िया ने रामरासो और ईसरदास ने हरिरस की रचना की।
3. उत्तर मध्यकाल में चारण शैली के वीर रस का सर्वाधिक विकास हुआ।
4. आधुनिक काल में बूंदी के सूर्यमल्ल मीसण और मारवाड़ के बांकीदास ने राष्ट्रप्रेम के विचारों का प्रसार किया।

**उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**4. राजस्थानी साहित्य की विभिन्न विधाओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (विधा) | सूची-2 (विशेषता) |
|---|---|
| a. दवावैत | 1. किसी वंश या व्यक्ति की उपलब्धियों की पद्यबद्ध काव्य रचना |
| b. विगत | 2. उर्दू-फारसी शब्दावली से युक्त कलात्मक राजस्थानी लेखन |
| c. मर्स्या | 3. शासक, राज्य क्षेत्र व जनसंख्या का विस्तृत आर्थिक विवरण |
| d. रूपक | 4. किसी व्यक्ति या राजा की मृत्यु पर शोक प्रकट करने वाली रचना |

कूट: (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**5. कवि कन्हैयालाल सेठिया की साहित्यिक कृतियों के संदर्भ में निम्नलिखित विकल्पों में से सही कूट का चयन कीजिए:**
a. लीलटांस b. पातल और पीतल
c. बातां री फुलवारी d. सबद
e. जमीन रो धणी कुण

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) a, b, d, e (B) a, c, d, e
(C) b, c, d, e (D) a, b, c, d

**6. आधुनिक काल के साहित्यकारों और उनकी रचनाओं के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (साहित्यकार) | सूची-2 (रचना) |
|---|---|
| a. लक्ष्मी कुमारी चूंडावत | 1. सुधि सपनों के तीर |
| b. सत्यप्रकाश जोशी | 2. हुं गोरी किण पीव री |
| c. यादवेन्द्र शर्मा चन्द्र | 3. बोल भारमली |
| d. मणि मधुकर | 4. मांझल रात |

कूट: (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**7. राजस्थानी साहित्य के ग्रंथों और उनकी विषयवस्तु के आधार पर सही सुमेलित युग्मों का चयन कीजिए:**
a. बीसलदेव रासो - बीसलदेव चौहान एवं राजमति की प्रेम कथा
b. अचलदास खींची री वचनिका - गागरोन शासक और होशंगशाह के मध्य युद्ध का वर्णन
c. कान्हड़दे प्रबन्ध - जालौर के सोनगरा चौहानों और अलाउद्दीन खिलजी के मध्य युद्ध
d. खुमाण रासो - करौली के यादव राजवंश का विस्तार से विवरण

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें**
(A) a, b, c (B) b, c, d
(C) a, c, d (D) a, b, d

**8. संस्कृत शैली के प्रमुख ग्रंथों और उनके लेखकों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-1 (ग्रंथ) | सूची-2 (लेखक) |
|---|---|
| a. अमरसार | 1. महाकवि माघ |
| b. प्रबन्ध कोष | 2. कर्मचन्द्र |
| c. शिशुपालवध | 3. पं. जीवाधर |
| d. वंशोत्कीर्तनकम्-काव्यम् | 4. राजशेखर |

# 1 राज्यपाल [Governor]

**1. राज्यपाल की नियुक्ति एवं योग्यताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. संविधान के अनुच्छेद 157 के अनुसार राज्यपाल पद के लिए न्यूनतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए।
2. अनुच्छेद 158(1) के अनुसार राज्यपाल संसद या राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं हो सकता।
3. अनुच्छेद 155 के तहत राज्यपाल की नियुक्ति राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है।
4. 7वें संविधान संशोधन (1956) के द्वारा एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त करने का प्रावधान किया गया।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**2. सूची–1 (अनुच्छेद) को सूची–2 (प्रावधान) से सुमेलित कीजिए:**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| a. अनुच्छेद 153 | 1. राज्य की कार्यपालिका शक्ति |
| b. अनुच्छेद 154 | 2. प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल |
| c. अनुच्छेद 161 | 3. राज्य का महाधिवक्ता |
| d. अनुच्छेद 165 | 4. क्षमादान की शक्ति |

**कूट:** (A) a-2, b-1, c-4, d-3 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
(C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-4, b-3, c-1, d-2

**3. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए:**
**अभिकथन (A):** संविधान के तहत राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है, परंतु उसे मनमाने आधार पर पद से नहीं हटाया जा सकता।
**कारण (R):** बी.पी. सिंघल बनाम भारत संघ (2010) मामले में सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने यह निर्धारित किया था कि राज्यपाल को हटाने के लिए ठोस एवं युक्तिसंगत आधार होने चाहिए।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**4. राजस्थान के राज्यपाल किन संस्थाओं/समितियों के पदेन अध्यक्ष या संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं?**
1. पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (उदयपुर)
2. राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड
3. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग
4. राजस्थान स्काउट व गाइड
5. राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) 1, 2, 3 और 5 (B) 1, 2, 4 और 5
(C) 1, 3, 4 और 5 (D) 2, 3, 4 और 5

**5. सूची–1 (विद्वान/नेता) को सूची–2 (राज्यपाल के पद से संबंधित उद्धरण) से सुमेलित कीजिए:**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| a. सरोजिनी नायडू | 1. ''राज्यपाल का पद केवल वेतन का आकर्षण है।'' |
| b. विजयलक्ष्मी पंडित | 2. ''राज्यपाल संवैधानिक औचित्य का प्रहरी है।..'' |
| c. के.एम. मुंशी | 3. ''राज्यपाल एक सूझबूझ वाला परामर्शदाता और राज्य में शांति का महत्त्वपूर्ण स्तंभ है।'' |
| d. एम.वी. पायली | 4. ''राज्यपाल का पद सोने के पिंजरे में बंद चिड़िया के समान है।'' |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-1, b-4, c-3, d-2 (D) a-2, b-1, c-4, d-3

**6. सूची–1 (राजस्थान के राज्यपाल) को सूची–2 (संबंधित विशेष तथ्य) से सुमेलित कीजिए:**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| a. श्री गुरुमुख निहाल सिंह | 1. पद पर रहते हुए निधन होने वाले प्रथम राज्यपाल |
| b. श्री जोगिन्दर सिंह | 2. 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले राज्यपाल |
| c. श्री दरबारा सिंह | 3. राजस्थान के प्रथम राज्यपाल एवं सर्वाधिक लंबा कार्यकाल |
| d. श्री कल्याण सिंह | 4. पद से त्यागपत्र देने वाले प्रथम राज्यपाल |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-3, b-1, c-4, d-2
(C) a-4, b-3, c-2, d-1 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**7. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए:**
**अभिकथन (A):** मृत्युदंड के मामलों में राज्यपाल को क्षमादान (पूर्ण माफी) का अधिकार प्राप्त नहीं है, यह शक्ति केवल राष्ट्रपति के पास है।
**कारण (R):** संविधान के अंतर्गत राज्यपाल राज्य के कानूनों के तहत दोषियों की सजा में प्रविलंबन, विराम, परिहार या लघुकरण (जैसे मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलना) कर सकता है, लेकिन मृत्युदंड को पूर्णतः क्षमा करने का अधिकार उसे नहीं दिया गया है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

# 2 मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद [Chief Minister and State Council of Ministers]

**1. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें: अभिकथन (A):** राज्य मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या विधानसभा के कुल सदस्यों के 15% से अधिक नहीं हो सकती।
**कारण (R):** 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के तहत मंत्रिपरिषद का आकार सीमित किया गया है, जिसके अनुसार यह संख्या न्यूनतम 12 होनी चाहिए।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**2. मंत्रिपरिषद और मंत्रिमण्डल (Cabinet) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. मूल संविधान में मंत्रिमण्डल (Cabinet) शब्द का कोई उल्लेख नहीं था, इसे 44वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया।
2. मंत्रिपरिषद का आकार 91वें संशोधन द्वारा सीमित किया गया है, जबकि मंत्रिमण्डल के आकार पर कोई प्रतिबंध नहीं है।
3. मंत्रिण्डल की बैठकें नियमित रूप से होती हैं, जबकि मंत्रिपरिषद की बैठकें सामान्यतः नहीं होतीं, केवल आवश्यकतानुसार बुलाई जाती हैं।
4. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य अनिवार्य रूप से मंत्रिमण्डल का हिस्सा होते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**
(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**3. राजस्थान के निम्नलिखित उपमुख्यमंत्रियों को उनके कार्यकाल के अनुसार सही कालानुक्रमिक क्रम (पहले से बाद) में व्यवस्थित कीजिए:**
a. श्रीमती कमला बेनीवाल b. श्री हरिशंकर भाभड़ा
c. श्री बनवारीलाल बैरवा d. श्री सचिन पायलट
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) b, c, a, d (B) a, c, b, d
(C) b, a, c, d (D) c, a, b, d

**4. छाया मंत्रिमंडल (Shadow Cabinet) और किचन कैबिनेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. छाया मंत्रिमंडल सत्तारूढ़ दल द्वारा अपने ही विभागों पर नियंत्रण रखने के लिए गठित किया जाता है।
2. राजस्थान में सबसे पहले 13वीं विधानसभा में विपक्षी दल भाजपा द्वारा वसुंधरा राजे के नेतृत्व में छाया मंत्रिमंडल का गठन किया गया था।
3. किचन कैबिनेट एक औपचारिक संवैधानिक समूह है जिसमें केवल कैबिनेट मंत्री ही शामिल हो सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन गलत है/हैं?**
(A) केवल 1 (B) 1 और 3
(C) केवल 2 (D) 2 और 3

**5. अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें:**
**अभिकथन (A):** संसदीय सचिवों की नियुक्ति से मंत्रिपरिषद के आकार की 15% की संवैधानिक सीमा का उल्लंघन नहीं होता है।
**कारण (R):** संसदीय सचिवों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है और उन्हें पद की शपथ भी राज्यपाल ही दिलाते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**6. संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों और उनके प्रावधानों का सही मिलान कीजिए:**

| | सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|---|
| a. | अनुच्छेद 163 | 1. मुख्यमंत्री द्वारा राज्यपाल को सूचना प्रदान करने का दायित्व |
| b. | अनुच्छेद 164(2) | 2. राज्य सरकार द्वारा कार्यवाही का संचालन |
| c. | अनुच्छेद 166 | 3. मंत्रिपरिषद का विधानसभा के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व |
| d. | अनुच्छेद 167 | 4. मंत्रिपरिषद द्वारा राज्यपाल को सहायता एवं सलाह |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-2, c-3, d-1 (D) a-2, b-3, c-4, d-1

**7. राजस्थान के उन मुख्यमंत्रियों का चयन कीजिए जो अपने राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भी आसीन रहे हैं:**
a. जयनारायण व्यास b. हरिदेव जोशी
c. हीरालाल देवपुरा d. भैरोसिंह शेखावत
e. अशोक गहलोत
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, d, e (B) a, b, c, e
(C) b, c, d, e (D) a, c, d, e

**8. राजस्थान के उपमुख्यमंत्रियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन असत्य है/हैं?**
1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 164 में उपमुख्यमंत्री के पद का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।
2. 1952 के आम चुनावों से अब तक राजस्थान में कुल 7 उपमुख्यमंत्री नियुक्त हुए हैं।

# 3 राज्य विधानसभा [State Legislative Assembly]

**1. विधान परिषद के गठन और समाप्ति के संदर्भ में नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें –**

**अभिकथन (A):** संसद किसी भी राज्य में विधान परिषद की स्थापना या समाप्ति कर सकती है।

**कारण (R):** संसद ऐसा तभी कर सकती है जब संबंधित राज्य की विधानसभा ने अपनी संपूर्ण सदस्य संख्या के बहुमत और उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया हो।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**2. राज्य विधानमंडल से संबंधित अनुच्छेदों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-1 (अनुच्छेद)** | **सूची-2 (प्रावधान)** |
|---|---|
| a. अनुच्छेद 169 | 1. राज्यों के विधानमंडलों की अवधि |
| b. अनुच्छेद 170 | 2. राज्यों में विधान परिषदों का उत्सादन या सृजन |
| c. अनुच्छेद 171 | 3. विधानसभाओं की संरचना |
| d. अनुच्छेद 172 | 4. विधान परिषदों की संरचना |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**3. विधान परिषद के सदस्यों के निर्वाचक मंडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. कुल सदस्य संख्या का 1/3 हिस्सा राज्य की नगरपालिकाओं, जिला बोर्डों और स्थानीय संस्थाओं द्वारा चुना जाता है।
2. 1/12 सदस्य ऐसे अध्यापकों के निर्वाचक मंडल द्वारा चुने जाते हैं जो माध्यमिक या उच्च शिक्षण संस्थानों में तीन वर्षों से पढ़ा रहे हों।
3. विधान परिषद के कुल सदस्यों में से 5/6 सदस्यों का मनोनयन राज्यपाल द्वारा किया जाता है तथा 1/6 सदस्यों का निर्वाचन होता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें –**

(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**4. स्वतंत्रता के बाद राजस्थान के प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल (शुरुआत से) का सही कालानुक्रमिक क्रम चुनें:**

a. टीकाराम पालीवाल b. हीरालाल शास्त्री
c. जयनारायण व्यास d. सी.एस. वेंकटाचारी

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) b, d, c, a (B) b, c, d, a
(C) c, d, b, a (D) d, b, a, c

**5. राजस्थान की प्रथम विधानसभा (1952-57) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. प्रथम आम चुनावों में विधानसभा की कुल 160 सीटें थीं।
2. चुनाव में 4 महिला उम्मीदवारों ने भाग लिया और सभी ने जीत दर्ज की।
3. रामराज्य परिषद 24 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी।
4. प्रथम विधानसभा की पहली बैठक 29 मार्च 1952 को आयोजित हुई।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 2 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 4 (D) केवल 4

**6. राजस्थान की विभिन्न विधानसभाओं और उनके प्रोटेम स्पीकर के संदर्भ में सूची-1 और सूची-2 को सुमेलित करें:**

| **सूची-1 (विधानसभा)** | **सूची-2 (प्रोटेम स्पीकर)** |
|---|---|
| a. प्रथम विधानसभा | 1. देवीसिंह भाटी |
| b. सातवीं विधानसभा | 2. कालीचरण सर्राफ |
| c. तेरहवीं विधानसभा | 3. महाराज संग्राम सिंह |
| d. सोलहवीं विधानसभा | 4. परसराम मदेरणा |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**7. राज्य विधानसभा के कार्यकाल के विषय में दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) का परीक्षण करें:**

**अभिकथन (A):** आंतरिक आपातकाल (1975-77) के दौरान राज्य विधानसभा का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दिया गया था।

**कारण (R):** 42वें संविधान संशोधन द्वारा विधानसभा के कार्यकाल में यह वृद्धि की गई थी, जिसे बाद में वापस 5 वर्ष कर दिया गया।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**8. राजस्थान की चौथी विधानसभा (1967-72) से जुड़े निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इस विधानसभा में सीटों की संख्या बढ़ाकर 184 कर दी गई।
2. पहली बार कांग्रेस स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में विफल रही जिससे त्रिशंकु विधानसभा का गठन हुआ।

# 4 राजस्थान उच्च न्यायालय [Rajasthan High Court]

**1. राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्नलिखित मुख्य न्यायाधीशों को उनके कार्यकाल के अनुसार सही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. न्यायमूर्ति डी.एस. दवे b. न्यायमूर्ति सरजू प्रसाद
c. न्यायमूर्ति के.के. वर्मा d. न्यायमूर्ति कैलाश नाथ बांचू

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) c, d, b, a (B) c, b, d, a
(C) a, b, c, d (D) d, c, a, b

**2. उच्च न्यायालय के अनुच्छेदों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. उच्च न्यायालय का अभिलेख न्यायालय होना | 1. अनुच्छेद 223 |
| b. न्यायाधीशों का वेतन | 2. अनुच्छेद 226 |
| c. कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति | 3. अनुच्छेद 215 |
| d. विशेष याचिकाएँ (रिट) जारी करने की शक्ति | 4. अनुच्छेद 221 |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-1, d-2 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-3, b-1, c-4, d-2 (D) a-2, b-4, c-1, d-3

**3. राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना और उसकी पीठों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. ''राजस्थान उच्च न्यायालय अध्यादेश-1949 के तहत रियासती न्यायालयों को समाप्त कर जोधपुर में एकीकृत उच्च न्यायालय स्थापित किया गया।
2. पी. सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश के आधार पर 1958 में जयपुर पीठ को समाप्त कर दिया गया था।
3. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा-51 के तहत 31 जनवरी, 1977 को पुनः जयपुर में स्थायी पीठ की स्थापना की गई।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**4. नीचे दिए गए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है।**

**अभिकथन (A):** वित्तीय आपातकाल को छोड़कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन में उनके कार्यकाल के दौरान कोई अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

**कारण (R):** उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का वेतन संबंधित राज्य की संचित निधि से दिया जाता है और इसे संसद द्वारा निर्धारित किया जाता है ताकि न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**5. राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर खंडपीठ के अधिकार क्षेत्र में आने वाले जिलों की पहचान करें:**

1. अजमेर 2. बीकानेर
3. धौलपुर 4. उदयपुर
5. दौसा

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 5
(C) 2, 4 और 5 (D) 3, 4 और 5

**6. राजस्थान की न्यायिक संस्थाओं एवं उनके स्थापना स्थल के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| a. राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी | 1. बस्सी (जयपुर) |
| b. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण | 2. झालामंड (जोधपुर) |
| c. राजस्थान का पहला ग्राम न्यायालय | 3. जयपुर |
| d. उच्च न्यायालय मुख्य पीठ का नया भवन | 4. जोधपुर |

**कूट:** (A) a-4, b-3, c-1, d-2 (B) a-3, b-4, c-2, d-1
(C) a-2, b-1, c-4, d-3 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**7. नीचे दिए गए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है।**

**अभिकथन (A):** उच्च न्यायालय की रिट जारी करने की शक्ति उच्चतम न्यायालय की तुलना में अधिक विस्तृत है।

**कारण (R):** उच्चतम न्यायालय अनुच्छेद 32 के तहत केवल मूल अधिकारों के उल्लंघन पर रिट जारी कर सकता है, जबकि उच्च न्यायालय अनुच्छेद 226 के तहत मूल अधिकारों के साथ-साथ अन्य अधिकारों के लिए भी रिट जारी कर सकता है।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**8. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की शक्तियों एवं प्रावधानों की तुलना के संदर्भ में निम्नलिखित कूट पर विचार करें और सही कथनों का चयन करें:**

1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का वेतन भारत की संचित निधि से, जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पेंशन संघ की संचित निधि से दी जाती है।
2. उच्चतम न्यायालय के पास अपने अधीनस्थ न्यायालयों के अधीक्षण की शक्ति प्राप्त होती है।

# 5 राज्य सचिवालय एवं मुख्य सचिव [State Secretariat and Chief Secretary]

**1. राजस्थान में राज्य सचिवालय और प्रशासनिक सुधारों से संबंधित सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (आयोग/समिति/तथ्य) | सूची-2 (वर्ष/अध्यक्ष) |
|---|---|
| a. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग | 1. 1973 |
| b. जी.के. भनोत समिति | 2. शिवचरण माथुर |
| c. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग | 3. हरिश्चन्द्र माथुर |
| d. मुख्य सचिव पद का मानकीकरण | 4. 1992 |

**कूट:** (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-1, c-2, d-4 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**2. सचिवालय और निदेशालय (कार्यकारी विभाग) के मध्य अंतर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. सचिवालय एक सूत्र अभिकरण (Line Agency) के रूप में कार्य करता है, जबकि निदेशालय स्टॉफ अभिकरण (Staff Agency) है।
2. प्रत्येक सचिवालय विभाग का प्रमुख एक विशेषज्ञ अधिकारी होता है, जबकि निदेशालय का प्रमुख सामान्यज्ञ अधिकारी होता है।
3. सचिवालय का मंत्रियों से सीधा संपर्क होता है, जबकि निदेशालय का मंत्रियों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**3. नीचे दिए गए दो कथनों में से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दिया गया है:**
**अभिकथन (A):** मुख्य सचिव के पद का कोई निश्चित कार्यकाल निर्धारित नहीं है तथा यह कार्यकाल प्रणाली से अलग है।
**कारण (R):** प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा मुख्य सचिव का कार्यकाल 3 से 4 वर्ष रखने की सिफारिश की गई थी, जिसे स्वीकार नहीं किया गया और पुरानी प्रणाली जारी रखी गई।
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**4. राज्य सचिवालय के संगठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संविधान के अनुच्छेद 154(1) के तहत राज्य की समस्त कार्यपालिका शक्तियाँ मुख्यमंत्री में निहित होती हैं।
2. राज्य प्रशासन का वास्तविक मुखिया मुख्यमंत्री होता है, जो सचिवालय को भी नियंत्रित करता है।
3. किसी भी राज्य के सचिवालय में कितने विभाग होंगे, इसका निर्धारण मुख्य सचिव द्वारा किया जाता है।
4. कार्यकारी विभाग के प्रमुख को विभागाध्यक्ष (निदेशक, आयुक्त आदि) कहा जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(A) 1, 2 और 3 (B) 2 और 4
(C) 1 और 4 (D) 2, 3 और 4

**5. राज्य सचिवालय के प्रशासनिक अधिकारियों और उनकी विशिष्ट भूमिकाओं को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (अधिकारी) | सूची-2 (विशिष्ट कार्य/भूमिका) |
|---|---|
| a. अनुभाग अधिकारी | 1. विभाग के निश्चित विषयों का स्वतंत्र प्रभार |
| b. उप सचिव | 2. विभाग की रीढ़ की हड्डी (यह तय करना कि कार्य कैसे किया जाए) |
| c. अवर/सहायक सचिव | 3. अपने समूह (ग्रुप) का प्रभारी अधिकारी |
| d. विशेष सचिव | 4. प्रस्तुत मामले से संबंधित तथ्यों और दस्तावेजों की संलग्नता सुनिश्चित करना |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**6. मुख्य सचिव (Chief Secretary) के कार्यों और शक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. वह मंत्रिमंडल का सदस्य न होते हुए भी उसकी बैठकों में भाग लेता है और कार्यसूची तैयार करता है।
2. वह अंतर्विभागीय विवादों के समाधान के लिए गठित समन्वयन समिति का अध्यक्ष होता है।
3. वह केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले मुख्य सचिवों के वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता करता है।
4. राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने पर वह केंद्र सरकार की ओर से राज्यपाल के सलाहकार का पद संभालता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) केवल 1 और 2

**7. राजस्थान के मुख्य सचिवों के विशिष्ट तथ्यों को सुमेलित कीजिए:**

| सूची-1 (मुख्य सचिव) | सूची-2 (विशिष्ट तथ्य) |
|---|---|
| a. श्रीमती कुशल सिंह | 1. प्रथम अनुसूचित जाति (SC) के मुख्य सचिव |
| b. श्री ओमप्रकाश मीणा | 2. मुख्य सचिव के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल |

# 6 जिला प्रशासन [District Administration]

**1. जिला कलेक्टर के संदर्भ में दिए गए कथनों और संबंधित विचारकों को सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| a. संस्थागत करिश्मा | 1. के.के. दास |
| b. कछुए की उपमा | 2. अटल बिहारी वाजपेयी |
| c. प्रशासन की धुरी | 3. रजनी कोठारी |
| d. विशेष अधिकारी | 4. रेमजे मेकडोनॉल्ड |

कूट: (A) a-3, b-4, c-2, d-1 (B) a-4, b-3, c-1, d-2
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**2. संभागीय आयुक्त के संदर्भ में नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए–**

अभिकथन (A): संभागीय आयुक्त को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 75(i)(च) और 76(ग) के अंतर्गत राजस्व मामलों में अपील सुनने का अधिकार प्राप्त है।

कारण (R): संभागीय आयुक्त जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करता है और कार्मिक प्रशासन के अंतर्गत जिला कलेक्टर का वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन भरता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

**3. राजस्व मण्डल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. राजस्व मण्डल की स्थापना 1 नवम्बर 1949 को की गई थी।
2. इसका मुख्यालय जयपुर में है और सर्किट बेंच अजमेर में स्थित है।
3. इसमें एक अध्यक्ष के अलावा कम से कम 3 और अधिकतम 20 सदस्य हो सकते हैं।
4. 'राविरा राजस्व मंडल द्वारा प्रकाशित एक मासिक पत्रिका है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें –**

(A) केवल 1 और 3 (B) 1, 2 और 3
(C) केवल 2 और 4 (D) 1, 3 और 4

**4. उपखण्ड अधिकारी (S.D.M.) के कार्यों के बारे में सत्य कथनों का चयन कीजिए–**

1. S.D.M. को पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों (गिरदावर) पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की शक्ति प्राप्त होती है।
2. वह प्रतिवर्ष प्रत्येक तहसील में सदर कानूनगो के अभिलेखों का 1/3 भाग स्वयं देखता है।
3. उससे साल में 80 दिन और 60 रातें मुख्यालय से बाहर बिताना अनिवार्य है।
4. वह लोकसभा चुनावों के लिए उप-चुनाव अधिकारी और विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य करता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**5. तहसीलदार की भूमिका और कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. तहसीलदार तहसील क्षेत्र का उप-राजकोष अधिकारी होता है।
2. संपत्ति के क्रय-विक्रय पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी के लिए तहसीलदार उप-पंजीयक अधिकारी का कार्य भी करता है।
3. तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की नियुक्ति जिला कलेक्टर द्वारा की जाती है।
4. चीनी, सीमेंट और मिट्टी के तेल जैसी वस्तुओं की राशनिंग की जिम्मेदारी तहसीलदार पर होती है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें –**

(A) 1, 2 और 4 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**6. राजस्थान में स्थित पटवारी प्रशिक्षण केंद्रों और उनके संबंधित जिलों को सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 (प्रशिक्षण केंद्र) | सूची–2 (जिला) |
|---|---|
| a. देवखेड़ा | 1. उदयपुर |
| b. देबारी | 2. अलवर |
| c. राजसिंहपुर | 3. श्रीगंगानगर |
| d. सर्वदेशी राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय | 4. टोंक |

कूट: (A) a-2, b-1, c-3, d-4 (B) a-1, b-2, c-4, d-3
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**7. पटवारी के प्रमुख कार्यों और कर्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. पटवारी ग्राम पंचायत की बैठकों में सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से उपस्थिति देता है।
2. वह अपने पटवार मंडल की कृषि स्थिति की रिपोर्ट सीधे संभागीय आयुक्त को प्रस्तुत करता है।
3. सरकार के सर्वेयर द्वारा बनाए गए चिह्नों को कायम रखना पटवारी का दायित्व है।
4. अनुशासन बनाए रखने के लिए गिरदावर द्वारा पटवारी का नियमित निरीक्षण किया जाता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) 1, 2 और 4 (D) केवल 2 और 4

**8. जिला प्रशासन और उससे जुड़ी भौगोलिक एवं जनसांख्यिकीय इकाइयों को आरोही (नीचे से ऊपर) क्रम में व्यवस्थित कीजिए–**

# 7 राजस्थान के विभिन्न आयोग एवं संस्थाएँ [Various Commissions and Institutions of Rajasthan]

**1. राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के ऐतिहासिक गठन और सदस्य संख्या के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. 16 अगस्त 1949 को RPSC की स्थापना के लिए अध्यादेश जारी किया गया, जो 20 अगस्त 1949 को प्रकाशित हुआ।
2. सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश पर 1958 में इसका कार्यालय अजमेर स्थानांतरित किया गया।
3. स्थापना के समय आयोग में 1 अध्यक्ष और 3 सदस्य थे।
4. 14 जुलाई 2025 के कैबिनेट निर्णय के अनुसार आयोग में सदस्यों की कुल संख्या 10 निर्धारित की गई है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1, 2 और 4 सही हैं
(B) केवल 2 और 4 सही हैं
(C) केवल 1, 2 और 3 सही हैं
(D) 1, 2, 3 और 4 सभी सही हैं

**2. राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के अध्यक्षों और उनकी विशेषताओं को सुमेलित कीजिए–**

| **List–1 (अध्यक्ष)** | **List–2 (विशेषता)** |
|---|---|
| a. डी. एस. तिवारी | 1. सबसे छोटा कार्यकाल (सिर्फ 37 दिन) |
| b. पी. एस. यादव | 2. प्रथम पूर्णकालिक अध्यक्ष |
| c. एस. सी. त्रिपाठी | 3. RPSC के पहले अध्यक्ष और मुख्य न्यायाधीश |
| d. डॉ. एस. के. घोष | 4. सबसे लंबा कार्यकाल |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-4, b-2, c-1, d-3
(C) a-3, b-1, c-2, d-4 (D) a-2, b-4, c-3, d-1

**3. राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयुक्तों को उनके कार्यकाल के अनुसार सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**

a. अमर सिंह राठौड़ b. राम लुभाया
c. इन्द्रजीत खन्ना d. प्रेमसिंह मेहरा
e. एन. आर. भसीन

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**

(A) a, e, c, b, d (B) a, c, e, b, d
(C) a, e, c, d, b (D) a, b, c, e, d

**4. राजस्थान लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित पदाधिकारियों पर विचार कीजिए–**

1. मुख्यमंत्री 2. जिला प्रमुख
3. सरपंच और वार्ड पंच 4. नगर पालिका के अध्यक्ष
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

**उपरोक्त में से कौन लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार से बाहर (जांच के दायरे में नहीं) हैं?**

(A) 1, 3 और 5 (B) 1, 2 और 4
(C) 2, 3 और 5 (D) 3, 4 और 5

**5. विभिन्न आयोगों और उनके संवैधानिक/वैधानिक प्रावधानों को सुमेलित कीजिए–**

| **List–1 (संस्था)** | **List–2 (प्रावधान / अनुच्छेद)** |
|---|---|
| a. राज्य वित्त आयोग | 1. अनुच्छेद 243 (K) |
| b. राज्य निर्वाचन आयोग | 2. अनुच्छेद 165 |
| c. राज्य का महाधिवक्ता | 3. सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 15 |
| d. राज्य सूचना आयोग | 4. अनुच्छेद 243 (I) |

**कूट:** (A) a-4, b-1, c-2, d-3 (B) a-1, b-4, c-2, d-3
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-2, b-3, c-1, d-4

**6. राज्य मानवाधिकार आयोग की अधिकारिता और शक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

a. आयोग केवल राज्य सूची और समवर्ती सूची से संबंधित मामलों की जांच कर सकता है।
b. आयोग उन मामलों की जांच कर सकता है जिन्हें घटित हुए 2 वर्ष हो चुके हैं.
c. जांच के दौरान आयोग को सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त होती हैं.
d. आयोग सैन्य बलों द्वारा किए गए मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच कर सकता है।

**उपरोक्त में से सही कथन हैं –**

(A) a, b, c (B) a, c
(C) b, d (D) a, c, d

**7. राजस्थान के विभिन्न आयोगों और उनकी स्थापना तिथि/वर्ष को सुमेलित कीजिए–**

| **List–1 (आयोग)** | **List–2 (स्थापना)** |
|---|---|
| a. राजस्थान राज्य महिला आयोग | 1. 1 अक्टूबर 1949 |
| b. राजस्थान राज्य सूचना आयोग | 2. 15 मई 1999 |
| c. राजस्थान में लोकायुक्त | 3. 18 अप्रैल 2006 |
| d. महालेखाकार कार्यालय | 4. 28 अगस्त 1973 |

**कूट:** (A) a-2, b-3, c-4, d-1 (B) a-3, b-2, c-1, d-4
(C) a-2, b-4, c-3, d-1 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

**8. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

**अभिकथन (A):** राजस्थान राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के कार्यकाल एवं वेतन का निर्धारण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

**कारण (R):** ''सूचना का अधिकार संशोधन अधिनियम-2019'' के तहत कार्यकाल और वेतन निर्धारण की शक्तियां केंद्र सरकार को सौंप दी गई हैं।

**कूट:** (A) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

# 8 स्थानीय स्वशासन-पंचायती राज एवं नगरीय स्वशासन [Local Self Government - Panchayati Raj & Urban Local-Self Government]

**1. पंचायती राज से संबंधित समितियों और उनकी प्रमुख सिफारिशों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. जी.वी.के. राव समिति | 1. प्रत्यक्ष लोकतंत्र की मूर्ति (ग्राम सभा को महत्त्व) |
| b. अशोक मेहता समिति | 2. पंचायतों को बिना जड़ की घास करार दिया |
| c. एल.एम. सिंघवी समिति | 3. पंचायतों को संघ सरकार का विषय मानना |
| d. पी.के. थुंगन समिति | 4. विकास पंचायत से अलग न्याय पंचायत की स्थापना |

कूट: (A) a-2, b-4, c-1, d-3 (B) a-4, b-2, c-3, d-1
(C) a-2, b-1, c-4, d-3 (D) a-1, b-3, c-2, d-4

**2. 73वें संविधान संशोधन और राजस्थान में इसके क्रियान्वयन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम सम्पूर्ण भारत में 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ।
2. राजस्थान में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम-1994 के रूप में इसे 23 अप्रैल 1994 को लागू किया गया।
3. राजस्थान में पंचायती राज नियम 1996 में लागू किए गए।
4. वर्ष 2005 में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में संशोधन कर स्थायी समितियों के गठन का प्रावधान जोड़ा गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**3. पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों और उन्हें त्यागपत्र सौंपने वाले अधिकारियों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. जिला प्रमुख | 1. जिला प्रमुख |
| b. प्रधान | 2. विकास अधिकारी (B.D.O.) |
| c. सरपंच | 3. संभागीय आयुक्त |
| d. पंचायत समिति सदस्य | 4. प्रधान |

कूट: (A) a-1, b-3, c-2, d-4 (B) a-3, b-1, c-2, d-4
(C) a-3, b-4, c-2, d-1 (D) a-2, b-1, c-3, d-4

**4. ग्राम सभा के गठन और उसकी बैठकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

1. ग्राम सभा में गाँव के सभी पंजीकृत वयस्क नागरिक शामिल होते हैं।
2. ग्राम सभा की बैठक की शुरुआत के लिए कुल सदस्य संख्या का कम से कम 10% (गणपूर्ति) उपस्थित होना आवश्यक है।
3. सरपंच और उप-सरपंच दोनों की अनुपस्थिति में ग्राम विकास अधिकारी (V.D.O.) ग्राम सभा की बैठक की अध्यक्षता करता है।
4. ग्राम सभा की वर्ष में 4 बैठकें निर्धारित हैं, किन्तु न्यूनतम 2 बैठकें होना अनिवार्य है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) केवल 3 और 4 (D) केवल 4

**5. राजस्थान सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के लिए गठित समितियों को उनकी प्रमुख सिफारिशों के साथ सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. सादिक अली समिति (1964) | 1. 11वीं अनुसूची के सभी 29 विषयों को पंचायतों को सौंपना |
| b. गिरधारी लाल व्यास समिति (1973) | 2. पंचायती राज संस्थाओं को प्रभावी बनाने के उपाय |
| c. हरलाल खर्रा समिति (1990) | 3. प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामसेवक की नियुक्ति |
| d. कटारिया समिति (2009) | 4. प्रधान और जिला प्रमुख के चुनाव हेतु वृहत्तर निर्वाचक मंडल |

कूट: (A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-3, b-4, c-1, d-2
(C) a-4, b-1, c-3, d-2 (D) a-2, b-3, c-4, d-1

**6. 2 अक्टूबर 2010 से राजस्थान सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को निम्नलिखित में से कौन-से 5 विषय हस्तांतरित किए गए हैं?**

a. प्राथमिक शिक्षा b. ग्रामीण विद्युतीकरण
c. कृषि d. महिला और बाल विकास
e. सार्वजनिक वितरण प्रणाली f. चिकित्सा और स्वास्थ्य
g. सामाजिक न्याय और अधिकारिता

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें –**
(A) a, b, d, e, g (B) a, c, d, f, g
(C) b, c, e, f, g (D) a, c, d, e, f

**7. नगरीय निकायों/संस्थाओं और उनके प्रशासनिक प्रमुखों के संदर्भ में सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए:**

| List-1 | List-2 |
|---|---|
| a. नगर निगम | 1. आयुक्त (कमिश्नर) |
| b. नगर परिषद | 2. अधिशासी अधिकारी (E.O.) |
| c. नगरपालिका | 3. सेना का मुख्य अधिकारी |
| d. छावनी मंडल | 4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी (C.E.O.) |

# 9 लोकनीति; विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार पत्र [Public Policy; Legal Rights and Citizen's Charter]

**1. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के ऐतिहासिक और वैधानिक संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. इस अधिनियम के लागू होने से पहले राजस्थान सहित देश के नौ राज्यों में सूचना का अधिकार कानून लागू था।
2. राजस्थान में यह कानून पहली बार वर्ष 2001 में लागू किया गया था।
3. विश्व में सूचना का अधिकार सर्वप्रथम 1766 में स्वीडन में लागू किया गया था।
4. RTI एक्ट 2005 ने पूर्ववर्ती सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम, 2002 को निरस्त कर उसका स्थान लिया।

**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सही हैं?**

(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**2. घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत भावनात्मक हिंसा (Emotional Violence) में निम्नलिखित में से कौन–से कृत्य शामिल हैं?**

1. अपमान करना या चरित्र पर दोषारोपण लगाना
2. नौकरी छोड़ने पर मजबूर करना
3. बाँझ या डायन जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना
4. इच्छित कार्य न करने पर आत्महत्या की धमकी देना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**3. माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 में वर्ष 2019 में किए गए संशोधनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

1. बालक की परिभाषा में सौतेले और दत्तक बच्चे, बहु और दामाद को शामिल किया गया।
2. माता–पिता की परिभाषा में सास–ससुर, दादा–दादी और नाना–नानी को भी जोड़ दिया गया।
3. भरण–पोषण की परिभाषा में भोजन, कपड़े के साथ–साथ स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा को जोड़ा गया।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनें –**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**4. शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act), 2009 के अध्यायों और उनके विषयों के संबंध में सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 (अध्याय) | सूची–2 (विषय) |
|---|---|
| a. अध्याय–2 | 1. विद्यालयों और शिक्षकों के उत्तरदायित्व |
| b. अध्याय–3 | 2. बालकों के अधिकारों का संरक्षण |
| c. अध्याय–4 | 3. निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार |
| d. अध्याय–6 | 4. समुचित सरकार, स्थानीय प्राधिकारी और माता–पिता के कर्तव्य |

**कूट:** (A) a–3, b–4, c–1, d–2 (B) a–4, b–3, c–2, d–1
(C) a–3, b–1, c–4, d–2 (D) a–1, b–4, c–3, d–2

**5. राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 की अपील और दंड प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. सेवा प्रदान न होने पर प्रथम अपील अधिकारी को 30 दिन के भीतर अपील की जा सकती है।
2. सेवाएँ प्रदान न करने पर अधिकारी पर 500 से 5000 रुपये तक का आर्थिक दंड लगाया जा सकता है।
3. सेवा में अनावश्यक देरी होने पर 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अधिकतम 5000 रुपये का दंड तय है।

**उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन गलत है/हैं?**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 3 (D) 1 और 3

**6. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 के तहत निर्धारित समय सीमाओं को सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 (प्रक्रिया) | सूची–2 (समय सीमा) |
|---|---|
| a. लोक सुनवाई अधिकारी द्वारा शिकायत का निस्तारण | 1. निर्णय के 30 दिनों के भीतर |
| b. प्रथम अपील की वैधानिक अवधि | 2. 15 दिनों के भीतर |
| c. प्रथम अपील अधिकारी द्वारा अपील का निस्तारण | 3. आदेश के 60 दिनों के भीतर |
| d. निर्दिष्ट प्राधिकारी को पुनरीक्षण (Revision) आवेदन | 4. 21 दिनों के भीतर |

**कूट:** (A) a–2, b–1, c–4, d–3 (B) a–1, b–2, c–3, d–4
(C) a–2, b–4, c–1, d–3 (D) a–4, b–1, c–2, d–3

**7. POCSO अधिनियम में 2019 में किए गए प्रमुख संशोधनों और प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए–**

1. 12 वर्ष से कम आयु की बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में अधिकतम सजा को उम्रकैद से बढ़ाकर फाँसी कर दिया गया है।
2. 12 से 16 वर्ष तक की बच्ची के साथ बलात्कार की न्यूनतम सजा 10 वर्ष से घटाकर 7 वर्ष कर दी गई है।
3. बालक की शारीरिक परिपक्वता बढ़ाने के लिए दवा/रसायन का उपयोग कर हमला करना गुरुतर लैंगिक प्रवेशन हमला माना जाता है।
4. लैंगिक अपराध की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना न देने पर 6 माह के कारावास का प्रावधान है।

**सही कूट का चयन करें–**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

वसूलने का कारण (R) पूर्णतः गलत है।

**25. (D)**
- ❖ POCSO अधिनियम **अनुच्छेद 15(3)** के आधार पर निर्मित है।
- ❖ बाल कल्याण संस्थाएं **जागरूकता फैलाती हैं, शिकायत दर्ज कराती हैं और चिकित्सा सेवाएं** उपलब्ध कराती हैं।
- ❖ अपराध की जानकारी होने पर नागरिक का कर्तव्य है कि वह **'तुरंत (निकटतम पुलिस थाने में)** सूचना दे। ऐसा न करने पर **6 माह के कारावास** का स्पष्ट दंडात्मक प्रावधान है (30 दिन की कोई छूट सीमा नहीं है)।

**26. (B)**
- ❖ सुलह के प्रयास के दौरान **धन संबंधी समझौता (Monetary Settlement) पूर्णतः प्रतिबंधित (स्वीकार नहीं)** है।
- ❖ IPC धारा 509 के तहत मामला दर्ज कराने पर समिति **7 दिनों के भीतर** पुलिस को सूचित करती है।
- ❖ जांच पूरी करने की अवधि **90 दिन** है।
- ❖ समिति हर वर्ष **वार्षिक रिपोर्ट** नियोजक और जिला अधिकारी को सौंपती है।

**27. (A)**
- ❖ **विशाखा बनाम राजस्थान सरकार (1997)** मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिन्हें **विशाखा निर्देश** कहा जाता है।
- ❖ यह निर्णय महिलाओं की समानता (**अनुच्छेद 14**) और स्वतंत्रता (**अनुच्छेद 19**) तथा गरिमा की रक्षा पर आधारित था, जो इस अधिनियम का मुख्य आधार बना।

**28. (D)**
- ❖ **घरेलू नातेदारी** उन दो व्यक्तियों के बीच का संबंध है जो एक ही साझी गृहस्थी में रहते हों या पहले कभी रहे हों।
- ❖ इसमें **रक्त संबंध, वैवाहिक संबंध, दत्तक संबंध (सौतेला), और विवाह के समान संबंध (लिव-इन रिलेशनशिप)** सभी को विधिक रूप से शामिल किया गया है।

**29. (C)**
- ❖ राज्य सरकार द्वारा उपखंड स्तर पर **उपखंड अधिकारी (SDO)** या उच्च अधिकारी की अध्यक्षता में अधिकरण का गठन किया जाता है।
- ❖ अधिकरण मासिक भत्ता तय करते समय **बालक/नातेदार की आय को भी ध्यान में रखता है** (विशेषकर 2019 के संशोधन के बाद माता-पिता और बच्चों की आय के आधार पर राशि तय की जाती है)।

**30. (A)**
- ❖ **धारा-22:** विद्यालय विकास योजना (School Development Plan) का निर्माण।
- ❖ **धारा-29:** प्रारम्भिक शिक्षा का पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रिया।
- ❖ **धारा-30:** परीक्षा का आयोजन और प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करना।
- ❖ **धारा-35:** सरकार द्वारा निर्देश जारी करने की शक्ति।

**31. (B)**
- ❖ **लैंगिक उत्पीड़न** में न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष का कारावास होता है।
- ❖ अश्लील प्रयोजन हेतु बालक का चित्रण करने पर न्यूनतम 3 वर्ष और **अधिकतम 5 वर्ष** का कारावास है (7 वर्ष नहीं)।
- ❖ **गुरुतर लैंगिक प्रवेशन हमला** तब होता है जब ऐसा हमला करने वाला व्यक्ति गुरुतर लैंगिक हमले के लिए उत्तरदायी हो या इस कृत्य से **बालक की मृत्यु** हो जाए।

**32. (A)**
- ❖ भारत में सिटीजन चार्टर का आधार **24 मई 1997 के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की नौ-सूत्रीय कार्य योजना'** है, जिसका उद्देश्य प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना था।
- ❖ इसी प्रेरणा से राज्य स्तर पर कदम उठाए गए और **राजस्थान में पहला चार्टर 1998 में खाद्य और आपूर्ति विभाग** द्वारा तथा 1999 में राजस्व मंडल द्वारा लागू किया गया।

**33. (A)**
- ❖ **राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम:** 14 नवंबर 2011 को लागू किया गया।
- ❖ **राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम:** 1 अगस्त 2012 से पूरे राजस्थान में लागू।
- ❖ **घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005:** भारतीय संसद द्वारा 13 सितंबर 2005 को पारित।
- ❖ **RTE Act, 2009:** जम्मू-कश्मीर को छोड़कर पूरे भारत में 1 अप्रैल 2010 से लागू।

**34. (D)**
- ❖ अधिनियम के तहत नागरिकों को रिकॉर्ड का **निरीक्षण करने** और उसकी **प्रतिलिपि** प्राप्त करने का अधिकार है।
- ❖ निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री के **नमूने (Samples) लेने** का अधिकार भी स्पष्ट रूप से दिया गया है।
- ❖ सूचना को इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप जैसे **वीडियो, ऑडियो या कैसेट** में प्राप्त करना भी इस अधिकार के अंतर्गत शामिल है।

**35. (D)**
- ❖ POCSO अधिनियम बालकों को विशेष सुरक्षा और अधिकार देता है।
- ❖ इसमें **शिकायत का अधिकार, आपातकालीन चिकित्सा सहायता, मैत्रीपूर्ण न्यायिक कार्यवाही (बंद कमरे में सुनवाई, गरिमापूर्ण प्रश्न)**, तथा **क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार** सभी पूर्ण रूप से समाहित हैं।

**36. (B)**
- ❖ आंतरिक परिवाद समिति (ICC) के सदस्यों का कार्यकाल नामांकन की तिथि से **अधिकतम 3 वर्षों** का होता है (न कि 5 वर्ष)।
- ❖ दोनों समितियों (ICC और LCC) के लिए **हर कैलेंडर वर्ष में वार्षिक रिपोर्ट** तैयार करना अनिवार्य है।
- ❖ **जिला अधिकारी** द्वारा LCC का गठन 10 से कम कर्मचारियों वाले संस्थानों के लिए किया जाता है।

**37. (A)**
- ❖ सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय **विशाखा बनाम राजस्थान सरकार (1997)** मामले में आया था।
- ❖ न्यायालय ने इसे महिलाओं के **अनुच्छेद 14 और 19 के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन** माना।
- ❖ इन्हीं निर्देशों के आधार पर **'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध अधिनियम, 2013** लागू किया गया था (न कि घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005)। अतः तीसरा कथन गलत है।

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें













# DAKSH PUBLICATIONS

(A Unit of College Book Centre)

A-19, Sethi Colony, Jaipur (Raj.)

Contact : 98291-49659

Code No. D-977 | ₹ 550/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★